सण की वेसण?

नाताळच्या गळचेपीचा विषय पक्षीय राजकारणापुरता वापरणे योग्य नाहीच. त्यापेक्षा मोठा प्रश्न असा की संस्कृती म्हणजे काय याविषयीची समज आपल्याला कितपत उरली आहे?

पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांनी काहीही केले तरी टीकाकार सज्जच असतात, हे अर्धसत्य. त्याच्या पुढला भाग असा की, प्रसंगी मोदी यांनी काहीच केले नाही तरीसुद्धा टीका होऊ शकते. त्याहीपुढले पूर्णसत्य असे की, राजकारणातील व्यक्ती कशात लक्ष घालताहेत आणि कशाकडे दुर्लक्ष करताहेत, यावर अनेकांची नजर असते. लोकशाही मूल्यांचा प्रसार जगभर झाल्यानंतर हे असे कोणत्याही देशात होणारच. या वास्तवाचा प्रत्यय यंदाच्या नाताळदिनी आला. मोदी दिल्लीतल्या एका चर्चमध्ये जाऊन नाताळच्या प्रातःप्रार्थना सभेत सहभागी झाले. त्या चर्चचे प्रमुख पाद्री रेव्हरंड पॉल स्वरूप यांनी 'विशेषतः पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांना या महान देशाचे नेतृत्व करण्यासाठी उदंड बळ देण्या'साठी जाहीरपणे प्रार्थना करूनच 'आमेन' म्हटले. यावर टीकाकारांचे म्हणणे असे की, ख्रिस्ती मतदारसंख्या अधिक असलेल्या केरळसारख्या राज्यात विधानसभा निवडणूक तोंडावर असल्यामुळेच मोदींनी चर्चमध्ये जाण्याचे राजकारण केले. पण ही अशीच टीका दिवाळी साजरी करणाऱ्या पाश्चात्त्य राष्ट्रप्रमुख वा सरकारप्रमुखांवरही होऊ शकते. दुसरीकडे, पश्चिम बंगालच्या ममता बॅनर्जीदेखील कोलकात्यातील चर्चमध्ये नाताळप्रार्थनेस उपस्थित राहिल्या, तेव्हा त्यांच्यावर टीका झाली ती लांगूलचालनाची. तो शब्द मोदींबाबत कुणी वापरलेला नाही. पण मोदींवर दुर्लक्षाचा आरोपही नाताळदिनीच होणे हा केवळ टीकाकारांचा कोतेपणा की ते आपल्या राजकारणाचेच अवलक्षण याची चर्चा होणे आवश्यक.

याचे कारण दुर्लक्षाचा आरोप ज्या विषयाबद्दल झाला त्यातून उमगणारे आहे. हा विषय देशभरात ठिकठिकाणी नाताळ साजरा करू पाहणाऱ्यांवर झालेल्या हल्ल्यांचा. हे हल्ले फक्त केरळ, राजस्थान, छत्तीसगड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश आणि आसाम अशा आठच- म्हणजे एकचतुर्थांश राज्यांत झाले आणि त्यात कोणीच जीव गमावलेला नाही, उर्वरित भारतात नाताळ नेहमीसारखाच साजरा झाला- यावर समाधान मानता येत नाही; कारण अगदी थोड्या ठिकाणी नेमके हल्ले करणे हेच तर दहशतीचे तंत्र म्हणून यशस्वी होत असते. हल्ले कोणी केले, त्यांचा संबंध भाजपशी दूरान्वयाने तरी जोडता येतो की नाही, या साऱ्या नंतरच्या गोष्टी. टीकाकार फक्त पक्षीय विचार करत असतील, तर तो त्यांचा कोतेपणाच. 'मोदी यावर गप्प कसे' म्हणणाऱ्यांना दिल्लीच्या वेशीवरले शेतकरी आंदोलन, कोविडकाळात अनेक श्रमिकांना मूळ गावी जाण्यासाठी करावी लागलेली पायपीट असे कोणतेही निमित्त पुरेसे ठरते. पण नाताळची गाणी- कॅरोल- गाणाऱ्यांवरचा केरळमधला हल्ला, राजस्थानात विद्यार्थ्यांना नाताळ साजरा करण्याची सक्ती केल्याचा आरोप शिक्षकांवर करून तेथे घातला गेलेला गोंधळ, आसाम आणि छत्तीसगड येथे नाताळच्या सजावटीची नासधूस, मध्य प्रदेशातील जबलपूर शहरात अंध महिला चर्चमधून परत येत असताना तिच्याशी केले गेलेले अपमानास्पद वर्तन आणि झाबुआ जिल्ह्यातील चर्चेसना निव्वळ कॅरोल गाऊन नाताळ साजरा करण्यासाठी परवानगी नाकारल्याने कोर्टबाजी करावी लागणे, उत्तर प्रदेशात नाताळची सुटी राज्य सरकारने बंद करणे आणि त्या राज्यातील गाझियाबादमध्ये चर्चमध्ये गेलेल्या दाम्पत्याला भर चौकात दमदाटी, ओडिशातील भुवनेश्वरच्या रस्त्यावरील कुणा विक्रेत्याला सान्ताक्लॉजच्या टोप्यांची विक्री बंद करायला लावणे... यापैकी काही प्रकारांशी भाजपचे गल्लीपुरते नेते, काहींशी बजरंग दलासारख्या संघटना तर काहींशी खुद्द प्रशासकीय यंत्रणांचा संबंध असला तरीही नाताळच्या गळचेपीचा विषय केवळ पक्षीय राजकारणापुरता वापरणे योग्य नाहीच.

> **जिथे जिथे माणूसपणाचे निरनिराळे रंग मान्य असतात, तिथे तिथे निकोप संस्कृतीचा प्रत्यय येतो...**

ही गळचेपी एका सणाची आहे, सण साजरे करण्याच्या ऊर्मीचीही आहे. चर्चमध्ये गेले म्हणून काही कुणाचा धर्म बुडत नाही हा मूकसंदेश मोदींनी आज दिला, त्याआधी अनेक व्यक्तींनी अनेकदा तो दिला असूनही धर्मांतराविषयीच्या आरोपांवरून कायदा हातात घेण्यासाठी नेमका नाताळचा मुहूर्तच शोधून या सणावर काहीजण घाला घालत आहेत. यातून निर्माण होणारा प्रश्न निव्वळ कुणा पक्षाला, कुणा संघटनांना दूषणे देऊन संपणारा नाही. कारण एकतर असे बोल अनेकदा लावले गेले आहेत आणि दुसरे म्हणजे कदाचित त्यातूनच, आपला राजकीय अजेंडा यशस्वी होत असल्याची खात्री या संघटनांना पटते आहे. पण प्रश्न केवळ या संघटनांपुरता नसून तो संस्कृती म्हणजे काय याविषयीची समज आपल्याकडे उरली आहे की नाही, नसेल तर कधी येणार, हादेखील आहे.

'आपले आपल्याकडेच ठेवणे ही प्रकृती, दुसऱ्याचेही ओरबाडून घेणे ही विकृती आणि आपले दुसऱ्याला वाटून देणे ही संस्कृती' हे वाक्य संस्कृतीची व्याख्या म्हणून फक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघाची बौद्धिके घेणारेच ऐकवतात असे नाही. संघाच्या वाऱ्यालाही उभे न राहिलेल्यांनासुद्धा संस्कृतीतले 'दुसऱ्यां'ना स्थान असल्याची जाणीव असते. मुळात संस्कृती या शब्दातला 'सं' हा सगळे मिळून, एकत्रितपणे, पूर्णपणे अशाच अर्थाचा आहे - हा 'सं' उपसर्गच संवाद, संमती आदी शब्दांत आहे हा व्याकरणाचा भाग माहीत नसला तरी आनंद वाटून घ्यावा एवढे शहाणपण सर्वांकडे आपसूक असते. ती प्रेरणा हा माणूसपणाचा गाभा असतो. हे माणूसपण एका गावातले, एकाच प्रकारच्या समाजातले न राहता जागतिक असल्याची जाणीव वाढू लागली ती मात्र बाजारविस्तारामुळे. बाजार देवाणघेवाणीवर आधारित. तिथे कोणी अटी-तटीला येणे बाकीच्या सर्वांसाठी गैरसोयीचे असले, तर अटींना मुरड घालावीच लागते. मानवतेच्या उच्च मूल्यांसाठी वगैरे नसली, तरी बाजाराची गरज म्हणून अशी मुरड घालण्याचे प्रकार जगभरच्या राजकारणातही दिसतात. त्याकडे फक्त धार्मिक अंगाने पाहणे भोळसट म्हणावे की लबाड, या प्रश्नाइतकाच फक्त राजकारण म्हणून पाहणे हे संशयग्रस्ततेचे लक्षण म्हणावे की भोटपणाचे, हाही प्रश्न ग्राह्य मानावा लागेल. त्या प्रश्नांवरचा खल वेळोवेळी व्हावाच. पण त्याहीपेक्षा संस्कृतीचे सर्वव्यापीपण लक्षात घ्यावे.

ते सोप्या शब्दांत असे की, बाजार काय किंवा राजकारण काय, यांमागच्या प्रेरणांपेक्षा संस्कृतीची प्रेरणा मोठी असते. बाजार आणि राजकारण एकमेकांच्या साथीने वाढतात, यात नवल नाही. कारण त्या दोहोंमागच्या प्रेरणा तात्कालिक यशातून पुढली बेगमी करू पाहणाऱ्या ठरतात. आताशा बाजाराने साऱ्या सणांच्या सजावटीचा मक्ता चीनकडे गेला, राजकारणापायी गणपती/ दसरा/ गुढीपाडवा यांसारख्या सणांचे 'महा'करण होऊ लागले अशा स्टेरॉइड संप्रेरकांपायी संस्कृतीच सुजल्यासारखी वाटते हे खरे. पण संस्कृतीच्या शाश्वत वाढीसाठी मूलभूत असते ती एकमेकांसह राहण्याची, सुखदुःख वाटून घेण्याची, दुसऱ्याच्या आशाआकांक्षांचा आदर करण्याची प्रेरणा. अशी प्रेरणा भारतभूमीत कधीपासूनचीच रुजलेली आहे, म्हणून तर ताजमहाल बांधणाऱ्या शहाजहानने फारुखाबादला गंगेवर घाट बांधवून घेतला आणि औरंगजेबाकडून मारला गेलेल्या दारा शुकोहने उपनिषदांचा फारसी तर्जुमा केला; म्हणून तर अगदी गेल्या पिढीपर्यंत बजरंगबली की जय म्हणत तालमीत घुमणारे कैक तरुण मोहरमच्या मिरवणुकीत अंगाला पिवडी फासून वाघ झाले; म्हणून तर हिंदू धर्म जातीपातींमध्ये बंदिस्त केला गेला असूनसुद्धा वासुदेव, पोतराज, जोगतीण अशा भिक्षेकऱ्यांना कुणी वंचित ठेवले नाही... अशी उदाहरणे प्रत्येक वाचकाला स्वानुभवातून सुचतील. त्यासाठी 'हीच आपली संस्कृती' असे दावे करणाऱ्या व्हॉट्सॲप फॉरवर्डांवर अवलंबून राहावे लागणार नाही.

वाटून घेणे, दुसऱ्याचे अस्तित्व मान्य करणे हे संस्कृतीचे वैशिष्ट्य केवळ भारतापुरते नसून वैश्विक आहे. जगात अन्यत्रही जिथे जिथे माणूसपणाचे निरनिराळे रंग मान्य असतात, तिथे तिथे निकोप संस्कृतीचा प्रत्यय येतो. संस्कृती म्हणजे आमचीच, आमच्यापुरतीच, आम्ही म्हणू तीच, असा हेका धरणाऱ्यांचा रासवटपणा लपत नाही. सणांवर घाला घालणाऱ्या या रासवटांना वेसण घालण्याचे काम कायदा-सुव्यवस्था राखणाऱ्यांचे आहेच, पण त्या हेक्यातला सांस्कृतिक पोकळपणा लोकांनी ओळखल्याशिवाय त्या प्रवृत्तीला वेसण बसणार नाही.

तळटीपा

आसाराम लोमटे
लेखक साहित्य अकादमी पुरस्कारप्राप्त साहित्यिक आहेत.
aasaramlomte@gmail.com

अवघा रंग एक झाला...

> 'काळ सारावा चिंतने' या तुकोबांच्या वचनाने हा 'तळटीपा' नोंदवण्याचा प्रवास सुरू झाला. आडव्या- तिडव्या पावलांनी सुरू झालेली ही भटकंती होती. केवळ भारतीय साहित्याच्या अंतरंगाचे दर्शन घडावे एवढाच या 'तळटीपां'चा उद्देश नव्हता. साहित्यातील भारतीयता अधोरेखित व्हावी, हेही एक प्रयोजन होते...

मळलेल्या वाटांवरून, डांबरी सडकांवरून जो प्रवास होतो त्यावर थांबे असतात. अंतर दर्शविणाऱ्या खाणाखुणा असतात. अवधान विचलित करणारी गजबज असते. गर्द झाडीत, जंगलात, विस्तीर्ण पठारावर, माळरानावर, जे भटकणं असतं त्याला प्रवास म्हणून रेखता येत नाही. ते असतं देहभान हरपून वाटा तुडवणं. डोळ्यात हरेक क्षण साठवण्याचं कुतूहल अन् पावलांना आवेग. 'काळ सारावा चिंतने' या तुकोबांच्या वचनाने हा 'तळटीपा' नोंदवण्याचा प्रवास सुरू झाला, तो अगदी सुविहितपणे निश्चित वळणाने जाणारा नव्हता. आडव्या-तिडव्या पावलांनी सुरू झालेली ही भटकंती होती. पुस्तकांच्या पानातून समाजजीवनात आणि समाजजीवनातून पुन्हा अक्षरांच्या मेळाव्यात. भारतभरातल्या अनेक भाषेतल्या साहित्यकृतींमधून समकालीनता, साहित्य आणि समाज अशा त्रिमितीचा वेध घेण्याचा प्रयत्न यानिमित्ताने करण्यात आला. सांस्कृतिक बहुविधता हेच भारताचे सौंदर्य आहे. भारतीय साहित्याच्या विशाल पटावर या सौंदर्याच्या असंख्य जागा आहेत. अनेक रंगांच्या धाग्यांनी विणलेलं हे वस्त्र आहे. त्याचा पोत न उसवता टिकायला हवा. केवळ भारतीय साहित्याच्या अंतरंगाचे दर्शन घडावे एवढाच या 'तळटीपां'चा उद्देश नव्हता. साहित्यातील भारतीयता अधोरेखित व्हावी, हेही एक प्रयोजन होते.

भारतीय साहित्याचे काही विशेष आहेत तसेच समाजजीवनाचेही आहेत. एका एका भाषेत असलेल्या असंख्य बोली, भिन्न चालीरीती आणि रिवाजांचे अगणित समूह, पारंपरिक श्रद्धा, धारणा यांनी घडलेले लोकमानस, त्यातून लोकांच्या आशा - आकांक्षा यांना आविष्कृत करणाऱ्या लोककथा, लोकगीतं. पुढे साहित्यातूनही या सगळ्या लोकप्रतिभेच्या कल्पित गोष्टींचे, काव्याचे मिसळलेले रंग. हे सारंच अद्भुत आहे. फाळणीनंतर पाकिस्तानात गेलेल्या इंतजार हुसेन यांच्या 'बस्ती' या कादंबरीची सुरुवातच गोकुळाष्टमीच्या रात्री धुवाधार कोसळणाऱ्या पावसाने होते. कृष्णजन्माच्या सोहळ्याचा संदर्भ येतो. त्याच वेळी राही मासूम रझा यांच्यासारखा महाभारत मालिकेचे संवाद लिहिणारा लेखक आपल्या 'आधा गांव' कादंबरीत 'माझी मुळं इथली आहेत आणि ती कुणीच कापून टाकू शकत नाही.' असं सांगतो.

भारतीय समाजजीवनाची वैशिष्ट्ये सांगताना सरंजामशाही, सावकारी, सामाजिक विषमता, रूढीग्रस्तता या गोष्टींना टाळता येत नाही. महान, उदात्त परंपरांचा घोष करताना इथली शोषणव्यवस्थाही विसरता येत नाही. पण याच अमानुष प्रथा, परंपरांना सुरुंग लावणारं लेखनही याच भूमीत जन्माला आलं. आपलं पोर घासलेटच्या चिमणीच्या उजेडात काय लिहितंय हेही न कळणाऱ्या, अक्षरांचा गंध नसणाऱ्या एखाद्या कष्टकरी कुटुंबात एम. टी. वासुदेवन नायरसारखा लेखक केरळातल्या छोट्या खेड्यात जन्माला येतो. त्याच्या कितीतरी आधी सावकाराच्या जबड्यात जाणारी जमीन वाचवण्यासाठी आकांत करणारा शेतकरी 'छमान आठ गुंठ'सारख्या उडिया कादंबरीत १८९७ साली फकीर मोहन सेनापती चितारतात. प्रेमचंद यांच्या 'गोदान'च्याही आधीची ही गोष्ट आहे. रूढीग्रस्त आणि कर्मठ परंपरेचं विच्छेदन करणारं धारदार शल्यकर्म यू. आर. अनंतमूर्ती यांच्या 'संस्कार'मधून केलं जातं. त्याच्या कितीतरी आधी विसाव्या शतकाच्या आरंभी वर्ण, वंश यांचं जोखड आणि वृथा दुरभिमान झुगारून माणूस म्हणून जगू पाहणारा 'गोरा' रवींद्रनाथ टागोरांना चित्रित करावा वाटतो. कालांतराने शिक्षण वाढलं. आधुनिकता आली. नवा मध्यमवर्ग उदयाला आला. बरंच कोसळत होतं, नवं साकारत होतं. एकाच कालखंडात अनेक स्तरांमध्ये समाज विभागला गेला. मूल्यांचे पेच निर्माण झाले. हा टप्पाही भारतभराच्या साहित्यात एक अवस्थांतर म्हणून येतो.

जल, जंगल, जमीन, नद्या त्या काठची संस्कृती हेसुद्धा भारतीय साहित्याचं अभिन्न अंग. हे सगळं वाचवण्यासाठी तिथल्या भूमिपुत्रांचा संघर्ष ओडिया भाषेतल्या गोपीनाथ मोहंती यांच्या 'परजा' कादंबरीपासून ते बिहारमधल्या पलामू जंगलाचं चित्रण करणारी सुनील गंगोपाध्याय यांची 'अरण्येर दिन रात्री', पश्चिम बंगालच्या सीमेला येऊन भिडलेल्या निबिड अरण्यात डोंगर कापून टाकण्याचं षड्यंत्र उघड करणारी विभूतीभूषण बंदोपाध्याय यांची 'आरण्यक' आणि महाश्वेतादेवींच्या 'अरण्येर अधिकार'पर्यंत ही नावं सांगता येतील. कृष्णा सोबती, कुर्रतुल एन हैदर, इस्मत चुगताई अशा असंख्य लेखिकांनी कित्येक दशकांपूर्वी बाईची घुसमट उजागर केली. जेव्हा रूढीग्रस्ततेचे पाश आवळलेले होते तेव्हा स्त्रीमनाचा हुंकार मोठ्या धाडसाने आणि स्वतंत्र बाण्याने या लेखिकांनी व्यक्त केला. शरदचंद्र यांनी कारुण्याने ओथंबलेल्या असंख्य स्त्री व्यक्तिरेखा जन्माला घातल्या. कधीकाळी मराठी मुलखातून ग्वाल्हेरला एक कुटुंब जातं, ते तिकडेच स्थायिक होतं. त्यातूनच अवघं ४७ वर्षं आयुष्य लाभलेला हिंदीतला अढळ कवी गजानन माधव मुक्तिबोध या नावाने ओळखला जातो, अशा कैक चकित करणाऱ्या गोष्टी. हे सगळंच साहित्य बहुपदरी आहे.

यातले कित्येक लोक भटकत राहिले. समाज उघड्या डोळ्यांनी आणि तरल संवेदनेने वाचत राहिले. अनेक राज्यं पालथी घालणाऱ्या बाबा नागार्जुन यांच्यापासून ते दुसऱ्या भूमीतून खेचरावर ग्रंथ लादून आणणाऱ्या राहुल सांकृत्यायनपर्यंत. आजही असंख्य गायक, गायिकांच्या ओठांवर ज्यांची गाणी आहेत असा भिखारी ठाकूर यांच्यासारखा भोजपुरी कलावंत एखादी 'बिदेसिया'सारखी नवीन लोकनाट्याची परंपरा निर्माण करतो. हजारो स्थलांतरित मजुरांना ती आपली कहाणी वाटते. फणीश्वरणाथ रेणू यांच्या खास मातीचा गंध असणाऱ्या लेखनात चित्र, शब्द, संगीत यांचा एकत्रित परिणाम दिसून येतो. हिंसा आणि संघर्षाच्या भळभळत्या जखमा सातत्याने उरी वागवणाऱ्या पूर्वोत्तरी प्रदेशांपासून ते 'ओलचिकी' या नव्या लिपीत आपला उच्चार उमटविणाऱ्या संथाल परगण्यापर्यंत... हा देश आडवातिडवा पसरलेला आहे. पुराणकथा, लोककथा, मिथकं, लोकांनी रचलेली आख्यानकाव्यं त्यातून व्यक्त होणारं मानवी मन आणि केवळ माणसांच्याच नाही तर पशुपक्षी, प्राणी, किड्यामुंगीसकट अवघ्या चराचराला मिळणारा शब्द! ही भारतीयता सुंदर आहे. अधूनमधून तिच्या उदार आणि सहिष्णू परंपरेवर ओरखडे उमटविणाऱ्या घटना घडतात पण तरीही इथला तळाचा माणूस ही वीण उसवू नये यासाठी धडपडतो... काही अरबी, फारशी शब्द घेऊन पुन्हा इथल्याच शब्दांच्या संचितासह जन्माला आलेली उर्दू, दक्षिण भारतातल्या भाषांचे संस्कार पचवत आपला वेगळा लहेजा जपणारी दखनी... भाषांचं हे वैविध्यही लोभस आहे.

कोणत्याही प्रकारची कट्टरता वाईटच. अशा कट्टरतेने भेदाच्या भिंती उभ्या राहतात. समाजात तटबंदी निर्माण केली जाते. राजकारण्यांसाठी ही वजाबाकी भलेही सोयीची ठरत असेल आपण मात्र माणसा-माणसात भेद निर्माण करणाऱ्या शक्तींचं, प्रवृत्तीचं चरित्र ओळखलं पाहिजे. जिथे रंगसुद्धा जाती-धर्मात वाटले जातात तिथे ही जबाबदारी अधिक आहे. अशा वेळी कबीर मदतीला येतो. सगळे रंग एकच असतात असे सांगणारा.

रंगहि ते रंग ऊपजे, सब रंग देखा एक/
कौन रंग है जीव का, ताका करहु विवेक...

निसर्गात अनेक रंग असतात. झाडांचा रंग वेगळा, मातीचा वेगळा, आकाशाचा वेगळा तरीही नजरेच्या टप्प्यात या सर्वांचे मिळून एक चित्र तयार होते. अगणित रंगांचे ठिपके असलेले फुलपाखरू सुंदर दिसते. पंखांवर वेगवेगळे चित्ताकर्षक रंग असणारा एखादा पक्षी असतो. याच पद्धतीने एकाच झाडाच्या बुंध्याचा, पानांचा, फळांचा रंग वेगवेगळा तरीही झाड मात्र एकच. ही विविधता विलोभनीय असते. विविधतेतलं सौंदर्य जेव्हा आकळायला लागतं तेव्हा भेद मावळतात. 'नाही भेदाचे ते काम' असं वाटायला लागतं. इतकंच काय 'मी', 'तू' यातले अंतरही गळून पडते. 'मी-तू पण गेले वाया' ही अवस्था त्यानंतरची. 'अवघा रंग एक झाला' ही स्थिती सर्व प्रकारचे भेद मावळून एकमय होण्याची. अगदी संत सोयराबाईंना जे वाटलं होतं तेच 'आज रंग है' म्हणणाऱ्या अमीर खुसरोलाही... 'तन मोरा मन पिया का, जो दोनों एक ही रंग!' इथेही रंगांच्या भिन्नतेचा विलय आहे. एक राष्ट्र, एक भाषा, एक परंपरा, एक संस्कृती आणि आणखी काय काय 'एक'सुरी होत जाण्याच्या काळात अवघा रंग एक होणे हे अधिक अर्थपूर्ण आहे. अशा रंगात न्हाऊन निघण्याची असोशी असलेले 'अंतरंग' सर्वांनाच लाभो...

(सदर समाप्त)

काळाचे गणित

संदीप देशमुख
@KalacheGanit
kalache.ganit@gmail.com

अनंत काळ

> आज ही लेखमाला संपणार. काळाचे गणित सोडवताना कित्येक गोष्टी पाहिल्या आणि तरीही कित्येक पाहायच्या राहिल्या. असो. कळावे, लोभ आहेच, तो वृद्धिंगत व्हावा ही विनंती.

नव्या वर्षात करायची सर्वात आनंददायी गोष्ट म्हणजे नवं कोरं कॅलेंडर भिंतीवर टांगणं. कितीही स्मार्टफोन येऊ देत, कितीही कंम्प्युटर्स येऊ देत, भिंतीवरच्या कॅलेंडरचं स्थान अढळ आहे- अगदी ध्रुवताऱ्यासारखं. पण याचं हे नवं कोरं रूप एक-दोन दिवसच टिकतं. मग त्यावर 'घरकामाला येणाऱ्या मावशींचा पगार दिला', 'दुधाचे १०१३ रुपये दिले', 'आज पेपर मिळाला नाही', 'इस्त्रीवाला ४ कपडे शिल्लक' अशा विविध नोंदी होऊ लागतात आणि ते कॅलेंडर मळतं. मळतं आणि अगदी रुळतं.

या लेखमालेच्या पहिल्या लेखाची सुरुवात याच परिच्छेदाने केली होती! पुढल्याच गुरुवारी हे नवं कोरं कॅलेंडर आपल्या भिंतीवर विराजमान होईल. आणि पुढल्या काही दिवसांतच ते मळेल आणि रुळेल. सगळं काही सालाबादप्रमाणे!

फरक फक्त एकच. तो म्हणजे त्या कॅलेंडरकडे 'एक काहीसा उपयुक्त तक्ता' अशा कोरड्या भावनेने न पाहता आपण आता अधिक सजगपणे, अधिक जाणीवपूर्वक पाहू. पहिल्या लेखात कॅलेंडरला काय काय प्रश्न विचारता येतील याची यादीच दिली होती. या वर्षभरात त्यातल्या अनेक प्रश्नांची उत्तरं आपण पाहिली. तेव्हा, कॅलेंडरमधली कित्येक गुपितं आता आपण जाणतो.

१४ जानेवारीला मकर संक्रांत साजरी करताना मकर संक्रमण म्हणजे काय, ते विशिष्ट तारखेलाच का होतं आणि हजारो वर्षांमध्ये ही तारीख कशी पुढेपुढे सरकते आहे आणि का हे सगळं आपल्याला आठवेल. या १२ राशी (आणि पर्यायाने २७ नक्षत्रं) आकाशात नेमकी कुठे असतात हेदेखील माहीत आहे आपल्याला. याच संदर्भात कर्कवृत्त, मकरवृत्त म्हणजे नेमकं काय, त्यांना हीच नावं का आणि त्यांचं महत्त्व काय हेही पाहिलं.

चंद्राचा पृथ्वीभोवती फिरण्याचा भासमान वेग सूर्याच्या पृथ्वीभोवती फिरण्याच्या भासमान वेगापेक्षा कमी असतो. काय काय घडतं या एका गोष्टीमुळे! शुक्ल आणि कृष्ण पक्ष होतात, तिथीची व्याख्या करता येते, चांद्र मासाची व्याख्या करता येते. आहे ना लक्षात? याचा आणि संकष्टीचा उपास सोडण्याची वेळ, कृष्णजन्म आणि दिवाळीतलं अभ्यंगस्नान यांचा कसा संबंध आहे हेही पाहिलं होतं आपण.

पौर्णिमेचं चंद्राचं पूर्णत्व, उत्तरायणाचा किंवा दक्षिणायनाचा प्रारंभ, तिथीची किंवा काळाच्या कोणत्याही एककाची समाप्ती ही क्षणिक घटना आहे, हेदेखील माहीत आहे आपल्याला. त्यामुळे आजची तिथी तृतीया आणि आजच संकष्टीचा उपास किंवा क्षय आणि वृद्धी तिथी या गोष्टी कशा घडतात हे जाणतो आपण.

शास्त्रशुद्ध शालिवाहन शकात अधिक आणि क्षय मास कसे ठरतात हेदेखील पाहिलं आहे आपण. तेव्हा पंचांगाच्या तिथी, वार, नक्षत्र, करण आणि योग या पाचही अंगांची आपण नीट ओळख करून घेतली आहे.

ग्रेगरियन कॅलेंडरचादेखील आपण खोलात जाऊन अभ्यास केला. कोरे ६० दिवस असणाऱ्या पार अगदी पहिल्या रोमन कॅलेंडरपासून कोणकोणते बदल घडत गेले आणि हे ग्रेगरियन कॅलेंडर आकाराला आलं हे पाहणं रंजक होतं. पोप ग्रेगरी यांनी घेतलेले धाडसी निर्णय किती शास्त्रीय पद्धतीने घेतले होते यातून बरंच काही शिकता आलं. व्यापार, व्यवहार आणि राज्यव्यवस्था या कॅलेंडरमागच्या तीन मुख्य गरजा. ग्रेगरियन कॅलेंडर त्या अचूकपणे पुरवतं म्हणून तर ते इतकं सर्वमान्य झालं आहे - किती महत्त्वाची आहे ही गोष्ट!

आपण हिजरी कालगणनाही पाहिली. आता दरवर्षी ईद वेगवेगळ्या महिन्यांत का येते हे कोडं सुटलं असेल. त्याखेरीज आपण जूलियन दिवस क्रमांक, युनिक्स वेळ अशा काही चाकोरीबाहेरच्या कालगणनाही पाहिल्या आणि चंद्रग्रहण, अगस्ती लोप वगैरेंचाही थोडक्यात आढावा घेतला. आदर्श अशी भारतीय राष्ट्रीय कालगणनाही पाहिली आहे आपण.

एवढं सगळं पाहिलं. पण कित्येक गोष्टी पाहायच्या राहिल्याही. उदाहरणार्थ टिळक पंचांग आणि बाकीची पंचांग यांच्यात नेमका काय फरक आहे आणि का किंवा सूर्याचं उत्तरायण-दक्षिणायन असतं तसं चंद्राचंही असतं का किंवा अमेरिकेत डेलाईट सेव्हिंग टाइम म्हणून एक प्रकार आहे. तो नेमका काय आहे किंवा ती आंतरराष्ट्रीय वार रेषा का काय म्हणतात ती नेमकी कुठे असते किंवा भारतीय प्रमाण वेळ, ग्रीनिच मीन टाइम हे सगळे काय प्रकार आहेत या आणि अशा कित्येक गोष्टी अगदी अस्पर्श राहिल्या. असो.

ही लेखमाला संपली. या अनंत अशा 'काळाचे गणित' सोपं करून सांगण्याचा एक प्रयत्न मी केला. तो किती बरा-वाईट होता हे येणारा काळच ठरवील. इति लेखनसीमा

(सदर समाप्त)

लोकमानस

एकत्रित प्रयत्नांना पर्याय नाही

'अरवली... हरवली... जिरवली!' हा अग्रलेख (२६ डिसेंबर) वाचला. अरवलीसारखी प्राचीन पर्वतरांग नष्ट करण्यासाठी १०० मीटर उंचीचा कायदा सरकार दाखवत असेल तर सरकार व प्रशासनाचा पर्यावरणाविषयीचा दृष्टिकोन किती बेफिकीर आहे, हे स्पष्ट होते. कागदोपत्री नियम, अहवालांतील हिरवी भाषा आणि प्रत्यक्षात सुरू असलेली खाणकामे, बांधकामे व जंगलतोड या दुटप्पीपणामुळे पर्यावरण संरक्षण हा शब्दच कुचकामी ठरत आहे. जागतिक पर्यावरण परिषदांमध्ये मोठमोठ्या प्रतिज्ञा केल्या जातात, कार्बन न्यूट्रॅलिटी, शाश्वत विकास यावर भाषणे होतात; पण देशात परतल्यावर त्याच प्रतिज्ञा फाइलमध्ये धूळ खात पडतात. अरवली हरवणे म्हणजे फक्त डोंगर नाहीसे होणे नव्हे, तर पाणी, जैवविविधता आणि पुढील पिढ्यांचे भविष्य धोक्यात येणे होय. अजूनही वेळ आहे, प्रतिज्ञांना कृतीची जोड दिली, प्रशासनाने कठोर भूमिका घेतली आणि नागरिकांनी जागरूक सहभाग दाखवला, तरच पर्यावरण रक्षणाचा अर्थ उरेल. युरोपप्रमाणे पर्यावरणाची बाजू ठामपणे घेऊन लढणारे राजकीय पक्ष आपल्या देशात नाहीत, त्यामुळे पर्यावरणाचा मुद्दा निवडणुकीत किंवा धोरणात्मक चर्चेत दुय्यम ठरतो. मुंबई, दिल्लीमध्ये प्रदूषणाने शहरे काळवंडली आहेत, त्या संदर्भात न्यायालय वारंवार सरकारला चपराक लगावत आहे, तरीसुद्धा सरकारी धोरणे बदलत नाहीत. त्यामुळे अरवलीनंतर पुढचा बळी कोण, हा प्रश्न उभा राहिला आहे

■ **अनिल साखरे,** कोपरी (ठाणे)

पर्यावरण राखेल तोच खरा विकास

'अरवली... हरवली... जिरवली!' हा अग्रलेख (२६ डिसेंबर) वाचला. अरवली म्हणजे फक्त काही डोंगररांगा नव्हेत; ती उत्तर भारताची पर्यावरणीय कवचरेषा आहे. दुर्दैवाने, विकासाच्या संकुचित संकल्पनेपायी या कवचाला हळूहळू तडे जात आहेत.

सरकारे बदलली, धोरणे बदलली; पण अरवलीचा ऱ्हास अखंड सुरूच राहिला. वनसंरक्षण कायदे, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, सर्वोच्च न्यायालयाचे आदेश हे सर्व कागदोपत्रीच प्रभावी ठरतात. प्रत्यक्षात, खाण माफिया, बांधकाम लॉबी आणि स्थानिक राजकीय संगनमत या त्रिसूत्रीने अरवलीला कायदेशीर पळवाटा शोधून संपवले आहे. विकास विरुद्ध पर्यावरण या द्वंद्वात आपण अडकलेलो आहोत, पण खरा विकास तोच जो पर्यावरण राखून होतो. अरवलीला राष्ट्रीय पर्यावरणीय वारसा क्षेत्र घोषित करणे, सर्व खाणकामांवर बंदी लादणे, स्वतंत्र पर्यावरणीय निरीक्षण यंत्रणा आणि स्थानिक समुदायांचा सहभाग हे उपाय तातडीने राबवणे आवश्यक आहे.

■ **सचिन मोरे,** गोवर्धन (वाशिम)

निष्ठावंतांचे काय?

राष्ट्रवादी काँग्रेसचे दोन्ही गट पुणे व पिंपरी चिंचवड महापालिकेत युती करण्याच्या मार्गावर आहेत, हे ऐकून आश्चर्य वाटले. अजित पवार भाजपबरोबर राज्यात सत्तेत आहेत. शरद पवारांच्या राष्ट्रवादी काँग्रेसने त्यांच्याशी हातमिळवणी केली तर ते भाजपबरोबर सत्तेत सहभागी होण्यासारखे आहे. जो संघर्ष भाजप विचारसरणीविरोधात महाविकास आघाडीने केला त्यावर पाणी फिरवण्यासारखे हे आहे. या निवडणुका स्थानिक स्तरावर घेतल्या जातात हे खरे असले तरी आजपर्यंत महाविकास आघाडीतील पक्षांनी कितीही संकटे आली तरी त्यांची विचारधारा सोडून भाजपशी हातमिळवणी सत्तेसाठी केली नव्हती. अजित पवार शरद पवारांपासून वेगळे झाले तेव्हा जे कार्यकर्ते प्रामाणिकपणे शरद पवारांबरोबर राहिले त्यांच्या भूमिकेचे काय? हे निष्ठावानांनी आयुष्यभर जी विचारसरणी जोपासली, तिला तिलांजली देण्यासारखेच आहे. उद्या हे मनोमीलन झाले तर अजित पवार गटाचे जे नगरसेवक निवडून येतील ते कशावरून परत भाजपला पाठिंबा देणार नाहीत? सत्तेचा स्वार्थी खेळ पाहणाऱ्या सर्वसामान्यांना कोणीही गृहीत धरू नये.

■ **अजय भुजबळ,** सातारा

भावनिक आवाहने टिकतील?

गेल्या जुलैमध्ये मराठी भाषेच्या मुद्द्यावर एकत्र आल्यानंतर पाच महिन्यांनी ठाकरे बंधूंनी निवडणुकीसाठी युती जाहीर केली आहे. त्या पाच महिन्यांत महायुतीने मोठ्या प्रमाणात जनसंपर्काचे उपक्रम राबविले आहेत, हे लक्षात घ्यावे लागेल. शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) आणि मनसे यांनी मराठी व मुंबई हे मुद्दे त्या कालावधीत अधिक चर्चेत ठेवणे गरजेचे होते. तसेच पत्रकार परिषदेत युतीची घोषणा होत असताना मुंबईसाठी कोणत्या ठोस योजना असतील हे स्पष्ट करणेही अपेक्षित होते. केवळ भावनिक आवाहने करून मराठी अस्मिता टिकवण्याचा प्रयत्न पुरेसा आहे का?

■ **डॉ. श्रीकांत परळकर,** दादर (मुंबई)

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 27 दिसंबर, 2025

कल्पमेधा

अपनी पीड़ा सह लेना और दूसरे जीवों को पीड़ा न पहुंचाना, यही तपस्या का वास्तविक स्वरूप है।

- संत तिरुवल्लुवर

सद्भाव का तकाजा

दुनिया भर में भारत को विविधताओं से भरी सांस्कृतिक छवियों वाले एक ऐसे देश के रूप में देखा-जाना जाता है, जहां अलग-अलग धर्मों के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होते आए हैं। मगर हाल के वर्षों में कुछ खास त्योहारों के ठीक पहले जिस तरह द्वेष का माहौल पैदा करने की कोशिश की जाने लगी है, वह न केवल देश में सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है, बल्कि मानवीय तकाजों के भी विरुद्ध है। क्रिसमस को ईसाई धर्म से जुड़े लोगों का त्योहार माना जाता है, लेकिन इसमें आमतौर पर देश में सभी धर्मों के लोग उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं। विडंबना यह है कि अब कुछ असामाजिक तत्त्व क्रिसमस के मौके पर देश के ईसाई समुदाय के लोगों को निशाना बनाने लगे हैं और इसका सीधा नुकसान देश की छवि को हो रहा है। गौरतलब है कि इस वर्ष फिर क्रिसमस के मौके पर छत्तीसगढ़ और असम सहित कुछ राज्यों में ईसाई समुदाय के प्रार्थना स्थलों और अन्य जगहों पर दक्षिणपंथी समूहों ने हमला किया और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ मचाई।

सवाल है कि वे कौन लोग हैं, जो सद्भाव के माहौल में नफरत घोलना चाहते हैं और उन्हें देश के अल्पसंख्यक या अन्य समुदायों के पर्व-त्योहार से परेशानी होने लगी है। क्या मानवीयता के मूल्यों को अपनी आस्था का सबसे अहम पक्ष मानने वाला कोई भी व्यक्ति किसी अन्य समुदाय के त्योहार से इस कदर दुश्मनी रख सकता है? सद्भाव या सौहार्द के साथ किसी धार्मिक उत्सव को मनाए जाने से किसे दिक्कत हो सकती है? केवल निराधार आरोपों का हवाला देकर किसी ऐसे त्योहार पर अराजकता फैलाने का क्या मकसद हो सकता है, जिसमें देश के सभी धर्मों के लोग या तो सहज रहते हैं या फिर उसमें शामिल होते हैं? कथित धर्म परिवर्तन के आरोप अगर लगाए भी जाते हैं, तो इस मसले पर सरकार और प्रशासन अपना काम करेंगे या कुछ अराजक और असामाजिक तत्त्वों को अपनी ओर से हिंसा करने की छूट मिल जाती है? किसी समुदाय के भीतर डर पैदा करके किस तरह से धर्म की सेवा की जा सकती है?

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी बहाने से अन्य धार्मिक समूहों के खिलाफ हिंसा करना या तोड़फोड़ मचाना वास्तव में अपने ही देश की सांस्कृतिक छवि को नकारात्मक बनाना है। अगर इस तरह की प्रवृत्तियों को तुरंत नहीं रोका गया, तो इससे आपसी सद्भाव का माहौल बिगड़ने की आशंका पैदा होगी। इतना तय है कि देश के संविधान का सम्मान करने वाली सरकारें और ज्यादातर संवेदनशील लोग धर्म के नाम पर टकराव तथा तनाव पैदा करने की कोशिशों का समर्थन नहीं करते। यही वजह है कि कई जगहों पर क्रिसमस पर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि किसी भी पर्व-त्योहार के मौके पर सांप्रदायिकता फैलाने वाले तत्त्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। विचित्र यह भी है कि क्रिसमस के मौके पर एक ओर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईसाई समुदाय के साथ मेलजोल, शांति और सद्भाव का संदेश दे रहे थे, तो दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्त्व तोड़फोड़ और अराजकता फैलाने में लगे थे। देश में सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों के अवसर पर सौहार्द तथा सद्भाव की जो परंपरा रही है, उसे बचाने और मजबूत करने के लिए सरकार और समाज को एक बार फिर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

पढ़ने को प्रोत्साहन

पढ़ने की संस्कृति व्यक्ति के बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाती है। इससे हमारे जेहन में शब्दों के संग्रहण का विस्तार होता है, आलोचनात्मक सोच विकसित होती है और रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता को बढ़ावा मिलता है, जो हमें समाज में एक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण नागरिक बनता है। मगर आज के डिजिटल तकनीक के दौर में खासकर बच्चे और युवाओं की अंगुलियां पुस्तक के पन्नों को पलटने के बजाय मोबाइल फोन और लैपटाप पर ही चलने लगी हैं। यह वास्तव में चिंता का विषय है। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों में पढ़ने की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत राज्य के स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी के प्रमुख समाचार पत्र उपलब्ध कराने तथा सुबह की प्रार्थना सभा में कम से कम दस मिनट का समय विद्यार्थियों द्वारा इन्हें पढ़ने के लिए निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष जून में सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों के समाचार पत्र पाठ की व्यवस्था लागू की गई थी। इस पहल को अब उत्तर प्रदेश सरकार ने आगे बढ़ाया है। इसके तहत विद्यार्थी प्रतिदिन राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और खेल समाचारों के साथ-साथ प्रमुख संपादकीय भी पढ़ेंगे। साथ ही विद्यार्थी अखबारों से पांच कठिन शब्द चुनकर उन्हें सूचना पट्ट पर प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे। यह व्यवस्था कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है। इससे न केवल विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, शब्दावली, रचनात्मकता और संवाद कौशल विकसित होगा, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयारी करने में भी मदद मिलेगी। पढ़ने की संस्कृति अगर फिर से बच्चों की आदत में शुमार हो जाए, तो मोबाइल या लैपटाप की स्क्रीन पर जरूरत से ज्यादा समय बिताने की उनकी प्रवृत्ति भी धीरे-धीरे कम हो सकती है। मगर, यह पहल तभी सार्थक होगी, जब इसे बिना किसी पूर्वाग्रह के सही मायने में धरातल पर उतारा जाएगा और इसकी निरंतरता को बनाए रखा जाएगा। इसके साथ-साथ सरकारी पुस्तकालयों में भी विद्यार्थियों की आसान पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए।

ऊर्जा की जरूरतों का हरित विकल्प

हरित हाइड्रोजन में कार्बन उत्सर्जन कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की अपार क्षमता है। यह परिवहन और उद्योग में पारंपरिक जीवाश्म ईंधन की जगह ले सकता है, जो ऊर्जा का एक निरंतर और विश्वसनीय स्रोत होगा।

अखिलेश आर्येंदु

केंद्र सरकार ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा दे रही है। सरकार का लक्ष्य है, हर वर्ष 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन के जरिए ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करना। गौरतलब है हरित हाइड्रोजन उद्योग जिस तरह बड़े पैमाने पर स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में उच्च क्षमता वाला बिजली उत्पादन और विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा की आपूर्ति हासिल करना मुश्किल नहीं होगा। वर्तमान में वैश्विक हाइड्रोजन आपूर्ति के लिए जो विधि उपयोग में लाई जा रही है, वह सुगम और सस्ती है। मगर वहीं पर हाइड्रोजन ऊर्जा की आपूर्ति के आंकड़े वर्तमान में सीमित हैं, क्योंकि दुनिया में करीबन 96 फीसद हाइड्रोजन हाईड्रोकार्बन से पैदा होती है। इसमें महज तकरीबन चार फीसद बिजली के इलेक्ट्रोलिसिस (विद्युत अपघटन) द्वारा तैयार की जाती है। भारत सरकार चाहती है कि जब तक हर गांव और बाजार-मुहल्ले की ऊर्जा जरूरतें इसके जरिए न पूरी होने लगें, तब तक इसके लिए लगातार कोशिश करते रहना चाहिए। इससे जागरूकता आएगी और लोग हाइड्रोजन ईंधन की महत्ता को भी समझने लगेंगे।

हाइड्रोजन आने वाले वक्त का ऊर्जा आपूर्ति का आधार बनेगा। हरित हाइड्रोजन में कार्बन उत्सर्जन कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की अपार क्षमता है। यह परिवहन और उद्योग में पारंपरिक जीवाश्म ईंधन की जगह ले सकता है, जो ऊर्जा का एक निरंतर और विश्वसनीय स्रोत होगा। कह सकते हैं कि जीवाश्म ईंधन में कमी लाने वाला ऊर्जा विकल्प का सबसे बेहतर स्रोत हरित हाइड्रोजन बनने जा रहा है। आने वाले समय में शायद हर क्षेत्र में इसका इस्तेमाल होगा। जिंदगी को अधिक सुगम बनाने के लिए इसका उपयोग समाज के प्रत्येक वर्ग की जिंदगी को प्रभावित करेगा।

उत्तर प्रदेश जैसे कुछ बड़े राज्य स्वच्छ किफायती और टिकाऊ ऊर्जा के लिए बड़े सोलर पार्क, हरित हाइड्रोजन, विकेंद्रीकृत ऊर्जा, और माइक्रो ग्रिड के जरिए ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने पर खास जोर दे रहे हैं। राज्य सरकार ने 2047 तक इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए विशेषज्ञों के साथ मिल कर आगे की कार्ययोजना तैयार की है। इसी तरह की योजना देश के सभी राज्यों को तैयार करनी होगी, क्योंकि कार्बन-मुक्त ऊर्जा पैदा करने के लिए जैव ऊर्जा सबसे किफायती है। इससे बेहतर दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हरित हाइड्रोजन में कई संभावनाएं छिपी हैं।

दरअसल, ऊर्जा क्षेत्र में कमी को पूरा करने के लिए सरकार हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा दे रही है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार वैश्विक क्षमताओं के बीच भारत को अपने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन के मिशन के माध्यम से 2030 तक 50 लाख टन (एमएमटी) वार्षिक हरित हरित हाइड्रोजन क्षमता हासिल करने के लिए मेहनत करनी होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2030 तक राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन लागू करने के लिए 19.744 करोड़ का परिव्यय मंजूर कर चुकी है। इससे देशभर में हाइड्रोजन ईंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पारंपरिक जीवाश्म ईधन की जगह ले सकता है, जो ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है।

हरित हाइड्रोजन पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बताया गया कि भारत निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लेगा। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि 2023 में शुरू किए गए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत भारत ने 2030 तक हरित हाइड्रोजन की वार्षिक उत्पादन क्षमता जोड़ने की वार्षिक

> **दुनियाभर में परिवहन, पत्तन और स्टील सहित कई क्षेत्रों को कार्बन-मुक्त करने के लिए हाइड्रोजन की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में हाइड्रोजन का बड़ा भंडार है, जिसे 200 वर्ष से ज्यादा समय तक जरूरी ऊर्जा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि हाइड्रोजन का इस्तेमाल नए आविष्कारों के जरिए घरेलू इस्तेमाल के लिए जल्द ही सुलभ हो सकता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की वार्षिक आवश्यकता के बारे में बताया गया कि भारत बिजली खरीद या बिक्री समझौतों पर हस्ताक्षर के लिए पहले से ही लंबित 40 गीगावाट क्षमता पर ध्यान केंद्रित करेगा।**

उत्पादन क्षमता 50 लाख टन रखी है। इससे यह अनुमान लगाया गया है कि ऊर्जा की कमी जिन क्षेत्रों में दिखाई दे रही है, उन सभी क्षेत्रों में इसका इस्तेमाल करके इस कमी को पूरा किया जा सकता है।

भारत ने वर्ष 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य की घोषणा की है। इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में हरित हाइड्रोजन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका उत्पादन कई नजरिए से खास है। पर्यावरणीय मानकों पर यह सबसे खरा उतरता है, क्योंकि हरित हाइड्रोजन का उत्पादन, इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में सौर, पवन या जलविद्युत जैसे अक्षय स्रोतों से उत्पन्न बिजली का इस्तेमाल कर पानी को आक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित किया जाता है। इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप स्वच्छ और उत्सर्जन-मुक्त ईंधन प्राप्त होता है। इसमें जीवाश्म ईंधन को प्रतिस्थापित करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की अपार क्षमता है।

दुनियाभर में परिवहन, पत्तन और स्टील सहित कई क्षेत्रों को कार्बन-मुक्त करने के लिए हाइड्रोजन की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में हाइड्रोजन का अकूत भंडार है. जिससे दो सौ वर्ष से ज्यादा समय के लिए जरूरी ऊर्जा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि हाइड्रोजन का इस्तेमाल नए आविष्कारों के जरिए घरेलू उपयोग के लिए जल्द ही सुलभ हो सकता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की वार्षिक आवश्यकता के बारे में बताया गया है कि भारत बिजली खरीद या बिक्री समझौतों पर हस्ताक्षर के लिए पहले से ही लंबित 40 गीगावाट क्षमता पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह भी बताया गया है कि वर्तमान में कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में 160 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए हर साल कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़नी होगी।

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की शुरुआती परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा चुके हैं। इसमें सौ करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए जैविक पदार्थ का उपयोग शामिल है। हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए जैविक पदार्थों के उपयोग सहित अत्याधुनिक तकनीक को जोड़ा जाएगा। इन परियोजनाओं के लिए कुल सौ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है जो एनजीएचएम के तहत नवउद्यम योजनाओं के लिए पहले से आबंटित सौ करोड़ रुपए के अतिरिक्त है। गौरतलब है एनजीएचएम का उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है। इसका परिव्यय 19,744 करोड़ रुपए है। साथ ही इसका लक्ष्य 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश और छह लाख से अधिक हरित रोजगार उत्पन्न करना भी है। रोजगारपरक होने की वजह से इस क्षेत्र में रोजगार की बेहतर संभावनाएं हैं। इसलिए सरकार इस क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है।

ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार हाइड्रोजन सहित सौर ऊर्जा, जल विद्युत ऊर्जा या पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने में जुटी है, इनसे आने वाले वक्त में कई क्षेत्र में ऊर्जा की कमी से कार्यों में आने वाली रुकावटों से निजात मिलेगी। इससे सबसे बड़ा फायदा पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पाने में दिखाई देगा। देश के बड़े शहरों, नगरों और कस्बों में कार्बन और धूल प्रदूषण से बीमारियों सहित होने वाली तमाम परेशानियों से लोग बचेंगे। इससे अरबों रुपए बचेंगे। साथ ही साथ हड्डी, मस्तिष्क, रक्त, आंत, आंख और सांस आदि से ताल्लुक रखने वाली बीमारियों में कमी आएगी और औसत उम्र में वृद्धि भी होगी।

वेदना से चेतना तक

रामानुज पाठक

मनुष्य का जीवन केवल घटनाओं की शृंखला नहीं है, बल्कि अनुभूतियों की एक सतत् और गहन यात्रा है। इस यात्रा में सुख जितना क्षणिक होता है, वेदना उतनी ही गहरी और स्थायी अनुभूति के रूप में सामने आती है। संघर्ष, असफलता, हानि और अपूर्णता- ये सभी जीवन को केवल चुनौती नहीं देते, बल्कि उसके अर्थ पर प्रश्न भी खड़े करते हैं। प्रत्येक अनुभव अपने भीतर वेदना का बीज लिए होता है, लेकिन यह वेदना स्वयं में लक्ष्य नहीं है। उसका वास्तविक मूल्य तभी प्रकट होता है, जब वह चेतना में रूपांतरित हो जाती है।

चेतना वह दृष्टि है, जो वेदना को केवल सहने योग्य नहीं, बल्कि समझने योग्य बनाती है। बिना चेतना के वेदना अंधकार है- दिशाहीन, बोझिल और अर्थहीन। मगर चेतना के स्पर्श से वही वेदना आत्मबोध, विवेक और जीवनदर्शन का स्रोत बन जाती है। इतिहास, दर्शन और मानव अनुभव बार-बार इस सत्य की पुष्टि करते हैं कि केवल पीड़ा से महानता नहीं जन्म लेती, बल्कि पीड़ा को समझने की क्षमता से मनुष्य ऊंचा उठता है। इसी गहन सत्य की अभिव्यक्ति है यह कथन- 'वेदना बगैर चेतना दुर्लभ है।'

दार्शनिक दृष्टि से वेदना केवल पीड़ा नहीं, बल्कि जीवन की गूंज है। वह हमारे भीतर प्रश्न, जिज्ञासा और आत्मनिरीक्षण को जन्म देती है। चेतना ही वह माध्यम है, जो वेदना को साधारण अनुभव से ऊपर उठाकर व्यक्तित्व, विवेक और जीवन दर्शन में रूपांतरित करती है। महात्मा बुद्ध ने जीवन की सार्वभौमिक पीड़ा- जन्म, मृत्यु, रोग और वृद्धावस्था- का साक्षात्कार कर उसे करुणा और आत्म-ज्ञान की चेतना में बदला। इसी प्रकार महर्षि पतंजलि ने चित्त-वृत्तियों के संघर्ष को योगदर्शन में रूपांतरित किया और आदिकवि वाल्मीकि ने अपने जीवन की हिंसा और अवमानना को करुणा तथा काव्य की चेतना में ढाल दिया।

इतिहास में अनेक ऐसे प्रसंग मिलते हैं जहां पराजय, अपमान और कष्ट केवल दुख बनकर नहीं रुके, बल्कि चेतना का स्रोत बने। यूनानी दार्शनिक सुकरात ने मृत्यु-दंड को भी सत्य और विवेक की साधना में बदल दिया। कबीर ने सामाजिक तिरस्कार और उपेक्षा को आत्मबोध तथा निर्भीक वैचारिक चेतना का माध्यम बनाया। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि चेतना वेदना से पलायन नहीं सिखाती, बल्कि उसे समझकर पार करने की शक्ति देती है।

जीवन में प्रत्येक चुनौती, असफलता और कठिनाई वेदना का अनुभव कराती है- चाहे वह शारीरिक चोट हो, मानसिक संताप, सामाजिक असमानता या आर्थिक हानि। अगर इन अनुभवों को केवल दुख या शिकायत के रूप में स्वीकार कर लिया जाए, तो वे निरर्थक बोझ बन जाते हैं, लेकिन जब वही अनुभव आत्मचिंतन का कारण बनते हैं, तब वे हमारे दृष्टिकोण, निर्णय और आचरण को परिष्कृत करते हैं। यही वह क्षण होता है, जब वेदना चेतना में रूपांतरित होती है।

चेतना केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं रहती, वह सामाजिक और नैतिक दायित्व का रूप भी ग्रहण करती है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने अपने सामूहिक दुख को समझा और उसका विवेकपूर्ण विश्लेषण किया, उन्होंने परिवर्तन और पुनर्निर्माण का मार्ग चुना। इसके विपरीत, जहां पीड़ा केवल क्रोध, प्रतिशोध या पलायन में बदल गई, वहां विनाश और विघटन ही परिणाम बना। इस प्रकार चेतना, वेदना को सृजनात्मक शक्ति में रूपांतरित कर देती है।

आखिर में यह स्पष्ट हो जाता है कि वेदना से मुक्त जीवन की कल्पना अवास्तविक है, लेकिन चेतना-विहीन जीवन निश्चय ही अर्थहीन है। वेदना मनुष्य को तोड़ भी सकती है और गढ़ भी सकती है- यह अंतर केवल चेतना का है। इतिहास के महान व्यक्तित्व, दार्शनिक चिंतक और सामाजिक परिवर्तनकर्ता इसलिए स्मरणीय हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी पीड़ा को पलायन या प्रतिशोध में नहीं, बल्कि आत्मबोध, उत्तरदायित्व और करुणा में बदला।

दुनिया मेरे आगे

> **इतिहास में अनेक ऐसे प्रसंग मिलते हैं जहां पराजय, अपमान और कष्ट केवल दुख बनकर नहीं रुके, बल्कि चेतना का स्रोत बने। यूनानी दार्शनिक सुकरात ने मृत्यु-दंड को भी सत्य और विवेक की साधना में बदल दिया। कबीर ने सामाजिक तिरस्कार और उपेक्षा को आत्मबोध तथा निर्भीक वैचारिक चेतना का माध्यम बनाया।**

वेदना जब केवल सहन की जाती है, तो वह बोझ बनती है, जब समझी जाती है, तो वही चेतना बन जाती है। यही चेतना मनुष्य को उसके निजी दुख से ऊपर उठाकर सामाजिक संवेदना, नैतिक दृष्टि और मानवीय करुणा से जोड़ती है। बिना चेतना के अनुभव केवल स्मृतियां होते हैं, लेकिन चेतना से युक्त अनुभव इतिहास बन जाते हैं। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि वेदना जीवन की अपरिहार्यता है, पर चेतना उसका उत्कर्ष। चेतना ही वह दीपक है, जो वेदना के अंधकार में अर्थ, दिशा और आशा का प्रकाश भरता है। जब तक मनुष्य वेदना को समझने का साहस नहीं करता, तब तक वह केवल पीड़ित रहता है, लेकिन जिस क्षण वह उसे चेतना में रूपांतरित कर लेता है, उसी क्षण वह सचेत, जाग्रत और पूर्ण मनुष्य बन जाता है।

यही कारण है कि वेदना बगैर चेतना, न केवल दुर्लभ है, बल्कि मानवीय गरिमा और विकास की कसौटी भी है। इस दृष्टि से देखा जाए, तो आधुनिक समय की सबसे बड़ी चुनौती वेदना की अधिकता नहीं, बल्कि चेतना की न्यूनता है। सूचना, गति और उपलब्धियों से भरे इस युग में मनुष्य अनुभव तो बहुत करता है, पर उन्हें आत्मसात करने का अवकाश खोता जा रहा है। परिणामस्वरूप वेदना संचित होती जाती है, लेकिन चेतना में रूपांतरित नहीं हो पाती। ऐसे में आवश्यक है कि व्यक्ति ठहरकर देखे, अनुभवों पर विचार करे और उनसे संवाद स्थापित करे। यही ठहराव, यही आत्मसंवाद वेदना को चेतना में बदलने की प्रक्रिया है, जो मनुष्य को केवल जीवित नहीं, बल्कि जाग्रत बनाती है।

निष्पक्षता का सवाल

'पारदर्शिता का तकाजा' (संपादकीय, 22 दिसंबर) पढ़ा। मतदाता सूची केवल नामों का संकलन नहीं, बल्कि नागरिकता, अधिकार और लोकतंत्र में विश्वास का जीवंत दस्तावेज है। मगर आज वही सूची सत्ता, संदेह और संस्थागत अविश्वास के केंद्र में खड़ी दिखाई देती है। अनेक राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में लाखों लोगों के नाम जिस तरह मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, उसने कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। हटाए गए नामों का अपने स्तर पर सत्यापन कराने की बंगाल सरकार की घोषणा साधारण प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि चुनाव आयोग पर घटते विश्वास का संकेत है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब एक निर्वाचित सरकार को यह आशंका सताने लगे कि संवैधानिक संस्था की ओर से अपनाई जा रही प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं है। सवाल यह है कि आखिर वह भरोसा क्यों टूटा, जिस पर चुनावी व्यवस्था टिकी रही। मतदाता सूची से नाम हटाने का औचित्य यह बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में लोग पात्र नहीं हैं या दस्तावेज समय पर नहीं दे सके। सवाल यह है कि यदि वे अब अपात्र घोषित किए जा रहे हैं, तो वे वर्षों तक सूची में किस आधार पर रहे?

- मो अजहर आलम अंसारी, पूर्णिया

बोझ का सफर

रेलवे ने अलग-अलग श्रेणियों में किराए में बढ़ोतरी कर दी है। इससे सरकार को छह सौ करोड़ रुपए सालाना अतिरिक्त आमदनी होने की संभावना है। मासिक सीजन टिकटों को बढ़ोतरी से दूर रखा गया है। पहली बार ऐसा देखने में आया है कि पैसे में किराया बढ़ाया गया है, जबकि अक्सर एक या इससे अधिक रुपए बढ़ाए गए। लेकिन जब एक-दो पैसे बढ़ने से ही करोड़ों रुपए की कमाई बढ़ जाती है, तब पेट्रोल-डीजल, गैस व अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं पर दो-चार या पांच-छह रुपए एकदम बढ़ा देने से सरकार को कितना लाभ होता होगा, यह सोचने वाली बात है। ध्यान रखने की जरूरत है कि आम उपभोक्ताओं के लिए आज जो महंगाई बढ़ी है, वह किरायों या करों में एक रुपए की बढ़ोतरी से नहीं बढ़ी। दूसरी ओर गैरसरकारी संस्थानों से राजनीतिक पार्टियां चंदा बटोरती हैं। ये संस्थान इसी का बेजा फायदा उठा कर आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल देती हैं।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

वक्त की रफ्तार

रफ्तार की भी अपनी सीमा है। मगर अब ऐसा नहीं लगता। एक समय था जब लगता था कि समय धीमी गति से चल रहा है। हर दिन बड़ा लगता था। बहुत सारे काम करने के बाद भी समय बच जाता था। कई बार तो ऐसा लगता था कि दिन कैसे निकलेगा। मगर अब सब कुछ उल्टा हो गया है। समय ने रफ्तार पकड़ ली है। दिन छोटे लगने लगे हैं। महीने और वर्ष इतनी जल्दी गुजर रहे हैं कि अभी हमारे काम ही अधूरे छूट रहे हैं और हम जो करना चाह रहे, उसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं। वजह भागमभाग वाली जिंदगी है। एक दूसरे से आगे निकलने की चाह तो है ही, सब कुछ हासिल करने की बढ़ती ख्वाहिश ने दिन-महीने और वर्ष को छोटा कर दिया है। और जो समय बचा है, वह मोबाइल ने लील लिया है। जरूरत है, थोड़ा ठहरने की और जिंदगी को जीने की। कहीं ऐसा न हो कि इस भागदौड़ में हम जब पीछे मुड़ कर देखें, तो किसी बात का पछतावा हो।

- साजिद अली, चंदन नगर, इंदौर

संकट में अरावली

अरावली पर्वतमाला भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में से एक है। यह उत्तर भारत में पर्यावरणीय संतुलन की रीढ़ भी है। गुजरात से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली पहाड़ियां मरुस्थलीकरण को रोकने और जैव विविधता को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। आज अरावली गंभीर संकट का सामना कर रही है। खनन माफिया और अनियंत्रित शहरीकरण ने अरावली को खोखला कर दिया है। हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली-एनसीआर में अवैध खनन के कारण पहाड़ियां नष्ट हो रही हैं। जलस्रोत सूख रहे हैं और वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। अरावली के कमजोर होने का सीधा असर दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण और जल संकट के रूप में सामने आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकार समय-समय पर अरावली संरक्षण के निर्देश देते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका प्रभाव सीमित रहा है।

- हिमांशु शेखर, गयाजी

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया लंबे समय तक राजनीतिक निर्वासन में रही हैं। अब उनके पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों बाद बांग्लादेश लौटे हैं, जिसे वैश्विक मीडिया व राजनीतिक विश्लेषको ने काफी तवज्जो दी है। जब बांग्लादेश राजनीतिक रूप से असामान्य परिस्थितियों से गुजर रहा है तो तारिक रहमान की राजनीतिक ऊर्जा को देखते हुए उन्हें बांग्लादेश का भविष्य बताया जा रहा है। कानूनी मामलों के कारण तारिक लंबे समय तक अपने देश से निर्वासित रहे।

बेबाक बोल

जगह, वाशिंगटन डीसी और पत्रकारों से मुखातिब थीं निर्मला सीतारमण। इतने अहम मंच से पत्रकारों ने भारतीय वित्त मंत्री से डालर के मुकाबिल रुपए के लगातार कमजोर होने के बाबत सवाल पूछे थे। जब अमेरिका तक रुपए का गिरना मुद्दा बन चुका था, तब भारतीय वित्त मंत्री का जवाब था-मैं इसे ऐसे नहीं देखती हूं कि रुपया गिर रहा है, बल्कि ऐसे देखती हूं कि डालर मजबूत हो रहा है...। किसी देश की सत्ता का चरित्र इस बात से तय होता है कि वह स्वीकार की स्थिति में रहती है, या नकार की स्थिति में। विदेशी मंच पर निर्मला सीतारमण के काफी समय पहले दिए इस जवाब से लेकर आज तक के हालात सिद्ध करते हैं कि मौजूदा सरकार यथास्थिति को लेकर नकार की स्थिति में रहती है। विदेश नीति में यह नकारवाद स्थायी भाव बन गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर भारत का प्रतिरोध इतना कमजोर है कि एक हफ्ते के अंदर दो हिंदुओं की भीड़ के द्वारा हत्या कर दी गई। क्या हम अब हर उस स्थिति को नामुमकिन बना रहे हैं, जो अब तक हमारे लिए मुमकिन था? विदेश नीति पर सवाल पूछता बेबाक बोल।

नामुमकिन

मुकेश भारद्वाज

'हिंदी नहीं सीखी? क्यों नहीं सीखी? अगर एक महीने में हिंदी नहीं सीखी तो पार्क छीन लो इनसे।' भारत की विदेश नीति किस हाल में है, उसे समझने की कोशिश सरकार की छोटी इकाई से करते हैं। ये विश्व गुरु सरीखे भाव वाले वाक्य हैं भाजपा पार्षद रेणु चौधरी के। देश की राजधानी दिल्ली में महिला पार्षद इस तरह की धमकी एक अफ्रीकी नागरिक को दे रही हैं। उनकी धमकी में जिस तरह के दिशानिर्देश हैं, क्या भारतीय संविधान उन्हें इसकी इजाजत देता है?

दक्षिण अफ्रीकी व्यक्ति शायद अंग्रेजी बोल रहा होगा। अब जरा स्थिति को उलट कर देखिए। कल को पार्षद साहिबा को दक्षिण अफ्रीका के किसी शहर में जाना पड़े और उनसे कहा जाए कि वहां की स्थानीय भाषा में बात नहीं करने पर आप पर कार्रवाई होगी, तो उनकी क्या हालत होगी। अगर उन्हें दक्षिण अफ्रीका के विभिन्न क्षेत्रों की अलग-अलग भाषा सीखने के लिए मजबूर होना पड़े तो शायद वे देश से बाहर पांव निकालने की सोचने से भी तौबा कर लेंगी। हालांकि रेणु चौधरी ने इसके लिए माफी मांग ली है, लेकिन चिंता की बात है कि जनप्रतिनिधि ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं? नफरत के वीडियो का जिस तरह संक्रामक प्रसार होता है, वहां बाद का माफीनामा दब जाता है।

विदेश नीति जैसी बड़ी बात हम छोटे उदाहरणों से कर रहे हैं। आदर याचना से नहीं कर्म से प्राप्त होता है। कोई अमीर आदमी सड़क चलते किसी आदमी से जाकर कहे, सुनो मुझे आदर दो, तो निश्चित रूप से सामने वाले की आंखों में ऐसी मांग करने वाले के लिए हास्य या घृणा के भाव पैदा होंगे। इसी तरह न तो किसी भाषा और न किसी देश के प्रति जबरन आदर पैदा करवाया जा सकता है। भाषा हो या देश, जिसमें जितनी समरसता होगी वह उतना ही आदरणीय होगा।

दीपू चंद्र दास

अमृत मंडल

विदेश नीति पर भी आम राजनीति वाला या तो अहंकार या घृणा वाला परिदृश्य हावी हो चुका है। पिछले दिनों दुनिया के शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्षों में से एक व्लादिमीर पुतिन से देश के बड़े जनसंचार माध्यम की दो 'एंकर' साक्षात्कार लेने पहुंचीं। एक राष्ट्राध्यक्ष और दो शीर्ष 'एंकर'। अंदाजा लगाया जा सकता है कि विदेश नीति पर कितने शीर्ष स्तर के सवाल हो सकते थे। लेकिन जब 'ह्यूज, ह्यूज, ह्यूज' करते हुए रूसी राष्ट्राध्यक्ष से भारतीय प्रधानमंत्री की अन्य राष्ट्राध्यक्षों से तुलना का सवाल पूछा तो रूसी राष्ट्रपति ने इसे अशोभनीय करार दिया। सरकार समर्थक एक आम कार्यकर्ता से लेकर, पार्षद व एंकरों तक की यही समझ बनी है कि खुद को महान साबित करने के लिए विदेशियों, दूसरे देशों की बेइज्जती तक पर उतर जाइए।

अब बात करते हैं, बड़ी इकाई के संदर्भ में। एक ऐसा देश जिसका जन्मदाता भारत है, आज वहां हमारी क्या स्थिति है? अभी तक कथित विश्व गुरु बनने के अहंकार में चूर तबका अल्पसंख्यक शब्द का मतलब एक खास कौम से लेता है, और उसके विषय में झूम-झूम कर नफरत फैलाता है। नफरत के इस नशे पर थोड़ा विराम तब लगा था जब सत्ता पक्ष को अपनी उभरती हुई नेता नुपूर शर्मा पर कार्रवाई करनी पड़ी थी। नुपूर शर्मा को अपने उभरने का एक यही जरिया समझ में आया था, जो उल्टा पड़ा।

आज बांग्लादेश में अल्पसंख्यक कोई और तबका है। वहां चल रही मौजूदा नफरत की राजनीति में एक हफ्ते के अंदर दो हिंदुओं दीपू चंद्र दास और अमृत मंडल को पीट-पीट कर मार दिया गया। अभी भी सत्ता पक्ष को राहुल गांधी के बोलने की चिंता है। उसे यह चिंता क्यों नहीं है कि सत्ता-समर्थकों की समझ बन रही है कि विदेशी या विदेशी संस्कृति को अपमानित करने से सत्ता-पक्ष में उनका सम्मान बढ़ेगा। पिछले दिनों क्रिसमस को लेकर जो अशोभनीय दृश्य देखे गए उसका अंजाम क्या होगा?

चीन की बात करने से तो परहेज ही करना चाहिए, क्योंकि जब सत्ता पक्ष ही चीन को नहीं समझ पा रहा है, तो उसका समर्थक वर्ग कैसे समझ लेगा? सत्ता समर्थक वर्ग तो चीन-अमेरिका को दो भारतीय रिश्तेदारों की तरह देखता है, कभी इसकी निंदा, कभी उसकी तारीफ। भारत अमेरिका के शुल्क संग्राम से लेकर एच1बी वीजा की मुश्किलों में घिरा तो एंकरों व सत्ता समर्थकों को लगा, अब चीन की तारीफ शुरू करो कि वह अमेरिका से कितना महान है (वैसे विश्व गुरु तो हम ही हैं)।

दुनिया के नब्बे फीसद क्लिष्ट तकनीकी अनुसंधानों की अगुआई कर रहे चीन के विदेशी रणनीतिकारों को शायद यह देखने की फुर्सत नहीं होगी कि अमेरिका से बदला लेने के लिए भारतीयों ने चीनी लड़ियों और सजावटी सामानों का बहिष्कार बंद कर दिया है। उन चीनी सामानों का बहिष्कार करना बंद कर दिया है, जो भारत सरकार की मंजूरी से वैध तरीके से भारतीय बाजारों में मिल रहे हैं। पिछले दिनों चीन ने पहली बार जब दुनिया भर के शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्षों की मौजूदगी में अपनी सामरिक शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन किया था, तो सत्ता समर्थक चीनी लड़ियों के बहिष्कार की बात ही भूल गए थे। रही बात अमेरिका की तो वह समझ चुका है कि चीन के सिर पर वैश्विक शक्ति का खिताब सजाना भर बचा है।

जब हम वैश्विक बंधुत्व की बात करते थे, तब बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव जैसे देश भारत को खुश करने की कोशिश करते थे। विश्व गुरु का दावा करते ही ये देश हमारी मुखालफत में जितना कुछ कर सकते हैं, कर रहे हैं। नेपाल, जिससे भारत का सबसे करीबी नाता रहा है, वह भी हमारी मुखालफत पर उतर आया है।

चीन के बारे में बात करते वक्त हम सतर्कता बरत रहे हैं कि गलवान का 'ग' भी गलती से नहीं बोलेंगे। अगर कुछ बोला भी जाएगा तो नेहरू को कोसा जाएगा। याद करें 'आपरेशन सिंदूर' के बाद संसद में हुई बहस को। नेहरू के नाम वाले विश्वविद्यालय से शिक्षित विदेश मंत्री एस जयशंकर पूरी चर्चा के दौरान यही साबित करते रहे कि मौजूदा सत्ता पक्ष की अभी तक की नाकामियों की वजह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ही हैं। सत्ता पक्ष ने अपनी खामियों की निशानदेही करने के बजाय नेहरू काल का अंत्यपरीक्षण किया। सत्ता पक्ष के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कह गए थे कि हम दोस्त बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। इस बुनियादी सिद्धांत को भूलते हुए सत्ता-पक्ष अपने हर पड़ोसी को नाराज कर बैठा है। शक्तिशाली पड़ोसी चीन से किस तरह की रिश्तेदारी रखी जाए, यह सत्ता समर्थक अपनी नफरती समझ से तय कर रहे हैं।

बांग्लादेश में लगभग दो दशक के निर्वासन के बाद बीएनपी नेता, तारिक रहमान लौट आए हैं, और युनूस को उन्हें वहां सुरक्षित गलियारा देना पड़ा है। रहमान ने आते ही समावेशी बांग्लादेश की बात की है। तारिक के उभार को देखते हुए भारत सरकार को संभल जाना चाहिए कि बांग्लादेश में हालात बदले तो हमारे हित सुरक्षित रहें।

एक सामान्य इंसान भी अपने जीवन में कई बार स्वीकार से लेकर नकार की स्थिति में होता है, लेकिन जीवन को एक दिशा देने के लिए स्वीकार की स्थिति में आना ही उसका प्रारब्ध है। चाहे किसान आंदोलन हो, या हाल में पंजाब विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव, सत्ता ने भी मजबूरन स्थिति को स्वीकारा है। एक बहुत गलत संदर्भ में महात्मा गांधी का नाम मजबूरी के साथ जोड़ दिया गया है। महात्मा गांधी तो उस मजबूती का नाम हैं जो कहते थे कि हर इंसान को अपनी कमजोरी पर काम करना चाहिए। लेकिन आप तब भी अपनी कमजोरी को नकार रहे हैं, जबकि हालत नाजुक है। रुपया, डालर के मुकाबिल शतक बना दे, क्या उससे पहले कोई स्वीकार होगा?

मानव मन की दुविधा आदि काल से है कि वह अनिष्ट या असंभव को स्वीकार करे या नकार दे। ज्यादातर लोग उसे तब तक नकारते हैं, जब तक वो प्रारब्ध बन कर उनसे टकरा न जाए। कुछ लोग मुमकिन को भी नामुमकिन बना सकते हैं। यह नकार का स्थायी भाव मुमकिन को नामुमकिन ही बनाते जाएगा।

राजपाट

हेमंत की हसरत

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पार्टी का दूसरे राज्यों में भी विस्तार करने की हसरत पाले हैं। राजनीतिक अस्तित्व के विस्तार के लिए ऐसी हसरत स्वाभाविक है। फिलहाल हेमंत सोरेन की नजर पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर टिकी है। पश्चिम बंगाल उनका पड़ोसी राज्य तो है ही, यहां कुछ इलाकों में आदिवासी आबादी भी अच्छी-खासी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का अभी कांग्रेस, राजद और वाम दलों के साथ गठबंधन है। इससे पहले सोरेन ने बिहार चुनाव में उम्मीदवार उतारने की भी कोशिश की थी, पर तेजस्वी यादव ने उनकी इन कोशिशों को परवान नहीं चढ़ने दिया जबकि वे दो सीटों के लिए भी तैयार थे। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भी आदिवासी आबादी है। बहरहाल, अब हेमंत ने ममता बनर्जी से संपर्क साधा है। वे तो प्रतीकात्मक भागीदारी के लिए भी तैयार हैं, यानी तीन-चार सीटें ही मिल जाएं तो वे अपनी राजनीतिक गाड़ी आगे बढ़ाएंगे। बंगाल में आदिवासी आबादी करीब छह फीसद है। इनमें संथाल आदिवासी ज्यादा हैं। हेमंत ने संथाल आदिवासियों के लिए कई काम किए हैं। इसी को आधार बना कर वे आगे बढ़ना चाहेंगे। अगर ममता राजी नहीं हुई तो हेमंत कांग्रेस से हाथ मिलाना चाहेंगे। सवाल यह है कि बिहार की तरह बंगाल में भी भाव न मिला तो क्या अपनी हसरत को परवान चढ़ाने के लिए अकेले अपने दम पर लड़ेंगे?

सियासी मोहरा

जीतन राम मांझी ने मांग की है कि उन्हें राज्यसभा की एक सीट चाहिए। अगर उनकी बात नहीं मानी गई तो वे राजग से अलग हो जाएंगे। राज्यसभा की सीट बिहार में उपेंद्र कुशवाहा और चिराग पासवान भी चाहते हैं। अगले साल अप्रैल में राज्यसभा चुनाव होना है। माना जा रहा है कि पांच में से तीन सीट भाजपा को और दो जद (एकी) को मिलेंगी। भाजपा ने लोकसभा चुनाव हारने वाले कुशवाहा को पिछले साल राज्यसभा भेजा था। उस सीट का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो जाएगा। संकेत हैं कि विधान परिषद की जो सीट मंगल पांडेय के इस्तीफे से खाली हुई है, भाजपा वह कुशवाहा के बेटे को देगी। इस नाते कुशवाहा को राज्यसभा में फिर मौका मिलना मुश्किल है। इसी तरह चिराग को भी सीट नहीं देना चाहती भाजपा। शायद इसलिए मांझी को मोहरा बनाया जा रहा है। वरना मांझी तो खुद को प्रधानमंत्री का चेला बताते हैं।

क्रिसमस पर अप्रिय विवाद

इस बार क्रिसमस के त्योहार पर सत्ता पक्ष के के खाते में एक और विवाद जुड़ गया है। कई जगहों पर त्योहार मनाते ईसाई समुदाय के लोगों पर हमले ने आशंका पैदा कर दी कि यह प्रवृत्ति और तेज न हो जाए। आरोप है कि कई दुकानदारों को क्रिसमस से संबंधित सामग्री बेचने से भी रोका गया। इस मसले पर विपक्ष ने सरकार को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। कुछ दक्षिण-पंथी तबके का कहना है कि इस पर्व का भारतीय सभ्यता-संस्कृति से कोई नाता नहीं है। विपक्ष का कहना है कि भारतीय संस्कृति समरसता की रही है, यहां इस तरह की हरकत स्वीकार्य नहीं है। भाजपा शासित राज्य में ऐसे हमले सामने आ रहे हैं, और प्रतीत हो रहा है कि उन्हें किसी तरह का भय नहीं है।

बैठक की तपिश

उत्तर प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पर लखनऊ के सियासी गलियारों में ब्राह्मण विधायकों की एक बैठक ने तपिश बढ़ा दी है। दरअसल इसी मंगलवार को कुशीनगर के भाजपा विधायक पंचानंद पाठक के लखनऊ स्थित आवास पर सूबे के ब्राह्मण विधायकों की एक बैठक हुई। विधानसभा सत्र के दौरान इस तरह की बैठक के आयोजन की पहले से किसी को भनक नहीं लगी। पाठक को योगी आदित्यनाथ का विरोधी माना जाता है। बैठक में करीब 40 विधायक जुटे। रात्रि भोज भी हुआ। चर्चा है कि बैठक का एजंडा भाजपा में ब्राह्मणों की अनदेखी था। हालांकि बाद में पंचानंद पाठक ने सफाई दी कि उन्होंने अपनी पत्नी के जन्मदिन पर समारोह का आयोजन किया था। यह सफाई किसी के गले नहीं उतरी क्योंकि ऐसा देखा नहीं गया है कि किसी के जन्मदिन के समारोह में केवल एक जाति के लोगों को आमंत्रित किया गया हो। किसी ने इसे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के खिलाफ असंतोष का इजहार बताया। वहीं, किसी ने आरोप लगाया कि यह दिल्ली के इशारे पर हुआ शक्ति-प्रदर्शन था। चर्चा है कि इस बैठक में मौजूद विधायकों से कोरे कागज पर हस्ताक्षर भी कराए गए। इस मसले पर विवाद बढ़ा, विपक्ष ने तंज कसे तो भाजपा के नए सूबेदार पंकज चौधरी सक्रिय हुए। उन्होंने गुरुवार को चेतावनी जारी कर दी कि पार्टी के लोग जातीय विभाजन से बचें और सामाजिक समरसता की नीति पर ही चलें।

मांझी का सच

जीतन राम मांझी बेबाक बोलते हैं। बिना लाग-लपेट। किसी को अच्छा लगे या बुरा। उनकी पार्टी हिंदुस्तान आवामी मोर्चा राजग में है। बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके मांझी इस समय केंद्र सरकार में मंत्री हैं। इसी हफ्ते मांझी ने खुलासा किया कि सभी सांसद और विधायक क्षेत्र विकास निधि से कमीशन खाते हैं। खुद भी कमीशन लेने की बात स्वीकार की और बताया कि उन्होंने कमीशन की यह राशि पार्टी के लिए इस्तेमाल की। अपनी पार्टी के नेताओं से उन्होंने कहा कि वे इसी पैसे से कार खरीद लें। मांझी ने अपनी पार्टी के विधायकों से कहा कि उन्हें दस फीसद कमीशन न मिले तो कम से कम पांच फीसद तो लेना ही चाहिए। एक सांसद को हर साल पांच करोड़ मिलते हैं। दस फीसद के हिसाब से 50 लाख कमीशन बनता है। मांझी का बेटा संतोष कुमार सुमन बिहार सरकार में मंत्री है और पार्टी के अध्यक्ष भी वही हैं। मांझी ने अपने बेटे से भी कहा कि वह कमीशन लेने में संकोच न करे, क्योंकि सभी लेते हैं। मांझी के बयान से भाजपा की हालत पतली हो गई है। तभी तो दिलीप जायसवाल ने इसे मांझी की निजी राय बताकर पल्ला झाड़ लिया।

संकलन : मृणाल वल्लरी

आपके पत्र

पक्ष में कुतर्क

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा नकाब को खींचना जितना गलत था उससे भी ज्यादा गलत तो अब हो रहा कि उस घटना को हर कोई सही बताने में लगा है। कोई कह रहा है कि नियुक्ति पत्र लेना है तो नकाब हटाना ही पड़ेगा, अब वो लड़की नौकरी करे या जहन्नुम में जाए। हर कोई इस घटना में मुख्यमंत्री को अभिभावक की तरह पेश कर रहा है। कोई अभिभावक ऐसा करता है क्या? मामला अब ये नहीं है कि नकाब क्यों हटाया बल्कि अब तो ये साबित किया जा रहा है नीतीश जी ने सही किया है। देश किधर जा रहा है? क्या गलत को गलत बोलने की हिम्मत किसी में नहीं?

-जफर अहमद, मधेपुरा, बिहार।

स्त्री और समाज

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा एक युवा मुसलिम महिला चिकित्सक के साथ किया गया व्यवहार किसी भी नजरिए से सही नहीं कहा जा सकता। घटना के बाद कुछ बयान वीर नेताओं ने माहौल को खराब करने वाले बयान दिए जो कि सर्वथा अनुचित हैं। हर क्षेत्र में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करवाने के बावजूद हमारे समाज में महिलाओं को वह सम्मान नहीं मिला, जिसकी वे हकदार हैं। हमारे समाज में महिलाओं को हमेशा दोयम दर्जे का नागरिक ही माना जाता रहा है, महिलाएं चाहे अनपढ़ हों चाहे पढ़े-लिखी, चाहे गरीब परिवारों से आती हों, चाहे अमीर परिवारों से, चाहे गांवों में रहने वाली हों चाहे शहरों में। हर समाज में महिलाएं पीड़ित ही हैं। हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की व्यवस्था नारी को पुरुष के साथ बराबरी का स्थान दिलाने के लिए किंचित इच्छुक नहीं है। नारी को पुरुष की बराबरी का स्थान दिलाने के लिए लंबा और जोरदार संघर्ष अपेक्षित है।

-चरनजीत, नरेला दिल्ली।

हार बिहार की

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के बुलंद नारों के बीच पढ़ी-लिखी बेटी की अस्मिता पर सरेआम हमला हुआ और सियासत मुस्कुराती रही। कुछ देर के लिए मान भी लें कि वह वजीर-ए-आला की ठिठोली और लाड़-दुलार का हिस्सा भर था। मगर जल्दी ही कुछ नामचीन कौमपरस्तों ने हमारे ख्यालों को बचकाना साबित कर दिया। बिहार जम्हूरियत की जमीन पर खड़ी सियासत में पितृसत्तावादी सोच के बीच अपने वजूद तलाशती औरतों का बेबाक तब्सिरा है। बिहार की शख्सियतों की लंबी फेहरिस्त ने सूबे को दो कदम आगे चलना सिखाया है। मगर बिहार की 'हार' ने सियासत के उन पन्नों को खोल दिया, जिनमें औरतों के हक, हसरत और हैसियत की दास्तान दफन है। तारीख गवाह है कि इस जमीन पर उस जमीन के एक टुकड़े की खातिर द्रौपदी मोहरा बन कर खड़ी की गई थी। दुनिया ने फिर से देखा कि हालिया सियासत के चुनावी चाल में औरतें मोहरा बनी थीं और बिहार खामोश था। बेशक बीमार सूबों की कतार में खड़ी मां-बेटियों के हाथों में आए दस हजार रुपए दुनिया की दौलत से कम न थे। बहरहाल, इंसानों की भीड़ में अकेली खड़ी इंसानियत की खामोशी बता रही है कि जीत किसी की हो, हार बिहार की है।

-एमके मिश्रा, रांची, झारखंड।

नैराश्य में नैतिकता

बिहार अपनी प्राचीन गौरव गरिमा की गाथा से वर्तमान सत्ता सदन के आंगन में जीत की हार गले में धारण करते हुए 'हिजाब' खींचने के अमर्यादित आचरण में लिप्त दिखा। सहज रूप में भारी मन से स्वीकार करने में कोई संशय नहीं है कि राज्य की महिला मतदाताओं के बलबूते दर्ज जीत में नारी अस्मिता की हार का प्रतिबिंब परिलक्षित हो रहा है। इस घटना के समय प्रदेश के भाग्य विधाता के पीछे खड़े नवरत्नों की खिलखिलाहट द्रौपदी के चीरहरण का धूमिल आवरण भी स्पष्ट कर रहा था। राजतंत्रीय व्यवस्था के अनेक पन्ने साक्षी हैं कि राजा-महाराजा के गलत कृत्यों में उनके दरबारियों की ऊर्जा अधिक प्रेरक एवं प्रभावी हुआ करती थी। सत्ता पक्ष के माननीयों ने संविधान के शपथ पत्र में अपने दैनिक आचरण में जिस लोक मर्यादा के पालन के वचन दुहराए थे, आज जब उसकी कड़ी घटित प्रसंग में तार-तार होकर खंडित हो रही है तो बुनियादी सवाल यही है कि बता ऐ जिंदगी, हम धूप से बचने कहां जाएं? लेख निष्कर्ष यथार्थ का चिंतन करा रहा है कि आखिर बीस वर्षों की जमा राजनीतिक पूंजी 'लम्हो ने खता की' के फंदे को चूमने को क्यों विवश है। आशंका के बादल घनीभूत हो रहे हैं कि कहीं दसवीं बार शपथ का वैश्विक कीर्तिमान आभासी ऐश्वर्य का प्रतीक चिह्न बनकर पूरे देश में यह संदेश प्रसारित न कर दे कि सत्ता समुदाय सच से मुंह मोड़ते हुए 'हिजाब-कृत्य' पर चुप्पी साधे हुए है और इसे न्यायोचित ठहराने की जुगत में अपनी नकारात्मक अक्षय ऊर्जा के सन्नाटे में चीखने के स्वर को दबाने में भी मशगूल है। यदि राजा के प्रतिकूल स्वास्थ्य से प्रजा की मानस भूमि बंजर हो रही है तो समय की मांग है कि उसका निदान किया जाए।

-अशोक कुमार, पटना, बिहार।

मर्यादा की लकीर

सार्वजनिक जीवन की एक मर्यादा होती है। निःसंदेह माननीय मुख्यमंत्री की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। एक डाक्टर बनने जा रही महिला का संबंध चाहे किसी धर्म, जाति से हो, कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान निर्धारित गणवेश जरूरी है। मगर इसके संबंधित सवाल भी तो पूछा जा सकता था कि क्या इस पहनावे में पेशेवर भूमिका का निर्वहन संभव है? बहरहाल बात को टाला भी जा सकता है। लेकिन इसको लेकर कुतर्कों का सहारा लेना कहीं से उचित प्रतीत नहीं होता है, और न ही लेना चाहिए। बहरहाल राजनीति का इन दिनों अपना चलन है। जिसके तहत सरकारों के हिसाब से चौथा स्तंभ भी मन माफिक तर्क गढ़ता नजर आता है। लेकिन मर्यादा एक लकीर की तरह होती है, जिससे इनकार करना असंभव है।

-मुकेश कुमार मनन, पटना।

संवेदनशील लेख

बिहार के मुद्दे पर जितना पढ़ा, मुकेश भारद्वाज का बेबाक बोल बेहतरीन लगा। स्त्री अस्मिता का विभाजन सचमुच चिंतनीय है।

-अंकुर सिंह, गाजियाबाद।

विशेष पन्ना कैसा लगा

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

अगरबत्तियों के लिए नया मानक, जहरीले रसायनों के प्रयोग पर प्रतिबंध

घर के अंदर वायु गुणवत्ता, पर्यावरण व नियामकीय अनुपालन पर दिया जोर

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

विश्व में अगरबत्ती का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक भारत उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नया गुणवत्ता मानक लेकर आया है जिसके तहत अगरबत्ती निर्माण में कुछ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस कदम से करीब 8,000 करोड़ रुपए के अगरबत्ती बाजार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

उपभोक्ता सुरक्षा, घर के अंदर वायु गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और नियामकीय अनुपालन पर बढ़ते जोर के मद्देनजर अगरबत्तियों के लिए एक अलग से भारतीय मानक 'आइएस 19412:2025' विकसित किया गया है। यह मानक कुछ सुगंधित यौगिकों और रसायनों पर वैश्विक स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों को भी ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के बयान के अनुसार, नए मानक का अनुपालन करने वाले उत्पाद बीआइएस मानक चिन्ह भी ले सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आत्मविश्वास के साथ सूचित विकल्प चुनने में मदद मिलेगी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) ने अगरबत्ती में उपयोग के लिए निषिद्ध पदार्थों की एक सूची भी तय की है। सूची में एलेथ्रिन, पर्मेथ्रिन, साइपरमेथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और फिप्रोनिल जैसे कुछ कीटनाशक रसायन शामिल हैं। इसके अलावा बेंजिल सायनाइड, एथिल एक्रिलेट और डाइफिनाइल एमीन जैसे कृत्रिम सुगंध मध्यवर्ती रसायनों पर भी रोक लगाई गई है। मंत्रालय के अनुसार, इन पदार्थों में से कई मानव स्वास्थ्य, घर के अंदर वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय सुरक्षा पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित हैं।

> *नए* गुणवत्ता मानक के तहत अगरबत्तियों को मशीन निर्मित, हाथ से बनी और पारंपरिक मसाला अगरबत्ती की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इससे उपभोक्ता विश्वास बढ़ेगा, पारंपरिक कारीगरों को समर्थन मिलेगा।

नए गुणवत्ता मानक के तहत अगरबत्तियों को मशीन निर्मित, हाथ से बनी और पारंपरिक मसाला अगरबत्ती की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इससे उपभोक्ता विश्वास बढ़ेगा, पारंपरिक कारीगरों को समर्थन मिलेगा और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बेहतर होगी। लगभग 8,000 करोड़ रुपए वार्षिक आकार वाले भारतीय अगरबत्ती उद्योग से हर साल 1,200 करोड़ रुपए मूल्य की अगरबत्तियों का निर्यात होता है। भारत अमेरिका, मलेशिया, नाइजीरिया, ब्राजील और मेक्सिको सहित 150 से अधिक देशों को अगरबत्तियां निर्यात करता है।

इंडिगो संकट पर उच्च स्तरीय जांच पूरी, समिति ने सौंपी रपट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 दिसंबर।

देश की सबसे बड़ी एअरलाइंस इंडिगो की उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द होने के मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय समिति ने विमानन नियामक (डीजीसीए) को अपनी रपट सौंप दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, रपट के निष्कर्षों का ब्यौरा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के संयुक्त महानिदेशक संजय के ब्रम्हाणे की अध्यक्षता में पांच दिसंबर से समिति का गठन किया गया था।

समिति को यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वह उन परिस्थितियों की व्यापक समीक्षा करे, जिनकी वजह से इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें कई दिनों तक रद्द हुई थीं। अधिकारी के मुताबिक जांच समिति ने शुक्रवार शाम अपनी रपट डीजीसीए को सौंप दी और रपट की प्रतियां नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू और नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा के कार्यालय को भी भेजी गई हैं। हालांकि, रपट के निष्कर्षों का ब्योरा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

इस समिति में ब्रम्हाणे के अलावा डीजीसीए के उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन कपिल मांगलिक और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन रामपाल शामिल थे। दिसंबर के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर इंडिगो की उड़ानें रद्द हुई थी और सैकड़ों उड़ानों की देरी की वजह से देश के तमाम हवाई अड्डों पर यात्रियों को कई दिनों तक भीषण संकट से जूझना पड़ा था।

> *दिसंबर* के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर इंडिगो की उड़ानें रद्द हुई थी और सैकड़ों उड़ानों की देरी की वजह से देश के तमाम हवाई अड्डों पर यात्रियों को कई दिनों तक भीषण संकट से जूझना पड़ा था।

अधिकतम एक दिन 1,600 से अधिक उड़ानें भी रद्द करनी पड़ी थीं। चालक दल के सदस्यों की तैनाती एवं विश्राम से संबंधित नए मानकों को लागू करने के लिए इंडिगो ने समय पर तैयारी नहीं की थी जिसकी वजह से यह व्यापक गतिरोध पैदा हुआ। उड़ान बाधाओं के बाद डीजीसीए ने इंडिगो को अपना शीतकालीन उड़ानों की संख्या में 10 फीसद तक कटौती करने का निर्देश दिया था।

'प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष से जुड़े आरोपों का जवाब दे सरकार'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 दिसंबर।

आयकर विभाग की कथित गोपनीय रपट में प्रसार भारती के पूर्व चेयरमैन नवनीत कुमार सहगल पर 112 करोड़ रुपए के गबन से जुड़े किकबैक नेटवर्क के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने केद्र सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त होने के बावजूद अब उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय में में महत्वपूर्ण भूमिका दिए जाने की चर्चा है।

खेड़ा पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रह थे। खेड़ा ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि सहगल को प्रसार भारती में क्यों नियुक्त किया गया और फिर क्यों हटाया गया? क्या उन्हें हिरेन जोशी कि जगह पीएमओ में लाने की कोशिश हो रही है? साथ ही, उन्होंने हिरेन जोशी को लेकर भी सवाल उठाए और पूछा कि क्या उन्हें औपचारिक रूप से हटाया गया है, निलंबित किया गया है या जांच के दायरे में रखा गया है? खेड़ा ने कहा कि पीएमओ से संचालित ऐप्स, उनमें हिस्सेदारी रखने वाले परिवारों, पीएमओ प्रकरण से जुड़ी बालीवुड हस्तियों और उद्योगपतियों के संबंधों की परतें जल्द ही खोली जाएंगी।

> *मीडिया* एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त होने के बावजूद अब उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय में में महत्वपूर्ण भूमिका दिए जाने की चर्चा है।

संभल फर्जी मुठभेड़ मामला

12 पुलिसकर्मियों व अन्य पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

संभल, 26 दिसंबर (भाषा)।

संभल जिले की एक अदालत ने कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व थाना प्रभारी समेत 12 पुलिसकर्मी और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। आरोप है कि एक व्यक्ति को डकैती के मामले में गिरफ्तार दिखाया गया, जबकि घटना के समय वह जेल में बंद था। एक अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देगी।

अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने का यह आदेश संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर ने दिया। मामला ओमवीर नामक व्यक्ति से जुड़ा है, जिसे जेल में बंद होने के बावजूद लूट की घटना में शामिल दिखाकर बाद में कथित मुठभेड़ में गिरफ्तार दर्शाया गया। ओमवीर के अधिवक्ता सुकांत कुमार ने बताया, 'सीजेएम ने 24 दिसंबर को ओमवीर द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि उसे डकैती के झूठे मामले में फंसाया गया और बहजोई पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ दिखाकर उसकी गिरफ्तारी की।

> *अधिवक्ता* ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने का यह आदेश संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने दिया। मामला ओमवीर नामक व्यक्ति से जुड़ा है, जिसे जेल में बंद होने के बावजूद लूट की घटना में शामिल दिखाया।

याचिका के अनुसार, 25 अप्रैल 2022 को बहजोई थाना क्षेत्र में एक लाख रुपए की लूट हुई थी और उसी दिन प्राथमिकी दर्ज की गई। हालांकि, याचिका में ओमवीर ने दावा किया कि वह 11 अप्रैल से 12 मई 2022 तक बदायूं जेल में बंद था और 12 मई को ही रिहा हुआ था, ऐसे में 25 अप्रैल को डकैती में शामिल होना असंभव था। याचिका में कहा गया कि इसके बावजूद, ओमवीर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर उसे जेल भेज दिया गया।

अदालत ने तत्कालीन थाना प्रभारी पंकज लवानिया, अपराध शाखा के निरीक्षक राहुल चौहान, उप निरीक्षक प्रबोध कुमार, नरेश कुमार, नीरज कुमार और जमील अहमद, आरक्षी वरुण, आयुष, राजपाल, मालती चौहान, दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल रूप चंद्र और एक अन्य दुर्वेश के खिलाफ तीन दिन के भीतर प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गोपाल सिंह को इस मामले में राहत दी है।

प्रदर्शनी — अहमदाबाद में आयोजित एक मेले के दौरान कांकरिया झील पर प्रकाश का प्रदर्शन देखते लोग।

शेर और तेंदुए के साथ गुजरात अब बाघ का भी बना घर

अहमदाबाद, 26 दिसंबर (भाषा)।

गुजरात ने तीन दशकों से अधिक समय बाद 'बाघ की मौजूदगी वाले राज्य' का दर्जा फिर से हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने गुजरात में एक बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की है। उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अन्य मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही गुजरात अब शेर और तेंदुए के साथ बाघ का भी घर बन गया है।

वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, गुजरात में 36 साल पहले 1989 में बाघ विलुप्त हो गए थे। यह घटनाक्रम गुजरात वन विभाग द्वारा यह घोषणा किए जाने के लगभग एक महीने बाद आया है कि एक भटकते हुए बाघ ने दाहोद जिले के रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य को अपना नया घर बनाया है और अब वह वहीं बस गया है। सांघवी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि गुजरात ने 30 से अधिक साल बाद बाघों की मौजूदगी दर्शाने वाले भारत के नक्शे में फिर से जगह बनाई है। रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य में लगे कैमरे में रेकॉर्ड किए गए सबूतों की पुष्टि करते हुए एनटीसीए ने वर्ष 2026 की गणना के लिए आधिकारिक तौर पर गुजरात को बाघ वाले राज्य के रूप में फिर से शामिल कर लिया है।

> *तीन* दशक बाद गुजरात ने 'बाघ की मौजूदगी वाले राज्य' का दर्जा फिर से हासिल किया, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने गुजरात में एक बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की है।

चांदी 9,350 रुपए बढ़कर 2.36 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 9,350 रुपए बढ़कर 2,36,350 रुपए प्रति किलोग्राम के नए रेकार्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

बुधवार को चांदी की कीमत 2,27,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी। पिछले चार कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमत 32,250 रुपए यानी 15.8 फीसद बढ़ी है। यह 19 दिसंबर को 2,04,100 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इस साल चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2024 को 89,700 रुपए प्रति किलोग्राम रही थी और तबसे इसमें 1,46,650 रुपए यानी 163.5 फीसद की तेजी आई है। इस बीच, सोने की कीमतों ने स्थानीय सर्राफा बाजार में अपनी तेजी बरकरार रखी।

99.9 फीसद शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपए बढ़कर 1,42,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रेकार्ड स्तर पर पहुंच गई। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,40,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

> *99.9* फीसद शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपए बढ़कर 1,42,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रेकार्ड स्तर पर पहुंच गई।

अरावली बचाने के लिए 7 से कांग्रेस की सत्याग्रह यात्रा

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने सम्मेलन में दी जानकारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 दिसंबर।

अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए कांग्रेस सात जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह यात्रा' निकालेगी। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने सर्वोच्च अदालत के फैसले पर चिंता जताई, जिसमें अरावली की परिभाषा बदलते हुए 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को संरक्षण के दायरे से बाहर करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर भारत की सभ्यता और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस ने 'अरावली सत्याग्रहह्ल नाम से आनलाइन प्रतिवेदन (पिटिशन) शुरू किया, जिसमें एक लाख से ज्यादा लोग अब तक जुड़ चुके हैं। युवा कांग्रेस द्वारा सात जनवरी से 20 जनवरी तक 'अरावली सत्याग्रह यात्रा' निकाली जाएगी। यह यात्रा गुजरात से शुरू होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। इस यात्रा के जरिए उनकी मांग है कि 100 मीटर वाले प्रावधान को रद्द किया जाए, पूरे अरावली जोन को गंभीर क्षेत्र घोषित किया जाए और अदालती आदेशों की समीक्षा की जाए। इसके अतिरिक्त सरकार प्रस्ताव वापस ले और अरावली में खनन पर तरह पूरी तरह रोक लगाई जाए।

> *उन्होंने* सर्वोच्च अदालत के फैसले पर चिंता जताई, जिसमें अरावली की परिभाषा बदलते हुए 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को संरक्षण के दायरे से बाहर करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, बल्कि उत्तर भारत का सुरक्षा कवच है। यह डेढ़ अरब साल पुरानी श्रृंखला दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और पश्चिमी यूपी में पानी का स्तर बनाए रखती है, प्रदूषण रोकती है, रेगिस्तान के फैलाव को थामती है और तापमान नियंत्रित करती है। लेकिन भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति और भाईचारे को प्रदूषित किया, अब पर्यावरण को नष्ट करने पर तुली है।

दाभोल परियोजना : पूर्व कर्मचारियों ने 24 साल से रुके वेतन की मांग की

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

दाभोल परियोजना के नाम से मशहूर रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड (आरजीपीपीएल) से जुड़े पूर्व कर्मचारियों के एक समूह ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि अगर पिछले 24 वर्षों से लंबित उनके वेतन और पेंशन के भुगतान के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन करेंगे।

मुंबई के वरिष्ठ पूर्व कर्मचारियों ने संवाददाताओं से कहा कि दाभोल परियोजना या आरजीपीपीएल की देखरेख करने वाले संबंधित संस्थान, वर्षों की सेवा के बावजूद उनके वेतन और पेंशन जारी करने में विफल रहे। इस लंबी देरी ने कई वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक संकट में डाल दिया है, जिससे उन्हें चिकित्सा, भोजन और आवास के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

अभियान — जांच में तेजी के साथ बढ़ गए तपेदिक के मरीज, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक

दो वर्ष बढ़ाया गया तपेदिक उन्मूलन का राष्ट्रीय लक्ष्य

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 दिसंबर।

देश में तपेदिक (टीबी) उन्मूलन का अभियान अभी दो साल और चलेगा। जांच के दौरान बढ़े मरीजों की संख्या को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी उन्मूलन का राष्ट्रीय लक्ष्य साल 2025 से बढ़ाकर साल 2027 कर दिया है। केंद्रीय क्षय प्रभाग की जानकारी के अनुसार देश में अक्तूबर 2025 तक टीबी के 2077591 मरीज मिले। प्रति लाख के आधार पर साल 2025 में यह आंकड़ा 195 मरीज पर पहुंच गया, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 131 पर था।

स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री व अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के पहुंचाने, मरीजों की संतुष्टि बढ़ाने, नियामक निगरानी में सुधार करने और 2027 तक ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) को सार्वजनिक स्वास्थ्य की चिंता के तौर पर खत्म करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

राज्य को मिलेगी हर संभव मदद

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य को हर संभव मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ में कुष्ठ रोग के प्रबंधन को प्राथमिकता के तौर पर लिया जाएगा। इसके अलावा दूसरे राज्यों के साथ ही मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान को चलाया जाएगा। बैठक में दवा विनियमन को मजबूत करने, निदान को बेहतर बनाने, अस्पताल प्रबंधन को पेशेवर बनाने, चिकित्सा शिक्षा क्षमता को बढ़ाने और टीबी मुक्त भारत की दिशा में तेजी से प्रयास के लिए काम किया जाएगा।

भारतीय दवाओं की बढ़ रही है विदेश में विश्वसनीयता : नड्डा

भारतीय दवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ विदेश में विश्वसनीयता भी बढ़ रही है। यह कहना है केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का। शुक्रवार को मंत्री ने मंत्रालय की सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही निवेदिता शुक्ला वर्मा के साथ भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आइपीसी) की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री ने कहा कि दुनिया के 19 देशों में भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता मिल चुकी है, जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में एक पहल है।

खबर कोना

इंडिगो पर जीएसटी से जुड़ा 13 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा)।

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में 13 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब के राज्य कर, उत्पाद शुल्क और कराधान विभाग सहायक आयुक्त के कार्यालय ने वित्त वर्ष 2021-22 से संबंधित 13,28,255 रुपए का जुर्माना लगाया है। विभाग ने जुर्माने के साथ-साथ जीएसटी की मांग भी उठाई है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि विभाग ने जीसीएटी मांग के साथ जुर्माना भी लगाया है। कंपनी मानती है कि प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश त्रुटिपूर्ण है। इसके अलावा कंपनी का मानना है कि उसके पास पर्याप्त सबूत और बाहरी कर सलाहकारों की सलाह के आधार पर मजबूत पक्ष है। इसलिए, कंपनी इस निर्णय को उचित प्राधिकरण के समक्ष चुनौती देगी। कंपनी ने यह भी कहा कि इस फैसले का उसके वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है।

सूचकांक लगातार तीसरे दिन फिसला, विदेशी पूंजी निकासी से 367 अंक टूटा

मुंबई, 26 दिसंबर (भाषा)।

विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत के अभाव में शेयर बाजार में गिरावट जारी रही और बीएसई सूचकांक लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान के साथ बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 367.25 अंक यानी 0.43 फीसद गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ। कमजोर कारोबार के बीच एक समय यह 470.88 अंक टूटकर 84,937.82 के स्तर तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 99.80 अंक यानी 0.38 फीसद गिरकर 26,042.30 अंक पर बंद हुआ। यह दूसरे दिन नुकसान के साथ बंद हुआ।

द्रौपदी मुर्मू कल पनडुब्बी से करेंगी समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, 26 दिसंबर (भाषा) ।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 दिसंबर रविवार को कर्नाटक के कारवार बंदरगाह से एक पनडुब्बी में सवार होकर समुद्री यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रपति का शनिवार से गोवा, कर्नाटक और झारखंड का चार दिवसीय दौरा शुरू होगा और इस दौरान ही उनकी समुद्री यात्रा निर्धारित की गई है। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू 27 दिसंबर की शाम को गोवा के लिए रवाना होंगी। बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति 28 दिसंबर को कर्नाटक के कारवार बंदरगाह से एक पनडुब्बी में सवार होकर समुद्री यात्रा करेंगी। मुर्मू सोमवार को झारखंड के जमशेदपुर में ओल चिकी के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति सोमवार को ही एनआईटी, जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति 30 दिसंबर को झारखंड के गुमला में एक अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह 'कार्तिक जात्रा' को संबोधित करेंगी।

रुपया 19 पैसे कमजोर होकर 89.90 प्रति डालर पर बंद

मुंबई, 26 दिसंबर (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले 19 पैसे टूटकर 89.90 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में सुधार, आयातकों की मजबूत डालर मांग और व्यापार समझौते से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.84 प्रति डालर पर खुला और कारोबार के दौरान एक समय 89.94 के निचले स्तर तक चला गया। हालांकि कारोबार के अंत में रुपया कुछ नुकसान की भरपाई करते हुए 89.90 पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर डालर के मुकाबले आठ पैसे टूटकर 89.71 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि नए साल की छुट्टियों से पहले विदेशी निवेशकों की तरफ से लगातार पूंजी निकासी किए जाने तथा आयातकों की भारी डालर मांग से भी रुपए पर दबाव बना रहा।

कनेक्टिविटी • फरीदाबाद से यूपी के ग्रेटर नोएडा आना-जाना होगा आसान

मंझावली को जोड़ने वाली सड़क ग्रेनो के जगनपुर तक बनेगी, 50 करोड़ खर्च होंगे

70 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण पूरा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वर्ष 2026 में फरीदाबाद से यूपी के ग्रेटर नोएडा व नोएडा आना-जाना आसान होगा। नौ महीने में मंझावली से नोएडा के जगनपुर तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। शुक्रवार को हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर व यूपी के जेवर के विधायक धीरेंद्र प्रताप ने सड़क का शिलान्यास किया। इस सड़क को 50 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग बनाएगा।

मंझावली पुल केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का ड्रीम प्रोजेक्ट है। वर्ष 2014 में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसका शिलान्यास किया था। यह पुल ग्रेटर नोएडा व फरीदाबाद को आपस में जोड़ने का काम करेगा। इस पर लगभग 122 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। हरियाणा के हिस्से में यमुना नदी पर लगभग 630 मीटर लंबा पुल पहले ही बन चुका है। इसके साथ ही फरीदाबाद से पुल तक की सड़क को चौड़ा कर यातायात के लिए पूरी तरह तैयार कर दिया गया है। पुल को पार करने के बाद यमुना से आगे लगभग 900 मीटर तक हरियाणा की सीमा में सड़क बना दी गई है। इसके बाद का क्षेत्र उत्तरप्रदेश में आता है, जहां अब तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है और लोग कच्चे रास्ते से होकर निकलने को मजबूर हैं। यूपी की सीमा के नोएडा क्षेत्र में पांच किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होना बाकी है। अभी लोगों को कच्चे रास्ते से दो राज्यों में आवाजाही करनी पड़ती है, जिससे आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा में सड़क और पुल का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। ग्रेटर नोएडा में सड़क का कुछ हिस्सा बचा था। उसका काम शुरू कर दिया गया है। इससे दोनों प्रदेश के लोगों को आवाजाही में बड़ी राहत मिलेगी।

अधिकारियों का कहना है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बराबर मुआवजा राशि पर सहमति बनने के बाद किसान जमीन देने को तैयार हुए। मुआवजा वितरण के लिए राशि कम पड़ने के कारण अभी भी 70 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण ही पूरा हो पाया है। बाकी 30 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण सरकार की ओर से जल्द किए जाने की बात कही गई है। शुक्रवार को हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस सड़क का शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग की ओर से इसका निर्माण शुरू कर दिया गया है।

सड़क का शिलान्यास करते जेवर के विधायक धीरेंद्र प्रताप व हरियाणा के मंत्री राजेश नागर।

सड़क का अटल बिहारी बाजपेयी मार्ग होगा नामः जानकारी के अनुसार इस मार्ग का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा जाएगा। मंझावली पुल के लिए गौतमबुद्ध नगर में साढ़े चार किलोमीटर लंबी सड़क से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इसमें 1.7 किलोमीटर लंबी नई सड़क का निर्माण होगा। यह सड़क 45 मीटर चौड़ी व फोर लेन होगी। करीब एक किलोमीटर लंबी मौजूदा सड़क को 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के हिस्से में करीब दो किलोमीटर सड़क की मरम्मत होगी। सड़क बनने से दिल्ली में वाहनों का दबाव कम होगा।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

पलवल | होडल नेशनल हाईवे-19 पर एक ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया। इससे दोनों गिर गए। इसके बाद टायर उनके ऊपर से निकल गया। इससे एक युवक की मौके पर व दूसरे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गया। कैंप थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के अनुसार शोलाका गांव निवासी इरशाद ने शिकायत में कहाकि वह और उनके साथी गुरुवार देर रात जवाहर नगर कैंप मार्केट से काम पूरा करने के बाद अपने घर जाने के लिए हाईवे पर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि फ्लाईओवर से होडल की तरफ उतरते समय एक ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दिया। इससे दो युवक गिर गए। फिर टायर उनके ऊपर से निकल गया।

घर में खेलते समय 8 साल के बच्चे के गले में उलझी चुन्नी, फंदा लगने से मौत

हादसे के दौरान बच्चा खिड़की में चुन्नी बांध कर उससे खेल रहा था

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

पर्वतीया कालोनी में गुरुवार रात घर में खेलते समय आठ साल के बच्चे निशांत की गले में चुन्नी फंसने के बाद फंदा लगने से मौत हो गई। सारन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पर्वतीया कॉलोनी निवासी दिलीप कुमार होलसेल का काम करते हैं। दिलीप कुमार के तीन बच्चे हैं। गुरुवार रात वह अपने कमरे में बैठकर हिसाब किताब कर रहे थे। उनका छोटा बेटा निशांत उनके सामने ही खेल रहा था।

निशांत चुन्नी को खिड़की में बांधकर खेल रहा था। इसी दौरान निशांत का पांव फिसल गया और चुन्नी उसके गले में फंस गई। इसके बाद वह बेहोश हो गया। दिलीप ने यह देखा तो उन्होंने तुरंत बच्चे के गले से चुन्नी निकाली और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। जांच अधिकारी दुलीचंद के अनुसार खेलने के दौरान यह हादसा हुआ। पोस्टमार्टम के लिए शव बीके अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रात को हंगामा कर रहे शराबी ने सिर पर कई वार कर युवक की हत्या की

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

खोरी गांव में गुरुवार रात नशे में हंगामा कर रहे शराबी ने एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान पलवल जिले के मितरोल गांव निवासी सतीश के रूप में हुई है। सूरजकुंड थाने की पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक सतीश सूरजकुंड के प्रह्लादपुर गांव स्थित एक होटल में सहायक का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। गुरुवार रात सतीश अपने घर से थोड़ी दूर स्थित दुकान पर बीड़ी लेने गया था। इसी दौरान राहुल नामक युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहा था। वह लोगों को अपशब्द बोल रहा था। सतीश, राहुल को नजरंदाज कर दुकान पर चला गया। रास्ते में सतीश को राहुल की मां मिल गई। उन्होंने बेटे के बारे में सतीश से पूछा। सतीश ने महिला से कहा कि उनका बेटा शराब के नशे में घर के पास हंगामा कर रहा है। इसके बाद सतीश उसकी मां को लेकर राहुल के पास गया। दोनों राहुल को शांत कराने का प्रयास करने लगे। इस पर राहुल भड़क गया। उसने लकड़ी का फट्ठा सतीश के सिर में मार दिया। फिर ईंट से सिर पर तीन से चार वार कर दिए।

हरियाणा मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने अस्पताल का दौरा किया

फरीदाबाद | हरियाणा मानवाधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने भाटिया सेवक समाज चेरिटेबल अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में जब निजी अस्पतालों में इलाज आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है, ऐसे में इस अस्पताल द्वारा जरूरतमंदों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय है। भाटिया ने इस दौरान ओपीडी, जांच कक्ष, दवा वितरण काउंटर और प्रतीक्षालय का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की। भाटिया सेवक समाज चैरिटेबल अस्पताल पहुंचने पर संस्था के कार्यवाहक प्रधान सरदार मोहन सिंह भाटिया व सी. दास ग्रुप के चेयरमैन बीआर भाटिया ने उनका स्वागत किया। इस दौरान दीप भाटिया ने कहा कि भाटिया सेवक समाज चेरिटेबल अस्पताल जरूरतमंदों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है।

दीप भाटिया अस्पताल की सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए।

मजदूर की चाकू से गोदकर हत्या, दो पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज | पलवल

एक मजदूर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। भाई की शिकायत पर नाबालिग सहित दो पर हत्या का केस पुलिस ने दर्ज किया है। भवनकुंड चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार के अनुसार मोहन नगर पलवल निवासी राहुल ने दी शिकायत में कहा कि उनका भाई बिजेंद्र मीनार गेट के पास मजदूरी करता था। 25 दिसंबर की सुबह करीब आठ बजे बिजेंद्र रोज की तरह काम पर गया था। इसी दौरान उसके साथ काम करने वाले पप्पू और भरत ने साजिश के तहत उसे पातली क्षेत्र के जंगल में ले गए। वहां बिजेंद्र को नशीला पदार्थ पिलाया। फिर उसके साथ गाली-गलौच की। जब उसने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने बिजेंद्र पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए।

बीके चौक पर दीप प्रज्ज्वलित कर साहिबजादों को दी गई श्रद्धांजलि

फरीदाबाद | वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को बीके चौक पर दीप प्रज्ज्वलित कर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को नमन किया गया। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि आज के ही दिन साहिबजादों ने समाज और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे साहिबजादों के शौर्य और त्याग की गाथा जन-जन तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया हरियाणा सरकार इस गौरवशाली इतिहास को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पूरे देश में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद सचिन शर्मा, कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंहआदि मौजूद थे।

दीप प्रज्वलित कर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करती मेयर व अन्य।

मुल्ला होटल से हनुमान मंदिर तक बनेगी सड़क, नगर निगम ने दी मंजूरी

फरीदाबाद | एनआईटी स्थित आदर्श नगर में मुल्ला होटल से हनुमान मंदिर तक दो करोड़ की लागत से सड़क बनेगी। नगर निगम ने इसकी मंजूरी दे दी है। इसे करीब 12 माह में बनाया जाएगा। इससे एसजीएम नगर, आदर्श नगर, एनआईटी-चार आदि के लोगों का यातायात सुगम होगा और उन्हें जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। आदर्श कॉलोनी की यह सड़क लंबे समय से जर्जर है। बरसात में हालत और खराब हो जाती है। इससे यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। अब सड़क बनने से काफी राहत मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार इसका निर्माण सामान्य तरीके से न होकर उच्च गुणवत्ता वाली डीबीएम और बीसी तकनीक से किया जाएगा।

शहरवासियों के रिस्पांस के बाद नगर निगम की पहल

सीवर-पानी कनेक्शन के लिए जनवरी में शिविर लगाए जाएंगे, तिथियां निर्धारित

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

अवैध कनेक्शनों को वैध करने व नए कनेक्शन लेने के लिए मिल रहे शहरवासियों के रिस्पांस के बाद नगर निगम जनवरी माह में भी शिविर लगाएगा। ये शिविर निगम के सभी जोन में लगाए जाएंगे, जिससे शहरवासियों को इनका फायदा मिल सके। निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देश पर ये शिविर लगेंगे। ये अलग-अलग जोन व डिवीजन में लगाए जाएंगे। जिससे अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। शिविरों में मौके पर ही कनेक्शन की सारी कार्रवाई पूरी की जाती है। लोगों के लिए राहत की बात यह है कि पहले सीवर-पानी कनेक्शन के लिए करीब 20-22 हजार रुपए लगते थे। जबकि इस समय केवल चार हजार रुपए लगते हैं।

फरीदाबाद. सीवर-पानी कनेक्शन के लिए लगाया गया शिविर।

5 व 6 जनवरी को नाहर सिंह कॉलोनी (जाट भवन), संजय कॉलोनी, 8 व 9 जनवरी को आदर्श नगर (कम्युनिटी सेंटर), पर्वतीया कॉलोनी, 12 से 16 जनवरी तक विभिन्न वार्डों में निर्धारित स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा 19 व 20 जनवरी को गौंछी क्षेत्र, 21 व 22 जनवरी को नंगला पार्ट-2 क्षेत्र, 27 से 30 जनवरी तक सेक्टर-3, डबुआ कॉलोनी, संजय कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र में शिविर लगाए जाएंगे। बल्लभगढ़ जोन के विभिन्न वार्डों एवं कॉलोनियों में भी शिविर लगेंगे।

वर्ल्ड स्ट्रीट में भजनों की मधुर धुनों के बीच लोगों ने भक्ति व संगीत का आनंद लिया

फरीदाबाद | वर्ल्ड स्ट्रीट बाय ओमेक्स में शहर का पहला भजन क्लबिंग आयोजन हुआ। पेरिस स्ट्रीट पर हुए इस कार्यक्रम में 500 से ज्यादा श्रद्धालु, परिवार और संगीत प्रेमी पहुंचे। भजनों की मधुर धुनों के बीच लोगों ने भक्ति और संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भरा नजर आया। इस दौरान पारंपरिक भजन प्रस्तुति के साथ आधुनिक संगीत और रोशनी का मेल देखने को मिला। हर उम्र के लोगों ने दिल खोले इस कार्यक्रम में लाइव परफॉर्मेंस ने दर्शकों को बांधे रखा। आयोजकों के अनुसार, भजन क्लबिंग का मकसद भक्ति को सामूहिक अनुभव के रूप में पेश करना था, जिसे लोगों का अच्छा समर्थन मिला।

गुरुग्राम • आयोजक गिरफ्तार, चरस व भारी मात्रा में शराब बरामद

रायसीना हिल्स के फार्महाउस में अवैध शराब पार्टी, 4 दिन में दूसरी कार्रवाई

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

गुरुग्राम के अरावली क्षेत्र में स्थित रायसीना हिल्स इन दिनों अवैध शराब और नशे की पार्टियों का गढ़ बनता जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर से बड़ी संख्या में युवक-युवतियां यहां फार्महाउसों में आयोजित इन पार्टियों में शामिल होने पहुंच रहे हैं। पुलिस ने चार दिन के भीतर दूसरी बार ऐसी ही एक अवैध पार्टी का भंडाफोड़ कर आयोजक को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को भोंडसी थाना क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली कि अरावली के रायसीना हिल्स स्थित एक फार्महाउस में बिना अनुमति शराब पार्टी चल रही है। सूचना के बाद एसीपी बादशाहपुर सुरेंद्र फोगाट के नेतृत्व में भोंडसी थाना पुलिस, सेक्टर-65 थाना, क्राइम ब्रांच सेक्टर-39 और सेक्टर-40 की संयुक्त टीम ने ए-58 फार्महाउस पर छापेमारी की। मौके पर तेज म्यूजिक, शराब और नशे का माहौल मिला, जहां कई युवक-युवतियां मौजूद थे। पुलिस ने पूछताछ के बाद पार्टी के आयोजक आनंद उर्फ एंडी, निवासी वैशाली, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) को फार्महाउस के एक कमरे से गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 130 ग्राम चरस, 100 से अधिक बीयर की बोतलें, 23 बोतल अंग्रेजी शराब और डीजे सिस्टम बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पार्टी के नाम पर नशीले पदार्थ खुलेआम परोसे जा रहे थे।

पहले भी पकड़ी गई थी विदेशी मेहमानों वाली पार्टी

भोंडसी थाना क्षेत्र में यह चार दिन में अवैध पार्टी पर दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले 22 दिसंबर को बहलपा ग्रीन फार्म में छापेमारी कर 16 विदेशी नागरिकों समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहां से 3.20 लाख रुपए नकद और लाखों रुपए की शराब बरामद हुई थी। इन पार्टियों में जुआ और नशीले पदार्थ परोसने की भी जानकारी सामने आई थी।

सड़क हादसे में 7 साल के बच्चे की मौत, पिता गंभीर

नूंह | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में 7 वर्षीय कृष की मौत हो गई। जबकि उसके पिता नीरज अग्रवाल गंभीर अवस्था में उपचाराधीन हैं। पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे दिल्ली नंबर की एक कार पलटने से हुआ। एक ही परिवार के सभी चार घायलों को गंभीर अवस्था में नलहड़ मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया। इनकी हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने सभी को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान सात वर्षीय कृष की मौत हो गई।

टीकली गांव में चर्च के निर्माण के विरोध में उतरे हिन्दू संगठन

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

अरावली की वादियों में बसे टीकली गांव में एक चर्च निर्माण का ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को चर्च निर्माण के विरोध में आसपास के कई गांवों की महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में गुरुग्राम से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल समेत आसपास के ग्रामीणों ने भी हिस्सा लेकर अपने विचार रखे। महापंचायत में एडवोकेट कुलभूषण भारद्वाज ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उन्होंने इससे पहले खुले में नमाज का मुद्दा जिला प्रशासन के समक्ष रखा था और आज गुरुग्राम में कहीं भी खुले में नमाज नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यदि टीकली गांव में चर्च का निर्माण किया गया तो वे पुरजोर विरोध करेंगे।

भाजपा नेत्री पर अश्लील टिप्पणी, दो धरे

भास्कर न्यूज | नूंह

भाजपा नेत्री को सोशल नेटवर्किंग साइट पर धमकाने और अश्लील टिप्पणी के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि इस मामले के सभी आरोपी काबू कर लिए गए हैं। फिरोजपुर झिरका के डीएसपी अजायब सिंह के अनुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष निशा सैनी ने को शिकायत दी कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं और उसके फेसबुक अकाउंट पर मुन्ना डैमरोत और मोईन खान ने धमकी भरे व अश्लील कमेंट किए और जान से मारने की धमकी दी। उपरोक्त वारदात पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने थाना शहर फिरोजपुर झिरका में केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके अनुसार 18 दिसंबर को ही मुकदमें में आरोपी मोईन खान निवासी रंगाला राजपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि दूसरे आरोपी मुन्ना डैमरोत निवासी हिरवाड़ी को भी अब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल भी बरामद किए हैं। इन्हीं मोबाइल ने आरोपियों ने महिला नेत्री के सोशल मीडिया अकाउंट पर अश्लील टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

डिपो होल्डर से आई-फोन व नकदी लेने के आरोप में खाद्य अधिकारी गिरफ्तार

गुरुग्राम | करीब डेढ साल पहले जुलाई 2024 में गुरुग्राम के तत्कालीन सहायक खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार समेत तीन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। आरोप है कि ओल्ड गुरुग्राम की मदनपुरी के डिपो होल्डर से इन्होंने आई-फोन, घड़ी, एसी और 35 हजार कैश बैंक खाते में लिया था। 11 जुलाई 2024 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम को दी गई शिकायत के आधार पर 9 अप्रैल 2025 को गुरुग्राम में ही आरोपी सहायक खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार, विजय एएफएसओ व प्रेम पूर्ण निरीक्षक पर केस दर्ज किया था।

प्रॉपर्टी टैक्स सीलिंग अभियान का असर, एक दिन में निगम को मिले 7 करोड़

गुरुग्राम | प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों के विरुद्ध नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे सीलिंग अभियान का असर दिखाई देने लगा है। इस कार्रवाई का असर यह रहा कि मात्र एक दिन में नगर निगम के खजाने में करीब 7 करोड़ रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स जमा हुआ है। चालू वित्त वर्ष में अब तक निगम को कुल 285 करोड़ रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हो चुका है, जिसमें मार्च 2026 तक और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

बिल पास करने की एवज में रिश्वत लेते हुए बीडीपीओ रेवाड़ी किया गिरफ्तार

गुरुग्राम | एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम ने रेवाड़ी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को बिल पास करवाने की एवज में 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने फिलहाल विशेष रूप से 'पीछा करो' अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई है। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसी एक्ट व 308 (2) बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। भवन निर्माण सामग्री का काम करने वाली श्री श्याम फर्म के मालिक ने एसीबी की टीम को दी शिकायत में बताया कि उसका भवन निर्माण सामग्री सप्लाई का काम है। जिसके द्वारा रेवाड़ी जिला में अलग-अलग पंचायतों में विकास कार्य करवाए थे।

युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाकर युवक से 01.43 लाख रुपए ठगे

गुरुग्राम | साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों द्वारा एक युवक को एक लड़की के साथ वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर 1.43 लाख रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। झज्जर निवासी मनबीर ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गुरुग्राम के गांव नानू कलां में किराए पर रहता है। बीती 9 दिसंबर को उसके व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आई। मनबीर ने कॉल रिसीव की तो उसमें एक युवती थी। कुछ देर बाद कॉल कट गई। इसके बाद उसी नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई, जिसमें मनबीर से कहा गया कि उसकी न्यूड युवती के साथ वीडियो बनाई गई है।

केंद्र अरावली पर रिव्यू पिटीशन दाखिल करेः दीपेन्द्र हुड्डा

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अरावली के महत्वपूर्ण मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की गलत पैरवी, गलत नीयत पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जिस गलत नीयत से सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की और 100 मीटर की परिभाषा को कोर्ट से मंजूर कराया उसे देश की जनता नकार रही है क्योंकि जनता ने अरावली को बेचने की सरकार की नीयत और चोरी को पकड़ लिया है। हम सरकार को डाका डालने नहीं देंगे। 100 मीटर के पैरामीटर को ना सिर्फ जनता नकार रही है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट की एम्पावर्ड कमेटी ने भी कहा कि सौ मीटर का कोई औचित्य नहीं है। खुद सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में इसके औचित्य को नकार दिया था।

दीपेन्द्र ने मांग की कि 100 मीटर के निर्णय को निरस्त कराने के लिए सरकार स्वयं सुप्रीम कोर्ट जाए और देश की जनता से माफी मांगकर रिव्यू पिटिशन फाइल करे। सरकार अरावली को लावारिस न समझे, राजस्थान के साथ हरियाणा की जनता मिलकर अरावली और पर्यावरण को बचाने की लड़ाई लड़ेगी। देश की जनता पर्यावरण को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की बैक डोर से कोशिश कामयाब नहीं होने देगी।

नूंहः आईटीआई में वीर बाल दिवस आयोजित

नूंह | आईटीआई नूंह में वीर बाल दिवस का आयोजन श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के बारे में विस्तार से बताया गया।आईटीआई के प्रिंसिपल सुधीर कुमार ने गुरु गोबिंद सिंह के वीर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह जी के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका साहस, त्याग और धर्म के प्रति अडिग निष्ठा आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस दौरान जागरूकता सत्र, विचार-विमर्श, देशभक्ति संदेश एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षुओं को राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने, सामाजिक दायित्वों को समझने तथा नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

नशीला पदार्थ बेचने वाली की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

भास्कर न्यूज | सोहना/गुरुग्राम

अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोहना सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने वाली महिला की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस तैनात रही और पुलिस ने सोहना के जावेद कॉलोनी में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

दरअसल, सोहना निवासी ताहिरा से पुलिस ने वर्ष 2022 में अवैध हेरोइन बरामद की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस को सूचना थी कि ताहिरा अभी भी मादक पदार्थ सप्लाई कर रही है। वहीं यह सामने आया कि ताहिरा ने नशीले पदार्थों की बिक्री से अवैध रूप से धन अर्जित करके दो मंजिला अवैध मकान का निर्माण किया है। जिसके बाद डीसीपी डॉ हितेश यादव के निर्देशन में सोहना शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र की अगुवाई पुलिस टीम डीटीपी आरएस. बाठ व नगरपालिका सोहना के अधिकारियों की उपस्थिति में दोपहर को जावेद कॉलोनी पहुंची। जहां भारी पुलिस की मौजूदगी में ताहिरा के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। इस मामले में सोहना सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मारकर बबूल के पेड़ पर लटका दिए 10 से ज्यादा सांप, एफआईआर

भास्कर न्यूज | **नूंह** पुन्हाना-होडल मार्ग स्थित गांव घीड़ा के पास एक बबूल के पेड़ पर 10 से ज्यादा मृत सांप लटके देखकर लोग सहम गए। पूरे मामले की सूचना के बाद वाइल्ड लाइफ विभाग के इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। बिछौर थाने के एसएचओ जसबीर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है कि सांपों की हत्या कर किसने इन्हें पेड़ पर लटकाया। दूसरी तरफ, गांव के सरपंच आजाद खान ने बताया कि बिटौड़े से उपले निकालते वक्त बड़ी संख्या में सांप दिखाई दिए तो कुछ नाबालिग बच्चों ने भयभीत होकर इन्हें मार दिया। वन्य जीवों की इस तरह हत्या सही नहीं है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि मारे गए सभी सांप धामन (रैट स्नेक) प्रजाति के हैं। ये गैर जहरीले होते हैं और इन्हें किसान मित्र सांप के रूप में जाना जाता है।

बेस्ट ऑफ 2025 गूगल पिक्सल 10 सीरीज को मिला बैलेंस्ड स्मार्टफोन का खिताब; लेनोवो योगा 7आई रहा बेस्ट विंडोज लैपटॉप

फोन से स्मार्टवॉच तक, ये हैं साल के बेस्ट गैजेट्स

2025 अब खत्म होने को है। इस बार भी दुनिया के प्रतिष्ठित टेक प्लेटफॉर्म्स ने साल के बेस्ट गैजेट्स की सूची जारी की है। तीन बड़े टेक पोर्टल- Wired, Wirecutter और T3 Magazine ने अलग-अलग सेगमेंट्स के गैजेट्स को रेटिंग दी है। ऐसे में स्मार्टफोन, लैपटॉप और वियरेबल्स जैसी कैटेगरी में किन गैजेट्स को बेस्ट माना गया, और क्यों... जानिए पूरी डिटेल।

WIRED — बेस्ट स्मार्टफोन

• बैलेंस्ड स्मार्टफोन सीरीज

गूगल पिक्सल-10 सीरीज

गूगल की पिक्सल-10 सीरीज 2025 की सबसे बैलेंस्ड स्मार्टफोन सीरीज में शामिल रही। इस सीरीज में तीन फोन लॉन्च हुए- पिक्सल 10, पिक्सल 10 प्रो और पिक्सल 10 प्रो एक्सल। इनमें नया टेंसर जी5 चिपसेट दिया गया है, जो पहले से तेज और ज्यादा स्मार्ट है। असली ताकत कैमरा और सॉफ्टवेयर हैं। रियल-टाइम कॉल ट्रांसलेशन, फोटो एडिटिंग के स्मार्ट टूल्स और स्पैम कॉल रोकने जैसे फीचर्स इन्हें कई मायनों में खास बनाते हैं।

• कीमत: Pixel 10: **79,999** रुपए
Pixel 10 Pro: **1,09,999** रुपए से
Pixel 10 Pro XL: **1,24,999** रुपए

रेटिंग 4

• टॉप फ्लैगशिप फोन सीरीज

सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज

सैमसंग की गैलेक्सी एस25 सीरीज एक सॉलिड फ्लैगशिप है। इसमें नया स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर है। इसके कूलिंग सिस्टम गेमिंग में बेहतर हैं। एआई फीचर्स को लेकर बहुत बड़ा बदलाव नहीं दिखा, फिर भी डिस्प्ले क्वालिटी, कैमरा परफॉर्मेंस और सॉफ्टवेयर अपडेट्स के चलते यह सीरीज भरोसेमंद बनी हुई है।

• कीमत:
Galaxy S25: **80,999** रुपए
S25 Plus: **74,999** रुपए
S25 Ultra: **1,29,999** रुपए

रेटिंग 3.5

• बेस्ट बैटरी फोन सीरीज

वनप्लस-15 सीरीज

अगर बैटरी सबसे बड़ी जरूरत है, तो वनप्लस की वनप्लस-15 सीरीज वायर्ड की पसंद बनी है। इस सीरीज की सबसे बड़ी खासियत इसकी बड़ी बैटरी और बेहद तेज चार्जिंग है। इस सीरीज में दो स्मार्टफोन हैं। वनप्लस-15 और 15आर। दोनों की परफॉर्मेंस मजबूत है, लेकिन कैमरा क्वालिटी फ्लैगशिप लेवल से थोड़ी पीछे मानी गई।

• कीमत:
Oneplus 15: **72,999** रुपए और 79,999 रुपए (16GB रैम)
Oneplus 15R: **44,999** रुपए

रेटिंग 4

Wirecutter — लैपटॉप-वियरेबल्स

• बेस्ट जीपीएस रनिंग वॉच

कोरस पेस-3

यह घड़ी खासतौर पर रनिंग के लिए चुनी गई है। इसमें डुअल-फ्रीक्वेंसी जीपीएस है, जिससे सिग्नल ज्यादा सटीक मिलता है। खासतौर पर ऊंची इमारतों या दूरदराज इलाकों में। टेस्ट में इसका जीपीएस सिग्नल सबसे जल्दी लॉक हुआ और बैटरी लाइफ भी बाकी विकल्पों से बेहतर रही।

• कीमत: 24,990 रुपए

रेटिंग 4.9

• बेस्ट बजट ईयरबड्स (वायरलेस)

ईयरफन फ्री 2एस

अगर बजट 4 हजार के आसपास है, तो इन ईयरबड्स में अच्छी बैटरी (लगभग 7 घंटे), IPX7 वाटर रेजस्टेंस, वायरलेस चार्जिंग केस और कॉल के लिए ठीक-ठाक माइक्स मिलते हैं, जो इस कीमत पर कम देखने को मिलता है।

• कीमत: EarFun Free 2S ईयरबड्स की कीमत 4399 रुपए से शुरू हो जाती है।

रेटिंग 4.7

• बेस्ट विंडोज लैपटॉप

लेनोवो योगा 7आई

लेनोवो का योगा 7आई उन चीजों का बैलेंस देता है, जो ज्यादातर लोग लैपटॉप से चाहते हैं- तेज परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और बढ़िया स्क्रीन। इसमें 14-इंच का OLED टच डिस्प्ले है और 16 घंटे की बैटरी लाइफ है।

• कीमत: 95,991 रुपए

रेटिंग 4.5

दैनिक भास्कर टेक पॉडकास्ट

इस खबर को आप पॉडकास्ट के जरिए भी सुन सकते हैं। इस QR को स्कैन करें और टेक्नोलॉजी की इस खबर को सामान्य बातचीत के अंदाज में सुनें। हर हफ्ते आपको टेक पेज पर मिलेगा पॉडकास्ट।

T3 — लाइफस्टाइल गैजेट्स

• बेस्ट टेक शूज

एडिडास प्योरचिल

वर्कआउट के बाद या लंबे समय तक खड़े रहने वाले लोगों के लिए एडिडास का Purechill एक सीधा-सादा लेकिन काम का रिकवरी शू है। इसमें एक-पीस EVA फोम का इस्तेमाल हुआ है, जो पैरों के नीचे सॉफ्ट कुशनिंग देता है। स्लिप-ऑन डिजाइन इसे रोज के इस्तेमाल के लिए आसान बनाता है। इसके परफोरेशन पैरों को ठंडा रखते हैं, रबर आउटसोल ग्रिप और ड्यूरैबिलिटी देता है।

• कीमत: ₹6,694 रुपए

रेटिंग 4.7

• बेस्ट स्किन गैजेट

लॉरियाल सेल बायोप्रिंट

लॉरियाल का Cell BioPrint Skin Scanner ब्यूटी टेक डिवाइस है। यह चेहरे की फोटो देखकर नहीं, बल्कि स्किन सेल्स के बायोमार्कर्स को पढ़कर स्किन का एनालिसिस करता है। एक छोटे से सैंपल के जरिए यह बताने की कोशिश करता है कि आपकी स्किन की बायोलॉजिकल उम्र क्या है।

• 2026 में ये पेश होगा।

रेटिंग 3.5

• बेस्ट सेफ्टी गैजेट

यूपी क्रॉसफेड

Ultraviolette का UV Crossfade सिर्फ एक हेलमेट नहीं, बल्कि बाइक और राइडर के बीच एक कनेक्टेड इंटरफेस है। यानी यह आपके गैजेट्स से हमेशा कनेक्टेड रहता है। एयरो-ऑप्टिमाइज्ड डिजाइन लंबी राइड में हवा का बेहतर फ्लो देता है, जिससे गर्दन पर थकान भी कम होती है।

• कीमत: 19,900 रु.

रेटिंग 3.5

Google | Apple — बेस्ट एप

• एपल स्टोर की बेस्ट एप

टिमो

Tiimo को 2025 का आईफोन एप ऑफ द ईयर चुना गया है। यह उनके लिए है, जिन्हें प्लानिंग व टाइम मैनेजमेंट में दिक्कत होती है। यह एपल स्टोर पर है।
रेटिंग: 4.6

• बेस्ट एंड्रॉइड एप

फोकस फ्रेंड



यह डिस्ट्रैक्शन की समस्या को हल करता है। यह समय पर डिस्कनेक्ट करना सिखाता है। इसका नाम Focus Friend by Hank Green है।
डाउनलोड्स: 10+ लाख

• बेस्ट गेम

पोकेमॉन टीसीजी पॉकेट

इसने ट्रेडिंग कार्ड गेम को मोबाइल पर उसी एहसास के साथ उतारा, जिसके लिए जाना जाता है। Pokemon TCG Pocket के नाम से प्ले स्टोर पर है।
डाउनलोड्स: 5+ करोड़

• बेस्ट मल्टी डिवाइस एप

लूमिनार एडिटर

लूमिनार ने दिखाया कि मल्टी-डिवाइस एप कैसा होना चाहिए। यह वीडियो एडिटिंग टूल है। Luminar Photo Editor के नाम से प्लेस्टोर पर है।
डाउनलोड्स: 10+ लाख

फैशन ऑफ 2025 मेट गाला में पहली बार 7 भारतीय सेलेब्स पहुंचे; विवाद के बाद प्राडा बनाएगा कोल्हापुरी चप्पल

इस साल सबसे चर्चित रहे इन सेलेब्स के आउटफिट्स

इस साल फैशन वर्ल्ड में भारत केंद्र में रहा। पहली बार मेट गाला में देश के 7 सेलेब्रिटीज पहुंचे। मेट गाला न्यूयॉर्क में होने वाला एक बड़ा फैशन इवेंट है, जहां दुनिया भर की मशहूर हस्तियां खास थीम पर आउटफिट्स पहनकर आती हैं। यह इवेंट फैशन ट्रेंड तय करता है और इससे कला व फैशन म्यूजियम के लिए फंड भी जुटाया जाता है। मेट गाला में इंडिया सेंट्रिक फैशन पर फोकस के बाद देश में एक नई बहस छिड़ी। प्राडा के एक कलेक्शन पर कोल्हापुरी चप्पल की नकल के आरोप लगे। इस विवाद का नतीजा यह रहा कि अब प्राडा, कोल्हापुर के कारीगरों के साथ मिलकर प्रोडक्ट्स बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

दिलजीत ने कल्चर और ईशा अंबानी ने स्वदेशी डिजाइन प्रमोट किया

• प्रियंका: कैप और नेकलेस का कॉम्बो चुना

प्रियंका भारत की पहली सेलेब हैं जो मेट गाला के स्टेज पर 2017 में पहुंची थी। इस साल भी प्रियंका चोपड़ा ने बाल्मेन की एक खास ड्रेस और बुल्गारी मैग्नस एमराल्ड नेकलेस में नजर आई थीं।

• शाहरुख; तस्मानियन वूल से बना कोट पहना

शाहरुख ने मेट गाला के लिए सब्यसाची का ऑल-ब्लैक लुक चुना। उन्होंने तस्मानिया की ऊन से बना फ्लोर-लेंथ कोट पहना, जिसमें जापानी बटन लगे थे। शाहरुख मेट गाला पर पहुंचने वाले पहले मेल इंडियन एक्टर भी बने।

• ईशा अंबानी... स्वदेशी डिजाइन प्रमोट किया

ईशा अंबानी ने मेट गाला में डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन किया आउटफिट पहना था। इस ड्रेस के साथ हाथ से बुना हुआ बनारसी ट्रेन जुड़ा था, जो लुक को और खास बना रहा था। उन्होंने कार्टियर ब्रांड का नेकलेस पहना जो कभी नवाबगढ़ के महाराजा के पास हुआ करता था।



• दिलजीत...फैशन में कल्चर को जोड़ा

दिलजीत ने अपने 2025 मेट गाला डेब्यू के लिए प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई शेरवानी पहनी। उन्होंने इससे पंजाबी विरासत का प्रतिनिधित्व भी किया।

2026 का रंग होगा क्लाउड डांसर अब 'वाइट आउटफिट' ट्रेंड करेंगे

सपना सिंह परमार
फैशन एक्सपर्ट व डिजाइनर

पैंटोन ने 2026 के लिए क्लाउड डांसर को कलर ऑफ द ईयर चुना है... यह एक हल्का, साफ और सॉफ्ट वाइट शेड है। 2025 में रनवे से लेकर रेड कार्पेट तक यह रंग लगातार दिखा। सब्यसाची के एनिवर्सरी शो में दीपिका पादुकोण की वापसी हो या दिलजीत दोसांझ का मेट गाला लुक, सॉफ्ट वाइट शेड्स हर बड़े फैशन मोमेंट का हिस्सा बने। इस ट्रेंड की वजह भी प्रैक्टिकल है। ऐसे रंग हर स्किन टोन पर काम करते हैं, फोटोज और वीडियो में साफ दिखते हैं और स्टाइलिंग में आसानी देते हैं। भारी कढ़ाई और ओवर-डिजाइन की जगह अब ऐसे लुक्स चल रहे हैं जो कम एलिमेंट्स में भी एलिगेंट लगें। क्लाउड डांसर इसी बदलाव को दिखाता है।

सोशल मीडिया

न्यू ईयर रिजॉल्यूशन का विकल्प

ईयर बिंगो: 25 लक्ष्य चुनें, कभी भी पूरा करें

FAST COMPANY से विशेष

अमेरिका में एक-तिहाई वयस्क और 18 से 29 साल के लगभग 50% युवा हर साल रिजॉल्यूशन तय करते हैं। समस्या यह है कि रिजॉल्यूशन ज्यादातर टिकते नहीं हैं। बैलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के अनुसार 88% लोग दो हफ्तों में रिजॉल्यूशन छोड़ देते हैं। अगर 2026 में सेहत, पैसे, रिश्तों या किसी और हिस्से में सुधार चाहते हैं, तो पारंपरिक रिजॉल्यूशन की जगह कुछ अलग सोचने की जरूरत है।

2026 बिंगो: रिजॉल्यूशन को गेम बनाइए

सोशल मीडिया पर 'ईयर बिंगो' नाम से ट्रेंड पॉपुलर हुआ है। इसमें 5×5 का एक बिंगो कार्ड बनाया जाता है, जिसमें 25 लक्ष्य लिखे जाते हैं। ये लक्ष्य गंभीर हो सकते हैं, मजेदार भी और थोड़े अजीब भी। आपको सारे लक्ष्य जनवरी में ही पूरे नहीं करने होते। कोई लक्ष्य अक्टूबर में पूरा हो, तब भी जीत मानी जाएगी। यानी साल के 25 लक्ष्य तय करें और इसे साल के किसी भी समय पूरा करें।

• पूरे साल का नहीं, महीने का रिजॉल्यूशन बनाएं

पूरे साल के लिए एक लक्ष्य तय करना डराने वाला हो सकता है। पर एक महीने के लिए फोकस तय करना कहीं आसान है। अगर लक्ष्य 3 हिस्सों में हों जैसे- हेल्थ, फाइनेंस व पर्सनल ग्रोथ तो ऐसे बांटा जा सकता है।

• हेल्थ और वेलनेस : जनवरी से अप्रैल तक ये करें

जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल
स्लीप शेड्यूल सुधारें	पर्याप्त पानी पीएं	नियमित एक्सरसाइज	प्रोसेस्ड फूड छोड़ें

• फाइनेंस और करियर : मई से लेकर अगस्त तक

मई	जून	जुलाई	अगस्त
अपने बजट को समझें	अपने खर्च को ट्रैक करें	फाइनेंशियल समझ बढ़ाएं	प्रोफाइल अपडेट करें

• पर्सनल ग्रोथ : सितंबर से दिसंबर तक ये करें

सितंबर	अक्टूबर	नवंबर	दिसंबर
माइंडफुलनेस करें	नई स्किल या हॉबी सीखें	कृतज्ञता की आदत बनाएं	क्लटर हटाएं प्लानिंग करें

होम डेकोर कलर कैपिंग का ट्रेंड, कमरे को रिच व डिजाइनर लुक देगी

बेडरूम में एक ही कलर फैमिली के तीन शेड्स रखें

होम डेकोर में कलर कैपिंग नाम का ट्रेंड वायरल हो रहा है। यह कोई जटिल डिजाइन टेक्नीक नहीं, बल्कि पेंट करने का एक स्मार्ट तरीका है, जो बिना ज्यादा खर्च या मेहनत के कमरे का पूरा मूड बदल देता है। कलर कैपिंग का मतलब है कि एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स का इस्तेमाल करके पूरे कमरे को रंगना। आमतौर पर हम एक तरह के रंग ही रंगते हैं। जैसे दीवारें एक रंग की, छत सफेद और मोल्डिंग या बॉर्डर अलग। लेकिन कलर कैपिंग इससे अलग है। इसमें दीवार, बॉर्डर और छत, तीनों एक ही कलर फैमिली में होते हैं। फर्क सिर्फ शेड का होता है, रंग का नहीं। यानी रंग बदलता नहीं, शेड्स बदलते हैं।

सबसे आम और असरदार तरीका

दीवारों पर सबसे हल्का शेड चुनें, ताकि कमरा खुला और रोशन लगे। ऊपर की ओर थोड़ा गहरा शेड चुनें। जैसे-पिक्चर रेल, बॉर्डर या दीवार का ऊपरी हिस्सा। छत पर सबसे गहरा शेड रखें। यही हिस्सा कमरे को कैप करता है। छत पर गहरा रंग आने से आंख ऊपर की तरफ जाती है और कमरा अपने आप ज्यादा ऊंचा और बड़ा लगता है। इसी वजह से इस टेक्नीक को कलर कैपिंग कहा जाता है।

घर में कलर कैपिंग कैसे अपनाएं?

कलर कैपिंग ऐसे रंगों में सबसे अच्छा लगता है जिनमें नेचुरल गहराई हो। जैसेः सॉफ्ट ब्लू, चारकोल ग्रे, मिट्टी जैसे ब्राउन कलर और डस्टी पर्पल या म्यूट पिंक। पेंट शेड कार्ड से एक ही रंग के तीन पास-पास के शेड चुनें। बहुत ज्यादा फर्क होगा तो लुक बिगड़ जाएगा। पेंट करने के लिए सबसे पहले छत पेंट करें, फिर ऊपर वाला हिस्सा और सबसे आखिर में दीवारें कलर करें।

फूड हर मिनट 194 बिरयानी ऑर्डर हुई

पहाड़ी खाने की डिमांड 9 गुना बढ़ी; लोकल फूड ज्यादा पॉपुलर रहे

स्विगी की 2025 रिपोर्ट बताती है कि भारत में खाना अब इमोशन, कंवीनियंस और कल्चर का कॉम्बिनेशन है। कुछ यूजर्स ने ऑर्डरिंग को लगभग फुल-टाइम एक्टिविटी बना दिया। मुंबई के एक यूजर ने साल भर में 3,196 ऑर्डर किए, यानी रोज करीब 9 ऑर्डर। हैदराबाद के एक ग्राहक ने सिर्फ ड्राय फ्रूट कुकीज पर 47,106 खर्च रु किए। जहां एक तरफ लोग मैक्सिकन, तिब्बती और कोरियन खाने की तरफ बढ़े, वहीं पहाड़ी खाने में 9 गुना बढ़त दिखी। मलाबारी, राजस्थानी और मालवणी किचन के ऑर्डर लगभग दोगुने हुए।

बिरयानी: दसवें साल भी नंबर वन

देश में 10वें साल लगातार सबसे ज्यादा बिरयानी बिकी। पूरे साल में 9.3 करोड़ बिरयानी ऑर्डर हुए। इसका मतलब है हर एक मिनट करीब 194 बिरयानी, यानी हर सेकंड 3 से ज्यादा बिरयानी बिकीं।

हास्य कविता

स्व. शैल चतुर्वेदी

देश का प्रजातंत्र है, जहां हर बीमारी स्वतंत्र है

हमारे देश का प्रजातंत्र, वह तंत्र है
जिसमें हर बीमारी स्वतंत्र है
दवा चलती रहे, बीमार चलता रहे-
यही मूल-मंत्र है।
फलवाले से कहा : 'ऊपर से देखने में चिकना है
भगवान जाने रस कितना है।'
तो बोला: 'गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है
कर्म करो और फल मुझ पर छोड़ दो।
हम दोनों ने अपना-अपना कर्म किया
मैंने दिया और आपने लिया
अब फल अच्छा निकले या ख़राब
यह तो हरि-इच्छा है जनाब।'
डॉक्टर से कहा: 'आंख है तो जिंदगी है
एक गई दूसरी बची है।'
तो बोला: 'लोग-बाग बिना बोर्ड पढ़े
चेम्बर में घुस आते हैं
शर्म नहीं आती, नाक वाले डॉक्टर को आंख
दिखाते हैं।'
दर्जी से कहा: 'कुर्ता पेट पर टाइट सिला है।'
तो बोला: 'कपड़ा क्या आपको
प्रेजेंट में मिला है
पानी में डालते ही आधा रह गया
अब जैसा बना है ले जाइए
कुर्ते को पेट के लायक नहीं
पेट को कुर्ते के लायक बनाइए।'
पान वाले से कहा: 'पांच रुपये का पान
कहां जाएगा हिन्दुस्तान?'
तो बोला: 'खा कर तो देखिए श्रीमान
आत्मा खिल जाएगी
हमारे पान की पीक
शहर के हर कोने में मिल जाएगी।'
किताब वाले से पूछा: 'प्रेमचन्द का गोदान है?'
तो बोला: 'गोदान!
यह नाम तो पहली बार सुना है श्रीमान
हम तो साहित्य का सम्मान कर रहे हैं!
सत्य कथाएं बेच कर
राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण कर रहे हैं।'
कैलेंडर वाले से पूछा: 'हरिवंश राय बच्चन
का चित्र है?'
तो बोला: 'आपका टेस्ट भी विचित्र है
वर्तमान को भूतकाल के कन्धे पर टांग रहे हैं
बेटे के जमाने में बाप का चित्र मांग रहे हैं।'
नौकरानी से कहा: 'एक तो बर्तन चुराती हो
ऊपर से आंख दिखाती हो।'
तो बोली: दिखा तो आप रहे हैं
बर्तन मलवाओ, न मलवाओ
चोरी का इल्जाम मत लगाओ
हमें पता है कि आप कितने बड़े हैं
आधे बर्तनों पर तो
पड़ोसियों के नाम पड़े हैं।'
-कविता के संपादित अंश

बात कहूंगा खरी-खरी

पर्वतों की महानता को ऊंचाई से मापेंगे?

सुरेंद्र शर्मा
कवि एवं लेखक
surendersharmakavi@hotmail.com

कोर्ट ने कहा, जिसकी ऊंचाई 100 मीटर से कम होगी, उसे पहाड़ नहीं माना जाएगा। यह सुनकर पहाड़ों का दिल दहल गया।

अरावली की बूढ़ी पहाड़ियों ने अपनी झुकी हुई कमर से पूछा कि भारतीय संस्कृति तो झुकने वाले को बड़ा मानती है। इस संस्कृति में अगस्त्य ऋषि के आगे झुक जाने वाली अरावली को बड़ा माना जाएगा या नहीं?

अपने आंसू पोंछते हुए एक चट्टान ने ताना दिया, 'क्यों रे इंसान, तेरी प्यास देखकर हमने जो आंसू बहाए उन्हें नदी कहकर पीते हुए भी क्या कभी तूने हमारी ऊंचाई नापने पर विचार किया था?' वृंदावन का गोवर्धन फटकारते हुए बोला, 'तुम्हारी आस्थाओं का बोझ उठाते-उठाते आकार तो मेरा भी बौना रह गया है। तो, क्या ये सरकारी आदेश मेरा भी नाम-निशान मिटा देगा?

अरावली की बूढ़ी पहाड़ियों ने पूछा, भारतीय संस्कृति तो झुकने वाले को बड़ा मानती है। अगस्त्य ऋषि के आगे झुक जाने वाली अरावली को बड़ा माना जाएगा या नहीं।

फिर क्या मुंह दिखाएगा अपने कन्हैया को? और अगर मुझे उंगली पर उठाने वाले ने उसी उंगली पर सुदर्शन उठा लिया तो किस पर्वत के नीचे जाकर सिर छुपाओगे?'

धरती के माथे पर बल पड़ने लगे। हर पर्वत मनुष्य को उसकी बदतमीजी के लिए डांटता रहा। और ढीठ मनुष्य पर्वत काटने की आड़ में मुनाफे की चांदी काटता रहा। आदमी का अहंकार सौ मीटर की ऊंचाई छू गया और उसने अहसान फरामोश बनकर दिखा दिया।

मोहब्बत की मिसाल बनने के लिए दशरथ मांझी की छैनी से हार जाने वाला पर्वत ऊंचा माना जाएगा या नीचा? लक्ष्मण की प्राण रक्षा के लिए हनुमान की हथेली पर सिमट आने वाले द्रोणाचल की महानता को किस पैमाने से मापोगे? कटरा के त्रिकूट पर्वत पर विराजित देवी से लेकर मनसा देवी और दिल्ली की कालका शक्तिपीठ तक के पहाड़ों को कौन से आदेश की कुदाल से घायल करोगे? बलिदान की भूमि पर पर्वतों की हैसियत नापी गई तो बाबा ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह की कुर्बानी याद आ गई। अत्याचारी जिन्हें छोटा समझने की भूल कर रहा था उन्हें दीवार में चुनवाकर खुद कितना ओछा हो गया था।

100 मीटर वाला आदेश सुनकर दिल्ली के पहाड़ी धीरज का धीरज डोल गया। जिन पहाड़ियों पर छोटे-छोटे मंदिर बने हुए हैं, उनकी आस्थाओं का अस्तित्व अधर में लटक गया। दिल्ली के चारों ओर बने कूड़े के पहाड़ों ने चहक कर सरकार से सुरक्षा की गुहार लगाई। सरकार ने तुरंत कूड़े के पहाड़ों का कद सौ मीटर से ऊंचा करने का निर्णय लिया। सरकारी अभयदान मिलते ही कूड़े के पहाड़ सिर उठाकर गाने लगे- 'जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय'!

कार्टून कोना

सेंसिबल मीम्स

मुकेश राठौर

सौरभ जैन

माइंड ट्विस्टर

जुबान की क्यारी में झूठ के दो बीज और फसल तैयार

हर हफ्ते यहां पूछेंगे सवाल जिसके देने होंगे जवाब। पिछला सवाल था- **सब्जबाग ही क्यों दिखाए जाते हैं, फूलों के बाग क्यों नहीं।**

- सब्जबाग सस्ते होते हैं, न खाद चाहिए, न धूप। बस जुबान की क्यारी में दो झूठ के बीज डालो हर मौसम में फसल तैयार। **-सचिन सोलंकी, जोधपुर**
- क्योंकि सब्जबाग होते हैं, हमारी सेहत का खजाना। फूलों का क्या है, हर सुबह संवर जाना। हर शाम बिखर जाना। **-चंद्रभान 'अनाड़ी', जबलपुर**
- फूलों के बाग में सिर्फ मेहनत दिखती है और सब्जबाग में सिर्फ वादे! **-हरीश मोंगा, पंजाब**
- सब्जबाग दिखाकर ही तो फूलों के बाग छीन लिए जाते हैं, आम आदमी की राह में तो कांटे ही बचे रह जाते हैं। **- प्रतिभा शाह, इन्दौर**
- फूलों के बाग शादी के पहले और सब्जियों के बाग शादी के बाद, ताकि आटे-दाल का भाव मालूम हो जाए। **- नरेंद्र बाबाराम शर्मा, हिंगोली**
- सब्जबाग दिखाकर ही अपना काम निकलवाया जाता है, अगर फूलबाग दिखाने लगे 'फूल' बना दिए जाएंगे। **-विशाल पाटीदार, रतलाम**

अगला सवाल

सफेद झूठ ही क्यों कहते हैं, काला-पीला झूठ क्यों नहीं? पाठक humour@dbcorp.in पर फनी जवाब भेजें।

वीकली कॉमेन्ट्री

संवैधानिक गतिरोधों को सूंघने की आदत डाल लेनी चाहिए!

पंकज प्रसून
व्यंग्यकार और कवि

प्रस्तुत हैं इस हफ्ते के मुख्य समाचार...

1. दिल्ली के एलजी ने प्रदूषण के लिए केजरीवाल को जिम्मेवार ठहराया।
कुछ भी हो एलजी साब ने नेहरू जी की आत्मा पर बड़ा उपकार किया है। बेचारे नेहरू! सात दशकों से देश की हर फटी जेब और पंचर टायर के लिए वही विलेन बने घूम रहे थे। सत्ता की इस नूरा-कुश्ती में फेफड़े तो बस कोलेटरल डैमेज हैं। यहां जहर हवा के बजाय अधिकारों की जंग में है। दिल्ली वाले बेचारे मासूम हैं, जो मास्क लगा रहे हैं; उन्हें तो बस राजभवन और सचिवालय के बीच के संवैधानिक गतिरोध को सूंघने की आदत डाल लेनी चाहिए।

2. सरकार ने कोर्ट में कहा है कि 100 मीटर से छोटे पहाड़ों को पहाड़ नहीं माना जाएगा।
सरकार का यह फरमान दरअसल कुदरत का डिमोशन है। अगर किसी गरीब की कद-काठी छोटी हो, तो उसे नागरिक नहीं, स्टूल घोषित कर देना चाहिए जिस पर पैर रखकर आराम से विकास की फाइलें साइन की जा सकें। दरअसल, पहाड़ छोटा नहीं हुआ, बिल्डरों की भूख बड़ी हो गई है। जब तक वह पहाड़ था, पर्यावरण के नियम उसे सुरक्षा का कवच पहनाए हुए थे; अब उसे ऊंची मिट्टी का ढेर बताकर जेसीबी के जबड़ों में झोंक दिया जाएगा। ऐसा लगता है कि भूगोल की हत्या कर उसे अर्थशास्त्र की मेज पर सजा दिया है।

3. राज ठाकरे-उद्धव ठाकरे ने किया गठबंधन..
ठाकरे भाइयों का साथ आना राजनीति का वह चमत्कार है, जो साबित करता है कि सत्ता की भूख बड़े से बड़े स्वाभिमान को भी डकार सकती है। बेचारे कार्यकर्ताओं की मति मारी गई है; कल जिसे गद्दार घोषित करने का संकल्प लिया था, आज उसे मराठा गौरव बताकर जयकारा लगाना है।

4. कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम बनाने की मांग की।
कमाल है, जब भी राहुल जी की तपस्या से फल नहीं निकलता, दरबारी फौरन प्रियंका जी की सूरत में मोक्ष ढूंढने लगते हैं। मानो देश का प्रधानमंत्री पद कोई पद न होकर वंशानुगत रिप्लेसमेंट वारंटी हो।

विंटर हेल्थ गाइड

स्मार्ट पैकिंग, हाइड्रेशन और सावधानी जरूरी

सर्दियों में ट्रैवल कर रहे हैं... ये रही जरूरी चेकलिस्ट

सर्दियों की छुट्टियां घूमने के लिहाज से सबसे पसंदीदा मानी जाती हैं। Tripadvisor के विंटर ट्रैवल इंडेक्स के मुताबिक 2025 में 60% यात्री सर्दियों में ट्रैवल प्लान बना रहे हैं। अगर सही तैयारी न हो, तो सर्दियों की यात्रा मुश्किल और जोखिम भरी हो सकती है। इसलिए ठंड के मौसम में कहीं भी घूमने से पहले जरूरी सावधानियों और तैयारी पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

यह सावधानियां बरतें ...

1. लेयरिंग के अनुसार कपड़े पैक करें

अमेरिका के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक लेयरिंग ठंड से बचाती है। इसके लिए सबसे पहले थर्मल पहनें, फिर ऊनी स्वेटर या फ्लीस पुलओवर पहनें और आउटर लेयर वॉटरप्रूफ या विंड-रेसिस्टेंट जैकेट की रखें। ऐसे ही बॉटम्स के लिए जींस से पहले ऊनी पैंट या थर्मल लेगिंग्स पहनें।

2. पर्याप्त नींद, हेल्दी फूड और एक्टिविटी जरूरी

- यात्रा से पहले 6-8 घंटे की नींद जरूर लें। ट्रिप के दौरान सोने-जागने का समय नियमित रखने की कोशिश करें।
- खाने को लेकर 80-20 का फॉर्मूला अपनाएं यानी 80% हेल्दी और 20% जंक या फेवरेट फूड खाएं।
- ट्रिप के दौरान एक्टिव रहने के लिए सीढ़ियां चढ़ना या वॉक करते रहें।

3. हाइड्रेशन और हाइजीन का विशेष ध्यान

डिसइंफेक्टेंट वाइप्स और हैंड सैनिटाइजर जरूर रखें, ताकि पब्लिक जगहों, फ्लाइट, ट्रेन या होटल में हाथ साफ रखे जा सकें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए पानी की बोतल हमेशा साथ रखें और लगातार पानी पीते रहें।

यात्रा के दौरान बीमारी से बचाव के लिए 5 अहम बातें

अपोलो इंद्रप्रस्थ के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राकेश गुप्ता के अनुसार यात्रा के दौरान सुरक्षित और स्वस्थ रहने के लिए ये जरूरी और आम दवाएं साथ रखें...

1. ठंड में बुखार, बदन दर्द या सिरदर्द आम है। ऐसे में पैरासिटामॉल को हमेशा साथ रखना चाहिए।
2. नाक बहना, छींक या एलर्जी के लिए नॉन-सेडेटिंग एंटीहिस्टामाइन दवाएं और सेलाइन नेजल स्प्रे रखें।
3. यात्रा में खान-पान बदलने से एसिडिटी, उल्टी या दस्त हो सकते हैं। इसलिए एंटासिड दवाएं और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए ORS जरूर रखें।
4. ठंड में त्वचा का रूखापन, होंठ फटना और जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है। मॉइस्चराइजर, लिप बाम, एंटीसेप्टिक क्रीम और पेन रिलीफ जेल/स्प्रे साथ रखें।

लाइफस्टाइल

ज्यादा शुगर से शरीर कैल्शियम बाहर निकाल देता है, जिससे हड्डियां कमजोर होती हैं

ज्यादा शुगर वाले गर्म पेय हड्डियों को कर सकते हैं कमजोर

healthline से विशेष

सर्दियों में लोग हॉट चॉकलेट, फ्लेवर वाली कॉफी जैसे गर्म पेयों का खूब आनंद लेते हैं। लेकिन ये सेहत के लिए हमेशा फायदेमंद नहीं होतीं। इनमें मौजूद ज्यादा शुगर हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार रोजाना खाने में अतिरिक्त चीनी आपकी कुल कैलोरी का 6 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

शुगर कैसे कमजोर करती है हड्डियां

ज्यादा शुगर लेने से शरीर यूरिन के जरिए कैल्शियम बाहर निकाल देता है। इससे हड्डियों में कैल्शियम की कमी होती है और वे कमजोर हो सकती हैं। बार-बार ब्लड शुगर बढ़ने से विटामिन D का काम भी प्रभावित होता है, जिससे शरीर कैल्शियम को ठीक से अब्जॉर्व नहीं कर पाता। रिसर्च बताती हैं कि ज्यादा शुगर शरीर में हल्की लेकिन लगातार इंफ्लामेशन पैदा कर सकती है, जो हड्डियों को नुकसान पहुंचाती है।

• रोज 20-25 ग्राम शुगर सुरक्षित

स्टेटिस्टा की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में चाय-कॉफी सबसे लोकप्रिय हैं, पर शहरी इलाकों में प्रीमियम और फ्लेवर हॉट ड्रिंक्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में शुगर का अधिक सेवन नई स्वास्थ्य चुनौती बन सकता है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार, एक व्यक्ति को प्रतिदिन 20-25 ग्राम से अधिक शुगर नहीं लेनी चाहिए। दिन में तीन कप चाय और थोड़ा-सा मीठा में 25 ग्राम शुगर होती है।

स्लीप हेल्थ

विश्व के 50% लोग खर्राटे लेते हैं, जानें बचाव के तरीके

खर्राटे से बीपी और स्ट्रोक का खतरा, सोने से पहले कॉफी-फोन से दूरी बनाएं

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

स्नोरिंग यानी खर्राटे लेना एक आम समस्या है, लेकिन यह कभी-कभी स्लीप एपनिया जैसी गंभीर नींद संबंधी समस्या का संकेत भी हो सकता है। इसलिए इसे हमेशा नंजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑटो लैरींगोलॉजी के अनुसार, दुनिया में लगभग आधे लोग कभी-न-कभी खर्राटे लेते हैं और करीब 25% लोग नियमित रूप से इस समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ज्यादा पाई जाती है और उम्र बढ़ने के साथ बढ़ भी सकती है।

दैनिक भास्कर हेल्थ पॉडकास्ट

इस खबर को आप पॉडकास्ट के जरिए भी सुन सकते हैं। इस QR को स्कैन करें और हेल्थ की इस खबर को सामान्य बातचीत के अंदाज में सुनें। हर हफ्ते आपको हेल्थ पेज पर मिलेगा पॉडकास्ट।

प्राणायाम एवं योग से स्नोरिंग की समस्या कम की जा सकती है

योगगुरु हंसाजी योगेन्द्र बताती हैं कि जलनेति, कपालरंध्रधौति, सेतुबंधासन, भुजंगासन और अनुलोम-विलोम खर्राटे कम करने में उपयोगी हो सकते हैं। भ्रामरी प्राणायाम खर्राटें नियंत्रित करने में सबसे कारगर है। इसके लिए, शांत जगह पर सुखासन में बैठें, आंखें बंद करें और अंगूठों से कान बंद करें। गहरी सांस अंदर लें और सांस छोड़ते हुए भौंरे की तरह 'म' की ध्वनि निकालें। इस ध्वनि और उससे होने वाले कंपन पर ध्यान केंद्रित करें और इसे 8-10 बार दोहराएं।

• खर्राटें क्यों आते हैं... मोटापा भी बड़ा कारण

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के स्लीप एक्सपर्ट डॉ. डेनियल वेना बताते है कि सोते समय सांस की नली के टिश्यू ढीले हो जाते हैं और हवा का रास्ता संकरा हो जाता है। इससे सांस की नली थोड़ी सिकुड़ जाती है और गले के नरम हिस्से सांस लेते-छोड़ते समय कांपने लगते हैं, जिससे खर्राटों की आवाज आती है। मोटापा भी खर्राटे आने का बड़ा कारण है।

• खर्राटों से बढ़ सकती है ये परेशानियां

स्नोरिंग ध्यान लगाने में परेशानी, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक का खतरा और रिश्तों में तनाव या स्लीप डाइवोर्स का कारण बन सकती है। खर्राटे लेने वाले के साथ सोने वाले 75 फीसदी में से 11% लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पाते। 27% रात में जाग जाते हैं। 25% सोने में मुश्किल महसूस करते हैं। **(डेटा स्रोत- स्लीप फाउंडेशन, अमेरिका)**

• ये बदलाव आपकी मदद कर सकते हैं

- बेहतर नींद और खर्राटों से बचाव के लिए सोने से पहले स्क्रीन और कैफीन से दूरी रखें। पीठ के बल सोने की बजाय करवट लेकर सोएं।
- धूम्रपान न करें और रात में शराब का सेवन करने से बचें। सोने से ठीक पहले भारी भोजन न करें।
- जरूरत हो तो नाक की स्ट्रिप्स लगाएं और नाक की सफाई के लिए नेजल रिंस का इस्तेमाल करें।

एक अच्छी आदत

रोजाना मौसमी फल खाने के ये फायदे हैं

सर्दियों के फल जैसे संतरा, अमरूद, कीवी और अनार विटामिन C, फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होते हैं। फ्रंटियर इन इम्यूनोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक नियमित विटामिन C का सेवन वयस्कों में सामान्य सर्दी-जुकाम की अवधि और गंभीरता को कम करता है।

सर्दियों के फल फाइबर से भरपूर

1. **इम्यूनिटी मजबूत बनाता है**
विंटर में वाइट ब्लड सेल्स की गतिविधि धीमी होती है, जिससे इम्यूनिटी कमजोर होती है। फलों के सेवन से शरीर संक्रमण से लड़ पाता है।
2. **पाचन और ऊर्जा में सुधार**
सर्दियों में भारी भोजन के कारण पाचन बिगड़ता है। फल फाइबर से भरपूर होते हैं, जिससे पाचन बेहतर व कब्ज जैसी दिक्कतें कम होती हैं।
3. **त्वचा की ड्राईनेस कम करते हैं**
सर्दियों में त्वचा शुष्क हो जाती है। फलों के एंटीऑक्सिडेंट्स त्वचा को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं और नमी बनाए रखते हैं।
4. **सूजन और संक्रमण से रक्षा**
इन फलों में फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से शरीर की सूजन को कम करते हैं और संक्रमण से सुरक्षा देते हैं।

Support me by Joining my Private channel 🏡

♦️I DON'T RUN ANY PUBLIC CHANNELS, I DON'T ASK FOR MONTHLY SUBSCRIPTION, IF YOU HAVE EITHER OF THEM THAT'S NOT MY CHANNEL

📚Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard
+All Editorial PDFs

Uploding starts from 5AM

🎈Access to all this In Just 19 Rupees [lifetime Validity]

Click below to

Join

📚International Newspapers Channel

📚 Magazine Channel (National & International)

संपादकीय जागरण

शनिवार, 27 दिसंबर, 2025 : पौष शुक्ल - 7 वि. 2082

जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है-का सूत्र जीवन में आनंद लाता है

संगठित अपराध का तंत्र

दिल्ली में आयोजित आतंकवाद रोधी सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संगठित अपराध तंत्र का जो डाटाबेस जारी किया, वह समय की मांग के अनुरूप है। इस डाटाबेस में देश में सक्रिय आतंकी संगठनों और गैंगस्टरों का कच्चा-चिट्ठा है। इसमें गुम और बरामद हथियारों का भी विवरण है। इसे इसलिए तैयार किया गया है, क्योंकि आतंकी संगठनों और माफिया सरीखे अपराधियों के गिरोहों के बीच सांठगांठ बढ़ती चली जा रही है। कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनसे यह इंगित हुआ कि आतंकियों को किसी न किसी स्तर पर अपराधियों का सहयोग मिला। आम तौर पर आतंकी अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में तभी सफल हो पाते हैं, जब उन्हें स्थानीय स्तर पर किसी तरह की मदद मिलती है। यह किसी से छिपा नहीं कि अब आतंकी और गैंगस्टर हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी करने लगे हैं। सीमा पार से ऐसे हथियार आ रहे हैं, जो आतंकियों के साथ बड़े अपराधियों तक भी पहुंच रहे हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ भी किया गया था, जो सीमा पार से आए हथियारों को अपराधियों तक पहुंचाता था। एनआइए की ओर से तैयार उक्त डाटाबेस सभी राज्यों की पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को उपलब्ध होगा। आशा की जा रही है कि इससे आतंकवाद और संगठित अपराध से मिलकर निपटने में सफलता मिलेगी, लेकिन उचित होगा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसा वास्तव में हो। यह इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भी है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जो कुछ भी संभव हो, किया जाना चाहिए।

एक ओर जहां आतंकियों के दुस्साहस का दमन किए जाने की सख्त जरूरत है, वहीं दूसरी ओर बड़े अपराधियों पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता है। यह ठीक नहीं कि कुछ अपराधी जेल में रहकर भी अपनी गतिविधियां चलाते रहते हैं। ऐसा क्यों हो रहा है, इसके कारणों का पता लगाकर उनका निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। यह सही है कि केंद्र सरकार आतंकवाद का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसकी इस प्रतिबद्धता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं, लेकिन आतंकी खतरे को कम करने के लिए अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है, क्योंकि वे अपने तौर-तरीके बदलने के साथ आधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। आवश्यक केवल यह नहीं कि आतंकी संगठनों और अपराधियों की टोह लेने का काम और कुशलता से किया जाए, बल्कि इसकी भी है कि अदालतें आतंकवाद के मामलों का निपटारा करने में शीघ्रता का परिचय दें। कई ऐसे मामले हैं, जिनमें आतंकियों को सजा सुनाने में जरूरत से ज्यादा देरी हुई। जब ऐसा होता है तो आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर सवाल उठते हैं। आतंकवाद एक ऐसा खतरा है, जिस पर चौतरफा प्रहार किया जाना चाहिए।

निराशाजनक स्थिति

दिल्ली के विभिन्न चौराहों व सड़क किनारे कई स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने से लोगों को रोकने को लेकर एमसीडी का कोई कार्रवाई न करना निराशाजनक है। कबूतर स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। इनकी बीट व पंखों से सिटाकोसिस जैसी बीमारियां होती हैं, जो मनुष्य के फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। वायु प्रदूषण पहले ही दिल्लीवासियों के श्वसन तंत्र के लिए हानिकारक बना हुआ है, ऐसे में कबूतरों के कारण फेफड़ों पर पड़ने वाला असर और गंभीर हो जाता है।

> सड़कों के किनारे और चौराहों पर कबूतरों को दाना डालने वालों के खिलाफ एमसीडी और एनडीएमसी को कार्रवाई करनी चाहिए

यह चिंता की बात है कि एनजीटी भी कबूतरों को सार्वजनिक स्थलों पर दाना डालने को लेकर दिल्ली सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को नोटिस जारी कर चुका है, इसके बावजूद इन सरकारी एजेंसियों ने अब तक इसे लेकर गंभीरता नहीं दर्शाई है। लोगों को कबूतरों को दाना डालने से रोकने की पहली जिम्मेदारी एमसीडी की है, लेकिन वह इनसे होने वाले नुकसान को समझते हुए भी आंखें बंद कर बैठा हुआ है। वहीं, लोक निर्माण विभाग को सड़कों के किनारे, चौराहों और ट्रैफिक आइलैंड से कबूतरों को हटाना चाहिए, लेकिन वो भी इसे अनदेखा करता है, जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। इन स्थानों पर कबूतर पालने वालों और उन्हें दाना डालने वालों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।

कह के रहेंगे — माधव जोशी

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या इस वर्ष किसी को भी खेल रत्न न दिए जाने का फैसला सही है?



आज का सवाल

क्या एयर प्यूरीफायर की जरूरत को देखते हुए उस पर लगने वाला जीएसटी कम किया जाना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

सांस्कृतिक एकता का सूत्र

सीपी राधाकृष्णन

काशी-तमिल संगमम अतीत की सांस्कृतिक विरासत, वर्तमान की जीवंत सहभागिता और भविष्य के विकसित भारत संकल्प को एक सूत्र में पिरोता है

भारत के सनातन सांस्कृतिक आत्मा को यदि किसी एक पवित्र मंच पर सजीव रूप में देखा जा सकता है, तो वह है काशी-तमिल संगमम। यह एक ऐसा अनूठा उत्सव है, जहां उत्तर और दक्षिण की संस्कृति, सभ्यताएं, भाषाएं और परंपराएं एक विराट भारतीय परिवार की तरह एक-दूसरे का आलिंगन करती हैं। संगमम के चौथे संस्करण के अवसर पर मैंने गहराई से यह अनुभव किया कि काशी और तमिलनाडु का यह संबंध केवल भौगोलिक या ऐतिहासिक नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से बहती आध्यात्मिक सांस्कृतिक धारा का अविरल प्रवाह है। काशी अविनाशी है, अनादि काल से है। काशी को प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति की राजधानी कहा जाता है। दूसरी ओर तमिलनाडु, जिसकी भाषा विश्व की प्राचीनतम जीवित भाषाओं में से एक है, भारत की सनातन परंपरा, साहित्य, संगीत और दर्शन का महान वाहक रहा है। काशी-तमिल संगमम इन दोनों सभ्यतागत स्तंभों के बीच के सेतु को पुनः सुदृढ़ करता है। उत्तर और दक्षिण के बीच यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कोई नया प्रसंग नहीं है। देवारम नालवर के भक्ति गीतों से लेकर काशी में गूंजते संत कबीर के भजनों तक साधना की भाषा एक ही रही है। वह है भक्ति, ज्ञान, मानवता की भाषा।

काशी में तमिल संतों की उपस्थिति और दक्षिण भारत में काशी को 'मोक्ष की नगरी' के रूप में मान्यता, इस गहरे संबंध को प्रमाणित करती है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृढ़ संकल्प से 2022 में यह कार्यक्रम शुरू हुआ। आज यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता के एक प्रमुख प्रतीक के रूप में विकसित हुआ है। यहां गंगा की संस्कृति और कावेरी की परंपराएं एक-दूसरे से मिलकर भारत की सांस्कृतिक अखंडता को आगे बढ़ाती हैं। प्रधानमंत्री ने हाल में 'मन की बात' में इस उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा था कि ''यह संगमम विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक काशी और विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक तमिल का संगम है।'' उन्होंने तमिल भाषा और संस्कृति को भारत का गौरव बताते हुए सभी से तमिल सीखने का आग्रह भी किया। यह आग्रह भारत की भाषाई विविधता को अपनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

काशी-तमिल संगमम के प्रत्येक संस्करण में तमिलनाडु के छात्र, अध्यापक, लेखक, मीडिया प्रोफेशनल्स, कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों के लोग, महिलाएं और आध्यात्मिक विद्वान काशी आते रहे हैं। इस दौरान वे काशी के मंदिरों, तमिल से संबंधित केंद्रों और अयोध्या एवं प्रयागराज जैसे नगरों से परिचित होते हैं। चौथे संस्करण ने संगमम की सीमा और महत्वाकांक्षा को बढ़ाया है। काशी-तमिल संगमम 4.0 में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का उद्देश्य भावी पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता की चेतना को और गहराई देना है। संगमम के दौरान उत्तर प्रदेश के 300 विद्यार्थी तमिलनाडु पहुंचे हैं और विभिन्न संस्थानों में तमिल भाषा सीख रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु की समृद्ध परंपराओं, त्योहारों और भारतीय परंपरा की एकता से भी परिचित कराया जाएगा। तमिलनाडु से भी 50 तमिल शिक्षक वाराणसी पहुंचे हैं और संगमम के दौरान 1,500 से अधिक छात्रों को तमिल सिखाने का प्रयास कर रहे हैं। तमिल की मधुर ध्वनि काशी में गूंजी, इससे अधिक गौरव की बात क्या हो सकती है?

अवधेश राजपूत

काशी-तमिल संगमम 4.0 की एक और विशिष्ट और प्रेरक पहल 'अगस्त्य अभियान' है। यह अभियान तमिलनाडु के तेनकाशी से काशी तक एक प्राचीन सभ्यतागत मार्ग को पुनर्स्थापित करता है। महर्षि अगस्त्य भारतीय सभ्यता के उन महान ऋषियों में से हैं, जिन्होंने उत्तर और दक्षिण के बीच सांस्कृतिक संवाद को सुदृढ़ किया। उन्हें तमिल भाषा और सिद्ध चिकित्सा का प्रवर्तक माना जाता है। वे तमिल संस्कृति को उत्तर भारत तक ले कर आए। अगस्त्य अभियान उनके उसी योगदान को स्मरण करते हुए उत्तर-दक्षिण के सांस्कृतिक संबंधों को पुनः रेखांकित करता है।

काशी-तमिल संगमम 4.0 यह संकेत देता है कि भारत अपनी प्राचीन सभ्यतागत जड़ों को सहेजते हुए आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है। यह आयोजन हमें स्मरण कराता है कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अतीत की स्मृतियां केवल विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान को दिशा देने वाली प्रेरणा होती हैं। ऐसे मंचों के माध्यम से सांस्कृतिक संवाद, आंतरिक एकता और राष्ट्रीय चेतना को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। संगमम अतीत की सांस्कृतिक विरासत, वर्तमान की जीवंत सहभागिता और भविष्य के विकसित भारत जैसे राष्ट्रीय संकल्प, तीनों को एक सूत्र में पिरोता है। यह स्पष्ट करता है कि भारत का विकास केवल आर्थिक या तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी जड़ें सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत चेतना में निहित हैं। काशी तमिल संगमम 4.0 ने यह स्पष्ट किया कि भारत सरकार सांस्कृतिक एकीकरण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस आयोजन ने विभिन्न समुदायों को जोड़ा है। इसने यह पुनः स्थापित किया है कि भारत की सभ्यतागत शक्ति उसकी विविधता की एकता में निहित है। आज जब विश्व विविधताओं के बीच तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, तब भारत का विविधता को उत्सव के रूप में स्वीकार करना वैश्विक संदर्भ में भी प्रेरणास्पद बनकर उभरता है।

महाकवि सुब्रमण्य भारती ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां सिंधु तट पर तेलुगु गीत गाए जाएं और कावेरी की धरती के बच्चे गंगा के तट पर उत्सव मनाएं। उस स्वप्न ने काशी-तमिल संगमम के माध्यम से आज मूर्त रूप ले लिया है। इस संगमम से प्रेरणा लेकर हम कह सकते हैं: 'कावेरी की पुत्री, गंगा के तट पर गाती है, भक्ति की मधुर धारा में, अपनी धुन मिलाती है। गंगा का पुत्र भी, कावेरी के तट पर आता है, तमिल के मीठे स्वरों में, भारत का नाद सुनाता है।' काशी से शुरू हुआ यह कार्यक्रम, तमिल आध्यात्मिक विरासत की सबसे पवित्र जगहों में से एक रामेश्वरम में खत्म होगा। यही वह सेतु है, जो उत्तर और दक्षिण को जोड़ता है और भारत को एक परिवार होने की अनुभूति कराता है।

(लेखक उपराष्ट्रपति हैं)

response@jagran.com

आवश्यक हुआ एआइ को अपनाना

जसप्रीत बिंद्रा

आने वाला साल हमें यह तय करने पर मजबूर करेगा कि हम एआइ के साथ कैसे जिएं, काम करें और शासन करें

अगर 2024 वह साल था, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) ने बोलना सीखा तो 2025 वह साल रहा, जब एआइ के हाथ बढ़े और उसका दायरा एवं प्रभाव बढ़ा। यह वह वर्ष रहा, जब एआइ निर्णायक रूप से डेमो और पायलट प्रोजेक्ट्स से आगे निकलकर वास्तविक क्रियान्वयन, स्वायत्तता और बड़े पैमाने पर उपयोग में उतरा। चर्चा एआइ टूल्स के इस्तेमाल से आगे बढ़कर एआइ एजेंट्स के निर्माण पर आ गई। जेनरेटिव एआइ की जगह एजेंटिक एआइ प्रमुख अवधारणा बन गई। एजेंटिक एआइ ऐसे सिस्टम को कहते हैं, जो सिर्फ इंसानों को सलाह नहीं देते, बल्कि एंटरप्राइज साफ्टवेयर के भीतर बहु-चरणीय वर्कफ्लो को स्वयं अंजाम देते हैं। एजेंटिक ब्राउजर्स से लेकर आटोनामस कामर्स और वर्कफ्लो आटोमेशन तक, एआइ एक सहायक से बढ़कर जूनियर सहयोगी की तरह व्यवहार करने लगा। वर्ष 2025 आत्ममंथन का भी साल रहा। कंपनियों ने दिखावटी प्रयोगों को छोड़कर ठोस और मापने योग्य रिटर्न आन इन्वेस्टमेंट की मांग शुरू की। एआइ को अपनाना अब अपवाद नहीं, बल्कि जरूरत बन गया। कोडिंग पहला ऐसा उपयोग क्षेत्र बना, जहां एआइ का व्यापक पैमाने पर असर दिखा। क्लाड, कर्सर और कोपायलट जैसे एआइ टूल्स एंटरप्राइज स्तर पर 40 प्रतिशत से अधिक नया कोड तैयार करने लगे। इसके साथ ही साफ्टवेयर इंजीनियर की भूमिका भी बदलने लगी। अब वह सिर्फ कोड लिखने वाला नहीं, बल्कि मशीन श्रम का पर्यवेक्षक और सिस्टम आर्किटेक्ट बनता जा रहा है। सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग के शब्दों में कहें तो हम साफ्टवेयर एजेंट्स के लिए एचआर मैनेजर बन गए हैं।

इस गुजरते साल पर्दे के पीछे एआइ की भौतिक नींव भी तैयार हो रही थी। एटम्स फार एल्गोरिदम्स आंदोलन के तहत बड़ी टेक कंपनियों ने गीगावाट-स्तरीय डाटा केंद्रों को ऊर्जा देने के लिए परमाणु ऊर्जा की ओर रुख किया। एआइ ने सिर्फ साफ्टवेयर को नहीं बदला, बल्कि वैश्विक ऊर्जा अवसंरचना को भी नए सिरे से आकार देना शुरू कर दिया। इसी बीच चीन ने बिना शोर-शराबे के वर्ष 2025 में बढ़त बना ली। उसका फोकस एजीआइ (आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस) की समय-सीमाओं की घोषणा करने के बजाय अनुप्रयोगों, ओपन-सोर्स नेतृत्व और ऊर्जा प्रचुरता पर रहा। एजीआइ को मानव-स्तरीय एआइ भी कहा जाता है। यह एक ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता है, जो लगभग सभी संज्ञानात्मक कार्यों में मानव क्षमताओं के बराबर या उनसे भी आगे निकल सकती है। ओपन-सोर्स का स्वामित्व एक बार फिर दीर्घकालिक रणनीतिक बढ़त साबित हुआ। बीत रहा वर्ष एआइ के स्याह पहलुओं को भी उजागर कर गया। हम उनकी अनदेखी नहीं कर सकते। डीपफेक्स ने दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए खतरा पैदा किया, एआइ कंपैनियंस ने अकेलेपन और मानवीय संबंधों को लेकर असहज सवाल खड़े किए और उद्योग एक डाटा सीमा से टकरा गया, जिससे सिंथेटिक डाटा की ओर झुकाव बढ़ा। इसके बावजूद इस साल के अंत तक गूगल एक अप्रत्याशित एआइ लीडर के रूप में उभरा, जिसने चिप्स, माडल्स, डाटा और डिस्ट्रीब्यूशन में अपनी फुल-स्टैक ताकत का लाभ उठाया।

सहयोगी का रूप लेती एआइ तकनीक ● प्रतीकात्मक

अगर वर्ष 2025 क्षमताओं का साल था तो 2026 विवेक का होगा। हम उस दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसे रीजनिंग वेब का युग कहा जाता है, जहां सर्च इंजन लिंक दिखाने के बजाय सीधे उत्तर देने वाले इंजन बन जाएंगे और एआइ ब्राउजर ज्ञान को समेटकर प्रस्तुत करेंगे। हालांकि इससे वेब की आर्थिक संरचना को नए सिरे से गढ़ना पड़ेगा, अन्यथा यह उन्हीं क्रिएटर्स को नुकसान पहुंचाएगा, जिन पर एआइ निर्भर है। इसी समय एजेंट्स कोपायलट से आगे बढ़कर सहयोगी बन जाएंगे और हल्की मानवीय निगरानी में पूरे वर्कफ्लो चला सकेंगे। वर्ष 2026 वह साल भी होगा, जब एआइ को शरीर मिलेगा। फिजिकल एआइ यानी रोबोट्स और आटोनामस सिस्टम्स प्रयोगशालाओं से बाहर निकलकर वेयरहाउस, फैक्ट्रियों और शहरों की सड़कों तक पहुंचेंगे। सेल्फ-ड्राइविंग कारों का अलग-अलग शहरों और महाद्वीपों में विस्तार इस बात का संकेत है कि एंबेडेड इंटेलिजेंस अब कल्पना नहीं, बल्कि वास्तविक संचालन बन चुकी है। सेल्फ-ड्राइविंग कारें इंसानी हस्तक्षेप के बिना चल सकती हैं। अगले साल एआइ वैल्यूएशंस में सुधार जरूर आएगा, लेकिन गिरावट नहीं, क्योंकि तकनीक ठोस है, इन्फ्रास्ट्रक्चर गहरा है और कैश फ्लो मजबूत है। इसके बजाय जो चीज सबसे मूल्यवान बनेगी, वह है मानवीय तत्व। जब एआइ-जेनरेटेड कंटेंट इंटरनेट पर बाढ़ की तरह फैल जाएगा, तब सत्यापित मानवीय रचनात्मकता, विवेक और जुड़ाव एक तरह की लक्जरी बन जाएंगे।

कुल मिलाकर दुनिया के साथ-साथ भारत के लिए भी 2026 एआइ के क्षेत्र में एक निर्णायक क्षण लेकर आएगा। संप्रभु एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर, क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का विस्फोट और जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) तक पहुंच अब वास्तविक लगने लगी है। अगर 2025 ने हमें दिखाया कि एआइ क्या कर सकता है तो 2026 हमें यह तय करने पर मजबूर करेगा कि हम उसके साथ कैसे जिएं, काम करें और शासन करें। कच्ची बुद्धिमत्ता का युग पीछे छूट चुका है। अब विवेक का युग शुरू हो रहा है।

(लेखक एआइ एंड बियांड के को-फाउंडर हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

आत्मबोध

आध्यात्मिक जीवन में आत्मा को जानने और अपने अस्तित्व से एकाकार होने के अनेक मार्ग बताए गए हैं। कोई भक्ति का मार्ग अपनाता है, कोई ज्ञान का, कोई कर्म का और कोई ध्यान का। सभी मार्ग अलग दिखते हैं, लेकिन उनका लक्ष्य एक ही होता है स्वयं को जानना और परम सत्य से जुड़ना। सभी मत यही कहते हैं कि जब तक मन में द्वैत है, यानी 'मैं' और 'वह', 'अपना' और 'पराया' का भाव है, तब तक पूर्ण आध्यात्मिक शांति नहीं मिल सकती।

उपनिषदों में एक प्रसिद्ध सूत्र है 'नेति-नेति', जिसका अर्थ है यह भी नहीं, वह भी नहीं। इसका भाव यह है कि आत्मा को किसी एक रूप, नाम या विचार में बांधा नहीं जा सकता। आत्मा न शरीर है, न मन, न विचार, न भावना। जब हम इन सबको एक-एक करके नकारते जाते हैं, तब अंत में जो शेष रह जाता है, वही सत्य है। आध्यात्मिक अनुभव की चरम अवस्था में ऐसा समय आता है, जब न साधक रहता है, न साधना और न ही साध्य। सब कुछ एक हो जाता है। यही अवस्था सत्-चित्-आनंद की कहलाती है, जहां केवल अस्तित्व, चेतना और आनंद शेष रहता है।

धर्मग्रंथ आत्मा को सीधे परिभाषित नहीं करते, बल्कि पहले यह बताते हैं कि आत्मा क्या नहीं है। जैसे मूर्ति गढ़ने में पहले फालतू पत्थर हटाए जाते हैं, वैसे ही आत्मज्ञान में अनात्म तत्वों का निषेध किया जाता है। जब झूठे आवरण हट जाते हैं, तब सत्य स्वयं प्रकट हो जाता है। सत्य को कहीं बाहर खोजने की जरूरत नहीं होती। वह तो सदैव चमक रहा है, पर हमारे चारों ओर फैला कृत्रिम प्रकाश-यानी अहंकार, इच्छाएं, डर और भ्रम उसकी रोशनी को ढक देता है। जैसे ही यह आवरण हटता है, सत्य का दर्शन हो जाता है। जब सत्य का अनुभव होता है, तब सारे प्रश्न शांत हो जाते हैं। मन स्थिर हो जाता है और भीतर आनंद की ध्वनि गूंजने लगती है। यही ब्रह्म है, यही आत्मा है और यही जीवन का परम लक्ष्य है।

आदित्य नारायण अवस्थी

पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

एक जरूरी संदेश

संध्या जैन द्वारा 'खौफनाक नारेबाजी पर सख्ती जरूरी' शीर्षक से लिखे आलेख में अभिव्यक्ति की आजादी के दुरुपयोग का वर्णन किया गया है। यह आलेख समाज और लोकतंत्र के लिए एक जरूरी संदेश देता है। खतरनाक नारेबाजी सिर्फ बोलने की आजादी का मामला नहीं है, बल्कि यह समाज में नफरत और हिंसा फैलाने का कारण बन सकती है। जब लोग गुस्से और नफरत से भरे नारे लगाते हैं तो वे सोच-समझकर फैसला नहीं करते। इससे समाज में डर, तनाव और आपसी दुश्मनी बढ़ती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी किसी के खिलाफ हिंसा भड़काए या समाज को तोड़ने वाली बातें कहे। अगर कोई नारा लोगों को नुकसान पहुंचाने, डराने या बांटने का काम करता है तो उस पर रोक लगना जरूरी है। यह रोक विचारों पर नहीं, बल्कि गलत और खतरनाक व्यवहार पर होनी चाहिए। राजनीतिक दलों और नेताओं की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। उन्हें वोट या फायदा पाने के लिए भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मीडिया को भी ऐसी बातों को बढ़ावा देने से बचना चाहिए। वहीं आम लोगों को भी समझदारी दिखानी होगी और हर तेज नारे पर भरोसा नहीं करना चाहिए। सीधी बात यह है कि अगर हमें देश में शांति, भाईचारा और लोकतंत्र को बचाए रखना है तो खतरनाक नारेबाजी पर सख्ती जरूरी है। आज अगर इसे नहीं रोका गया तो आगे चलकर इसका नुकसान पूरे समाज को उठाना पड़ेगा।

ankitsingh89365rdx@gmail.com

घुसपैठियों पर मौन विपक्ष

कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दल आजकल वोट चोरी के नाम पर अपना तथाकथित विवेक निरंतर हार की झेंप मिटाने के असफल प्रयास में लगा रहे हैं। दूसरी ओर, आज देश की अर्थव्यवस्था द्रुतगति से बढ़कर वैश्विक स्तर पर अपना सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। यही वजह है कि वर्तमान में विकसित देश, अरब देश और यूरोपीय संघ भी भारत से मुक्त व्यापार समझौते के लिए आतुर दिखाई पड़ते हैं। अभी-अभी न्यूजीलैंड से हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) इसका ज्वलंत उदाहरण है। जुलाई से सितंबर तिमाही की जीडीपी ग्रोथ 8.20 फीसदी आंकी गई है, जोकि अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ के बावजूद है। निश्चित ही ऐसे में देश की इकोनामी को डेड इकोनामी कहना अपाच्य सा लगता है। लेकिन देश के प्रमुख विपक्षी दलों के नेता कभी मनरेगा का नया प्रारूप जी-राम-जी कानून, कभी चुनाव आयोग को धमकी, कभी ईवीएम, कभी ईडी, सीबीआइ, उच्च संवैधानिक संस्थाओं पर राजनीतिक प्रहार कर अपनी नकारात्मक राजनीतिक शक्ति का ही परिचय देते हैं। चाहे केंद्रीय जनकल्याणकारी नीतियां हों या फिर विकास, रोजगार, उच्च शिक्षा आदि योजनाएं हों, विपक्षी दलों की धुर-विरोधी मानसिकता उजागर न हो या फिर नकारात्मक प्रतिक्रिया न आएं, ऐसा हो ही नहीं सकता। संसद ठप, संसद परिसर या सड़कों पर प्रदर्शन आम बात हो चुकी है। देश में घुसपैठियों की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है।

दीपक गौतम, सोनीपत

अखबार पढ़ने से होगा ज्ञानार्जन

उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार स्कूलों में शिक्षक प्रार्थना सभा में बच्चों को अखबार पढ़कर सुनाते और पांच नए शब्दों का अर्थ समझते हुए नजर आएंगे। तेजी से बढ़ते हुए बच्चों में मोबाइल के प्रचलन को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है अक्सर तो देखा गया है कि कक्षा छठी से 12वीं तक के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे तेजी से बढ़ते हुए मोबाइल के प्रचलन में पूर्ण रूप से शामिल रहते हैं और उनके स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस तरह से स्कूलों में प्रथम और द्वितीय पाली में पढ़ने वाले बच्चों को अब समाचार पत्र उपलब्ध होंगे इस प्रकार से समाचार पढ़ने से विभिन्न प्रकार की होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे और उसके साथ-साथ उनका विज्ञान, संस्कृत, खेल जगत तथा विदेश की पूर्ण रूप से जानकारी हासिल होगी। अखबार पढ़ने से उनको ज्ञान हासिल हो सकता है। बच्चों को अपने देश, संस्कृति और समाज के विषय में भी जानकारी हासिल होगी।

मीना धानिया सिरसपुर, दिल्ली

भूल सुधार

कल शुक्रवार के अंक में इस पेज पर ''खौफनाक नारेबाजी पर सख्ती जरूरी'' शीर्षक से प्रकाशित लेख में भूलवश न्यायाधीश का नाम अरुण कुमार सिंह देशवाल के स्थान पर अरुण कुमार यादव छप गया है। इस भूल के लिए खेद है। -संपादक

पोस्ट

मोहम्मद यूनुस का यह कहना कि बांग्लादेश सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जाना जाता है, ठीक वैसा ही है जैसे पाकिस्तान का यह दावा करना कि वह आतंकवाद-रोधी प्रयासों के लिए प्रसिद्ध है। आदित्य राज कौल@AdityaRajKaul

अगर किसी के साथ अन्याय होते देख आप उसके साथ खड़े नहीं होते तो किसी दिन आपके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ बोलने वाला भी कोई नहीं होगा।
कादंबिनी शर्मा@SharmaKadambini

बैंक आफ अमेरिका के अनुसार डाटा डिविडेंड के कारण भारत सिलिकान वैली के एआइ भविष्य के लिए एक अनिवार्य आरएंडडी डाटा लैब बन चुका है। यह भूमिका भारत को आर्थिक और व्यापारिक वार्ताओं में महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त प्रदान करती है।
मिन्हाज मर्चेंट@MinhazMerchant

देश की अदालतों में इस समय लगभग 5.3 करोड़ मामले लंबित हैं, जिनमें से 91,080 मामले केवल सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। न्यायाधीश अवकाश पर जा सकते हैं, लेकिन न्यायपालिका अवकाश पर नहीं जा सकती। आनंद रंगनाथन@ARanganathan72

जनपथ

यूनुस पर कोई असर करेगी ना फटकार,
घर में घुसकर अब उसे चपत लगाओ चार।
चपत लगाओ चार रोक दो राशन-पानी,
तब सुधरेंगे अर्थ-शास्त्र के बड़के ज्ञानी!
उसे हर तरफ घेर जायगी जब सेना घुस,
तब मुर्गा बन बांग लगेगा देने यूनुस!!
- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 162

धूलरहित थ्रेशर बनाने की पूजा की सिद्धि से घर-घर में आह्लाद

पुरस्कार विजेता पूजा

प्रह्लाद तिवारी, जागरण • बाराबंकी: प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित उत्तर प्रदेश में बाराबंकी की बाल विज्ञानी पूजा ने किसानों की असुविधा महसूस कर धूल रहित थ्रेशर का माडल बनाया। यह अभिनव माडल कक्षा आठ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय अगेहरा में पढ़ाई के दौरान बनाया था।

वैज्ञानिक चिंतन से जापान तक का सफर तय कर रायसीना हिल्स दिल्ली की मेहमान बनीं पूजा की सिद्धि से उनके घर का घर-घर आह्लादित है। सम्मान मिलने के बाद भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूजा को संवाद करने का मौका मिला।

पूजा ने पुरानी टिन को जोड़कर थ्रेशर बनाया व जाली के साथ पानी टंकी लगाकर गेहूं मंड़ाई से निकलने वाली धूल को रोका। गेहूं की मंड़ाई में अनाज, भूसा व धूल को अलग करने का दावा किया। पांच दिसंबर 2022 को मंडल स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में माडल का चयन हुआ, फिर 25 दिसंबर 2022 को राज्यस्तरीय अवार्ड में सराहना हुई।

वैभव सूर्यवंशी और शवन सिंह सहित 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

साहसिक कृत्यों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले सम्मानित

संजीव गुप्ता • जागरण

वीर बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु • प्रेट्र

नई दिल्ली: वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस साल दो बच्चों को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया। उनके पुरस्कार माता-पिता ने लिए। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में सभी पुरस्कार साहसिक कृत्यों और खेल, विज्ञान व कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिए गए। समारोह को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने पुरस्कृत बच्चों की प्रशंसा की और कहा कि वे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

क्रिकेट की दुनिया के चमकते सितारे वैभव सूर्यवंशी घरेलू क्रिकेट की विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को ही 190 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने थे। वह सिर्फ 14 साल की उम्र में क्रिकेट में कई रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं। वैभव इस पुरस्कार को लेने के लिए शुक्रवार को रांची से विजय हजारे ट्राफी का दूसरा मैच छोड़कर नई दिल्ली पहुंचे।

पंजाब में फिरोजपुर के 10 वर्षीय शवन सिंह ने आपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण साहस का परिचय देते हुए, ड्रोन हमलों की स्थिति में भी सैनिकों तक मदद पहुंचाई थी।

बिहार के 11 वर्षीय कमलेश ने नदी में डूबते एक बच्चे को बचाने में जान गंवा दी थी। उन्हें मरणोपरांत बहादुर पुरस्कार दिया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश के नौ साल के बहादुर अजय राज ने नदी किनारे मगरमच्छ से पिता की जान बचाई थी। बाराबंकी की पूजा को किसानों के लिए, कृषि प्रदूषण कम करने वाली मशीन बनाने के लिए सम्मान मिला। झारखंड की 14 वर्षीय फुटबालर अनुष्का को हाल में अंडर-17 महिला फुटबाल टीम में शामिल किया गया है। तेलंगाना के मेडचल मलकाजगिरी निवासी 16 वर्षीय विश्वनाथ ने दुनिया के सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों (सेवन समिट्स) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। वह ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय और दुनिया के दूसरे सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं।

केरल के 11 वर्षीय सिदान लकड़ी की मदद से करंट की चपेट में आए मित्रों की बचाई जान

केरल के रहने वाले 11 वर्षीय सिदान के दो मित्र करंट की चपेट में आ गए थे। सिदान ने सूझबूझ दिखाते हुए लकड़ी की मदद से अपने दोनों मित्रों को बचाया। महाराष्ट्र निवासी 17 साल के अर्णव महर्षि को विज्ञान श्रेणी में बाल पुरस्कार मिला है।

मिजोरम के नौ वर्षीय यूट्यूब स्टार हमानते के दो करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर

मिजोरम के नौ वर्षीय हमानते यूट्यूब स्टार हैं, उनके चैनल पर दो करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर हैं। गृह मंत्री ने कुछ समय पहले उनकी सराहना करते हुए गिटार दिया था। बंगाल के नदिया जिले के रहने वाले 16 वर्षीय सुमन सरकार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक 43 पुरस्कार मिल चुके हैं।

'बालवीर' वैभव की कीर्तिमान से मित्रता

अक्षय पांडेय • जागरण

वैभव सूर्यवंशी

बल्ले और गेंद के प्रति समर्पण से चमका बिहार के समस्तीपुर का 14 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

वैभव की उपलब्धि

- 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में रणजी ट्राफी में पदार्पण
- विजय हजारे ट्राफी में 84 गेंदों में 190 रन
- आइपीएल 2025 में 38 गेंदों में 101 रन
- अंडर-19 एशिया कप में 95 गेंदों में 171 रन
- यूथ टेस्ट में 62 गेंदों में बनाए 104 रन
- सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी में 61 गेंदों में 108 रन
- राइजिंग स्टार्स एशिया कप में 42 गेंदों में 144 रन

पटना: बिहार में समस्तीपुर जिले के ताजपुर में उन दिनों स्कूल की घंटी से पहले बैट से सामना करती गेंद की टक-टक सुनाई पड़ती थी। सुबह-सुबह जब पढ़ने के लिए बच्चों के कदम विद्यालय की ओर भागते, तो घर की छत पर एक बच्चा हेलमेट-पैड पहने पिता की गेंद पर जोरदार प्रहार करता था। कभी कवर तो कभी स्ट्रेट ड्राइव। पिता जब थक जाते, तो सात वर्षीय बच्चा गेंद के स्वयं की ओर आने की कल्पना कर हवा में बल्ला चलाता रहता। पिता के संघर्ष, त्याग और अटूट विश्वास के दम पर आंखों में बड़े सपने और दिल में क्रिकेट का जुनून लिए, वैभव सूर्यवंशी के पास अगर कुछ नैसर्गिक था, तो वो परिश्रम और क्रिकेट के प्रति समर्पण रहा। 14 वर्षीय वैभव को उसी समर्पण का सम्मान शुक्रवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के रूप में मिला, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें इससे अलंकृत किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने वैभव का हौसला बढ़ाया। वे वैभव और उनके माता-पिता से पटना में पहले भी मिल चुके हैं। इस जगह तक पहुंचने पर आज जिस खिलाड़ी की प्रतिभा सबको आश्चर्यचकित कर रही है, उसके पीछे संघर्ष की लंबी कहानी है। बचपन आम बच्चों से अलग। खिलौनों के स्थान पर हाथों में बल्ला और गेंद पर एकटक निगाहें। मां की दुआ और किसान पिता के भरोसे के बूते घर की सीमित सुविधाओं में गगनचुंबी छक्कों की तरह उड़ान भरते सपने। छोटी उम्र में ही वैभव ने स्वयं को एक तय दिनचर्या में बांध लिया था। पढ़ाई और खेल के बीच संतुलन बनाना उसने जल्दी सीख लिया। धूप में अभ्यास, थकान से जूझना और बार-बार स्वयं को बेहतर साबित करना, यही उनकी दिनचर्या बन गई।

देश-दुनिया के मानचित्र पर बिहार को चमकाने वाले इस 'बालवीर' की कहानी के साथ हजारों प्रेरणाएं जुड़ीं। क्रिकेट का जुनून देख पिता संजीव सूर्यवंशी ने अकादमी में अभ्यास करा खेल में निखार लाने का मन बना लिया। समस्तीपुर में बेहतर संभावना न देख रोज पटना आने की योजना बन गई। तीन भाइयों में बीच वाले बेटे के लिए, संघर्ष की यात्रा सूर्य के निकलने से पहले शुरू होने लगी। रात तीन बजे उठ मां आरती सूर्यवंशी खाना बना टिफिन तैयार करतीं, पिता सुबह पांच बजे बेटे को लेकर घर से निकल जाते। राजधानी के संपतचक में जेनएक्स अकादमी के प्रशिक्षक व वैभव के प्रारंभिक कोच मनीष ओझा बताते हैं, वैभव के पिता उसे रोज समस्तीपुर से बस से पटना लाते थे। तब उम्र नौ से 10 साल रही होगी। जब तक वह अभ्यास करता, पिता मैदान पर रहते। तब वो एक दिन में 500 से अधिक गेंदें खेलता था। बीच में समय देख उसे खाना खिलाते। समस्तीपुर से आने-जाने में एक दिन पूरा लग जाता, तो वो एक दिन छोड़कर पटना आने लगा। उसने कभी हालात को दोष नहीं दिया, बल्कि अपनी मेहनत को और तेज कर दिया। धौनी एवं कई चयनकर्ताओं को उसकी बल्लेबाजी का वीडियो बनाकर भेजा। समय के साथ मैदान पर उसका आत्मविश्वास साफ झलकने लगा।

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की खबरें पढ़ने के लिए स्कैन करें

योगिता को जूडो में असाधारण उपलब्धि के लिए मिला सम्मान

योगिता मंडावी

नईदुनिया न्यूज, कोंडागांव: छत्तीसगढ़ में माओवादी हिंसा प्रभावित रहे कोंडागांव जिले के हिर्री गांव की रहने वालीं योगिता मंडावी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार जूडो खेल में असाधारण उपलब्धि के लिए दिया गया। 14 वर्षीय योगिता का बचपन संघर्षों से भरा रहा। वह चार वर्ष की भी नहीं थीं कि पिता मायाराम मंडावी तथा माता सुकमती का निधन हो गया। जनवरी 2021 में जिला प्रशासन ने योगिता को राज्य बाल कल्याण परिषद के बालिका बालगृह (कोंडागांव) में प्रवेश दिलाया। यहां उन्होंने 10 वर्ष की आयु में जूडो खेलना शुरू किया। अब योगिता राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी हैं और कई मेडल अपने नाम कर चुकी हैं। योगिता ने नासिक व केरल में आयोजित खेलो इंडिया जूडो प्रतियोगिता में मेडल जीता।

10 साल के अजय ने मगरमच्छ के जबड़े से बचाई थी पिता की जान

अमित दीक्षित • जागरण

अजय

- राष्ट्रपति ने पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया सम्मानित
- प्रधानमंत्री मोदी ने विज्ञान भवन में अजय से की बातचीत

आगरा: दस वर्ष का कोई बालक भला मगरमच्छ से भिड़ने का साहस कैसे कर सकता है, लेकिन चंबल के बीहड़ ने इसका उदाहरण पेश किया है। घटना 25 जुलाई, 2025 की है, जब चौथी कक्षा के छात्र अजय ने अदम्य साहस और त्वरित बुद्धि का परिचय देते हुए मगरमच्छ से अपने पिता की जान बचाई। राष्ट्रपति ने इस साहसिक कार्य के लिए अजय को सम्मानित किया है। सम्मान पाने के बाद अजय ने बताया कि उस समय उसके दिमाग में केवल पिता को बचाना था। उसके लिए वह जो कर सकता था, उसने किया। सम्मान समारोह में मौजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अजय से बात की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीर बालक को साहसिक कार्य के लिए बधाई दी है।

आगरा जिले के गांव झरनापुरा के वीरभान उर्फ बंटू 27 जुलाई को दोपहर दो बजे के करीब चंबल नदी के किनारे बकरियां चरा रहे थे। उनके साथ 10 साल का बेटा अजय भी था। वीरभान बोतल में पानी भरने के लिए नदी किनारे गए। इस बीच मगरमच्छ ने वीरभान का दायां पैर पकड़ लिया और गहरे पानी की तरफ खींचने लगा। पिता की आवाज सुन अजय नदी में कूद गया। उसने मगरमच्छ के मुंह पर लाठियां मारना शुरू कर दिया। पकड़ ढीली होते न देख अजय ने मगरमच्छ की आंखों पर प्रहार किया। आंखों पर हुए हमले से मगरमच्छ घबरा गया और पैर छोड़कर भाग गया। अजय ने पिता को सहारा दिया और नदी से बाहर निकाल लाया। अजय के इस साहस की खूब सराहना हुई।

शवन ने पाकिस्तानी ड्रोन के गिरते मलबे और चिंगारियों के बीच जवानों तक पहुंचाया था पानी, चाय और लस्सी

कपिल सेठी • जागरण

शवन को कंधों पर बैठाकर दुलार देते सैनिक • सौ. परिवार

- आपरेशन सिंदूर में शवन ने दिखाया था हौसला, 'यंगेस्ट वारियर' के रूप में बनी पहचान
- फौजी बनने का है सपना, गोद लेकर पढ़ाई का पूरा खर्च उठा रही है सेना

फिरोजपुर: पंजाब में फिरोजपुर की धरती पर जन्मा शवन सिंह देशभक्ति और साहस का प्रतीक बन चुका है। 10 साल के शवन ने अपनी उम्र से कहीं बड़ा हौसला दिखाया। गांव तरां वाली के इस नन्हे बेटे ने मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान सीमा पर भारतीय सेना के जवानों के लिए वह किया, जो बड़े लोग भी करने से हिचक जाते हैं। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई के कारण पाकिस्तानी ड्रोन के गिरते मलबे और चिंगारियों के बावजूद शवन का हौसला नहीं डिगा और वह घर से ठंडा पानी, दूध, चाय, लस्सी और बर्फ लेकर जवानों तक पहुंचाता रहा। चिलचिलाती धूप, तपती जमीन और लंबी दूरी तय करके वह रोज रात तक जवानों के पास रहता और उनके साथ बैठकर खाना खाता। यही वजह रही कि वह जल्द ही जवानों के बीच 'यंगेस्ट वारियर' के नाम से पहचाना जाने लगा। सेना ने उसे गोद लिया है और उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च भी उठा रही है। शवन की इसी निस्वार्थ सेवा और बहादुरी को देश ने सलाम किया। शुक्रवार को उसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इससे पहले भारतीय सेना की ओर से भी शवन को कई मंचों पर सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और मेजर जनरल रणजीत सिंह मनराल (जीओसी 7 इन्फेंट्री) भी उसे सम्मानित कर चुके हैं।

स्कूल में हर गतिविधि में आगे, फौजी बनने का है सपना: स्कूल में भी शवन हर गतिविधि में आगे रहता है और हर जिम्मेदारी सबसे पहले उठाने को तैयार रहता है। पहले वह गांव के सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल में पढ़ता था। बाद में उसे सेना ने गोद लिया और अब वह अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पांचवीं कक्षा का छात्र है। अध्यापकों के अनुसार, शवन सबसे सक्रिय बच्चों में से एक है। शवन का सपना साफ है कि वह बड़ा होकर फौजी बनना चाहता है।

खास बनाता है जज्बा

शवन महज साढ़े चार साल की उम्र में हर्निया के आपरेशन से गुजर चुका है। आज भी उसे रोज इंसुलिन की जरूरत पड़ती है। मां संतोष बेटे की तबीयत को लेकर अक्सर चिंतित रहती थीं और तेज धूप में उसे रोकती थीं, लेकिन शवन का जवाब होता-जब हमारे जवान गर्मी में ड्यूटी कर रहे हैं तो मैं क्यों नहीं? यही जज्बा उसे खास बनाता है। जब कुछ दिन बाद सेना का कैंप वहां से हटा तो शवन मायूस रहा। हालांकि, सैन्य अधिकारियों ने शवन के पिता के फोन पर उससे बात की और हौसला बढ़ाया। शवन के पिता सोना सिंह किसान हैं।

भाई को बचाने में गई जान, सम्मान लेते माता-पिता की भर आईं आंखें

मोहनियां के 11 वर्षीय कमलेश कुमार को मरणोपरांत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया गया सम्मानित

नई दिल्ली में शुक्रवार को 11 वर्षीय कमलेश कुमार (मरणोपरांत) का प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उनके पिता को प्रदान किया गया। • पीआइबी

जासं, मोहनियां (कैमूर): अपने बड़े भाई को बचाकर स्वयं मौत के मुंह में चले गए बच्चे को मरणोपरांत जब प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया तो माता-पिता की आंखें भर आईं। बिहार में कैमूर जिले के भदवलिया गांव के कमलेश के माता-पिता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शुक्रवार को यह सम्मान ग्रहण किया।

घटना इसी वर्ष 25 जुलाई की है। दुखी जायसवाल का 11 वर्षीय पुत्र कमलेश अपने 13 वर्षीय बड़े भाई पवन के साथ गांव के ही मध्य विद्यालय में पढ़ने गया था। कमलेश पांचवीं कक्षा का छात्र था। वहां से दोनों दुर्गावती नदी में स्नान करने चले गए। इसी दौरान पवन गहरे पानी में डूबने लगा, आसपास कोई नहीं था, जो बचा सके। यह देख कमलेश ने अपने भाई को बचाने के लिए जान की बाजी लगा दी। उसने उसे तो बचा लिया, पर स्वयं मौत का शिकार हो गया। पवन ने घर जाकर सारी बात बताई तो स्वजन और गांव के लोग दौड़े आए, लेकिन उसका अता-पता नहीं चला। उसका झोला नदी किनारे पड़ा था। एसडीआरएफ की टीम ने काफी प्रयास के बाद अगले दिन उसका शव ढूंढकर निकाला। कमलेश पढ़ने में मेधावी था, माता-पिता को उससे बहुत आशा थी। अपने बड़े भाई की जान बचाने के लिए स्वयं को जोखिम में डालते हुए उसने अपनी बहादुरी भी साबित कर दी। उसके इस साहसिक कृत्य की चर्चा पूरे जिले में हुई।

भारत सरकार ने उसे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय किया। उसके पिता दुखी जायसवाल व माता रीना देवी की आंखें दिवंगत पुत्र के लिए सम्मान ग्रहण करते समय भर आईं। उन्होंने कहा कि अपने पुत्र की यादों को यह समर्पित कर रहे हैं।

दैनिक जागरण क्लासीफाइड
काम काम, ज्यादा काम

बुकिंग के लिए संपर्क करें
टोल फ्री नम्बर 1800 203 8030

सूचना

सार्वजनिक सूचना

सर गंगा राम सिटी अस्पताल
डी-1/1, एसी.ई. पूसा रोड नई दिल्ली-110060
दस्तावेज प्रतिधारण नीति के अनुसार 01 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2020 तक का आईपी रिकार्ड (आई.पी. संख्या 20/00001 से 20/04198) नष्ट करने की योजना बना रहा है। यदि कोई मरीज/मरीजों रिश्तेदार/ मरीज द्वारा अधिकृत व्यक्ति इस उपरोक्त अवधि का उपचार रिकॉर्ड की प्रतिलिपि देखना/प्राप्त करना चाहता है तो वे प्रकाशन तिथि से एक महीने के भीतर अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से संपर्क कर सकते हैं। अस्पताल उसके बाद किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।
Mail Id: citymrd@sgrcityhospital.com
Ph: +011 42255555 Ext. 505
प्रबंधन के आदेशानुसार

IN THE COURT OF "SH. ANIL VARMA", LD. DISTRICT JUDGE – 02 (SOUTH) ROOM NO. 15, NEW COURT BLOCK 1, THIRD FLOOR, SAKET COURTS, NEW DELHI.
P.C-302/2024 | Date of hearing : 17-01-2026
POONAM CHOPRA D/O LATE SH. JITENDER KAPOOR, R/O E-47, S/F, FLAT NO. 18, KHASRA NO. 574/1, CHHATTARPUR EXTENSION, CHHATARPUR, SOUTH DELHI, NEW DELHI 110074 ——Petitioner
VS
THE STATE AND ANR. ——Defendants
Whereas, the petitioner above named has applied by a petition under section 276 of the Indian Succession Act, 1925, for grant of letters of Administration, or Probate or Succession Certificate in respect of the estate/assets left behind by the deceased Late Santosh Kapoor W/o Late Sh. Jitender Kapoor, R/o E-47, Flat No. 15, Khasra No. 574/1, Chaudhary Complex, Chattarpur Extn, South West Delhi - 110074, who expired on 23-10-2023.
Notice is hereby given to the general public having any interest in the Letters of Administration/ Succession certificate of the estates of the above named deceased may if he/she desires, appear in this court on 17-01-2026 at 10:00 a.m. and participate in the proceedings before the grant of Letter of Administration/Probate Succession certificate or if desire to oppose the application of the petitioner aforesaid, he/she should enter appearance in person in this court on the aforesaid date and be prepared to adduce on that day any documentary and oral evidence which he/she may desire to adduce in support of his/her claim to opposition to the application of the petitioner aforesaid.
Given under my hand and the seal of this court on this 22nd day of December, 2025.
(SH. ANIL VARMA)
District Judge – 02, South, Saket, New Delhi.

मेरे मुवक्किल पूरन सिंह S/o नाथी लाल निवासी मकान नं. ए-242, इंदर एन्क्लेव एफ.इ.सी.इ.-2, किरारी सुलेमान नगर, निठारी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-86 ने अपने पुत्र दिनेश कुमार, उसकी पत्नी अनीता देवी और पोते यश, आयुष और पोती दिव्या को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी संबंध समाप्त कर लिए है। उनके किसी भी कार्य के लिए मेरा मुवक्किल व उसका परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे। दीपक चौहान (अधिवक्ता), Delhi High Court

प्रापर्टी

COMMERCIAL SPACE FOR RENT/SALE
Area 980 Sqft
19-PANCHSHEEL
Well Bazar Crossing, Republic Ghaziabad
9956211111
8394969740

COMMERCIAL SPACE FOR RENT
7500 sq.ft each
1st & 2nd Floor
Plot No-218
Knowledge Park-5, Greater Noida West, Near Ace City Chowk
9956211111
8394969740

मानवेंद्र की दृढ़ इच्छाशक्ति से टूट गई दिव्यांगता की बाधा

अमर सिंह राघव • जागरण

आवास पर मानवेंद्र को मिठाई खिलातीं माता रेनू सिंह •

बुलंदशहर: संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा में 50 प्रतिशत दिव्यांग मानवेंद्र ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता पाई है। मानवेंद्र ने पहले ही प्रयास में सामान्य श्रेणी में 112वीं रैंक हासिल कर दिव्यांगता पर सफलता का परचम लहराया है। 24 वर्षीय मानवेंद्र बचपन से ही पढ़ने में होनहार थे। मानवेंद्र ने दिव्यांगता पर अपनी मेधा से ऐसा प्रहार किया कि सारी बाधाएं टूट गईं। मानवेंद्र ने खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल से साल 2017 में 10 सीजीपीए के साथ हाईस्कूल उत्तीर्ण कर अपनी मेधा का परिचय दिया था। बीटेक की प्रवेश परीक्षा में 63वीं रैंक पाकर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। साल 2024 में मानवेंद्र ने आइआइटी पटना से ए प्लस ग्रेड में बीटेक की परीक्षा पास की थी। बीटेक करने के बाद मानवेंद्र ने यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विस की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। मानवेंद्र की मां रेनू सिंह सेंट आरजे पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल हैं। मानवेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय मां व गुरुजनों को दिया है। मां रेनू सिंह ने बताया कि मानवेंद्र बचपन से ही दिव्यांग हैं। डाक्टरों ने सेरेब्रल पाल्सी के कारण 50 प्रतिशत दिव्यांगता के बारे में बताया। आज तक 50 से अधिक डाक्टरों से उपचार कराया, लेकिन फायदा नहीं हुआ। मानवेंद्र ने बताया कि 17 दिसंबर को उनकी जन्मतिथि होती है। यूपीएससी ने 17 दिसंबर को ही इंजीनियरिंग सर्विस की परीक्षा का परिणाम जारी किया था। सफलता के रूप में जन्मतिथि का उपहार मिला है।

नाम परिवर्तन

मैं राम पलक पुत्र श्री दया राम, 44, गली नं. 02 नेहरू नगर, पटेल नगर, सेंट्रल दिल्ली-110008 ने अपना नाम बदलकर राम पलट रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

I, Zahrun Bagem W/o Sahadat Ali, R/o H.No-B-390, Inder Enclave, Ph-2, Kirari Suleman Nagar, Delhi, Kirari Suleman Nagar, PO: Sultanpuri, C-Block, DIST: North West Delhi, Delhi-110086, have Changed my name to Jahroon Nisha for all future purposes.

I hitherto known as Sita Devi W/o Sanjay Gupta, residing at H.No. C-94, Pandey Enclave, Prem Nagar-3, Kirari Suletan Nagar, North west Delhi, Delhi-110086, have changed my name and shall hereafter be known as Reeta Devi. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Classifieds
दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Delhi-NCR
For More Details Contact
• Delhi : Pawan Kapoor- 9717002094
• Noida & Gr. Noida : Vijay Kumar- 9717002094, Prince Pandey 9711003750
• Ghaziabad : Vijay- 7838003223
• Gurugram : Chandan- 9810533390
• Faridabad : Manish Jha- 9650025023

विभिन्न मुद्दों को लेकर लखनऊ में जुटेंगे शिया बुद्धिजीवी

जागरण संवाददाता, लखनऊ: आल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड के 28 दिसंबर को होने वाले अधिवेशन में 13 सूत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी। मुद्दों में हिजाब पर रोक लगाने, पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने तथा आबादी के अनुरूप शियों को आरक्षण देने जैसे प्रमुख विमर्श शामिल हैं। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद साएम मेहंदी और महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने अधिवेशन के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी। महासचिव ने बताया कि बड़ा इमामबाड़ा परिसर में सुबह 11 बजे से होने वाले अधिवेशन में पूरे देश से उलमा, बुद्धिजीवी व शिया समुदाय के लोग शिरकत करेंगे। अधिवेशन में जन्नत-उल-बकी मदीना, सउदी अरब में रौजों के पुनर्निर्माण, समेत कई 13 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से बुद्धिजीवी मंथन करेंगे।

EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANIZATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. Of India)
Bhavishya Nidhi Bhawan, Sector 15A, Faridabad-121007 (HARYANA)

PUBLIC NOTICE

The general public is hereby informed that an inquiry under Section 7A of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952, is presently ongoing before the undersigned for determination of dues payable against the following establishments:

S. No.	EPF Code	Name	Address	Period
1	HR/FBD/13607	M/S RISING EDUCATION	42.5 K.M. STONE DELHI MATHURA ROAD, NH-2, SIKRI, FARIDABAD	12/18 TO 03/19
2	HR/FBD/1654601	M/S R D GROUP	VILLAGE MACHHGAR, FARIDABAD TEHSIL BALLABGARH	10/17 TO 11/19
3	HR/FBD/8300	M/S KIRPA RAM RICE MILLS	KITHWARI ROAD, PALWAL	04/20 TO 09/24
4	HR/FBD/50894	M/S PURAN SINGH LABOUR CONTRACTOR	B-2, CIVIL LINES BEHIND DC RESIDENCE, PALWAL	04/20 TO 10/24
5	HR/FBD/1472943	M/S M S MANAGEMENT	H.NO.575 GALI NO.5 ADARSH NAGAR, MALERNA ROAD BALLABGARH	05/18 TO 02/24
6	HR/FBD/1671007	M/S UNBS	3RD FLOOR, GT ROAD, ALAWALPUR CHOWK, NEAR GAYANI MISTRI, PALWAL	11/19 TO 03/24
7	HR/FBD/50600	M/S UDHAS NATH BABA PVT SERVICE	HOUSE NO. 237, BASANT VIHAR, DISTT-PALWAL	04/18 TO 03/24
8	HR/FBD/12736	M/S OSM PROJECTS PVT LTD	SIKRI INDUSTRIAL AREA, VILL-SIKRI, M/R, BALLABHGARH	09/21 TO 03/24
9	HR/FBD/2063350	M/S ALL MANPOWER SERVICES	1st Floor, Shop.3 KRISHNA COLONY, BALLABGARH	01/20 TO 11/23

Accordingly, it is notified to the general public that if any person has information relating to the operational status of the aforesaid establishments, or has any claim regarding non-deposit of provident fund contributions deducted from employees' wages during the periods mentioned above, such person(s) may appear before the undersigned on any working day within 21 (Twenty one) days from the date of publication of this notice, along with proper supporting evidence, for consideration in the ongoing proceedings under Section 7A of the EPF & MP Act, 1952.

Please note that:
- No cognizance shall be taken of any information furnished after the expiry of the said period.
- In the absence of any information or claim within the stipulated time, the inquiry shall be concluded on merits.

(Maneesha Agarwal)
Regional P.F. Commissioner-II
Employees Provident Fund Organization

'शादी का वादा कर यौन संबंध बना मुकरने की प्रवृति खत्म किए जाने की जरूरत'

विधि संवाददाता, जागरण • प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध के बाद मुकरने की प्रवृत्ति समाज में बढ़ रही है और इसे शुरुआत में ही खत्म किए जाने की जरूरत है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के औरैया निवासी प्रशांत पाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करते हुए की है। अभियोजन के अनुसार, पांच साल के रिश्ते के बावजूद आरोपित ने पीड़िता के साथ शादी करने से इन्कार कर दिया और उसने दूसरी महिला से सगाई कर ली। अपीलार्थी के अधिवक्ता ने कहा कि दोनों बालिग हैं और 2020 से सहमति से रिश्ते में साथ रह रहे हैं, लेकिन आरोपित ने कभी भी शादी का कोई वादा नहीं किया। सिर्फ शादी से इन्कार करना अपराध नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि तथ्यों से पता चलता है कि आरोपित का पीड़िता के प्रति धोखे का इरादा शुरू से ही था। यह एक गंभीर अपराध है।

****

स्वच्छ हवा जैसी चीजें बाजार के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकतीं, क्योंकि ये सबकी भलाई के लिए होती हैं। -एरिक मास्किन

निर्णायक मोड़ पर

ओडिशा के कंधमाल जिले में एक बड़े सुरक्षा अभियान में माओवादियों की केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके सहित छह नक्सलियों का मारा जाना, नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के अभियान में एक और महत्वपूर्ण व निर्णायक कामयाबी कही जा सकती है। गौरतलब है कि 69 वर्षीय गणेश उइके कोई साधारण माओवादी नहीं था, वह तेलंगाना के नलगोंडा जिले का निवासी था और चार दशकों से भी अधिक समय से भूमिगत जीवन जी रहा था। उस पर एक करोड़ रुपये से भी ज्यादा का इनाम घोषित था और अगर उसकी मौत को राज्य में नक्सलवाद की कमर तोड़ने वाला झटका बताया जा रहा है, तो इसकी वजह भी है। 2025 में अब तक नक्सली प्रमुख बसव राजू समेत केंद्रीय समिति के तकरीबन सभी शीर्ष माओवादी (दो को छोड़कर) या तो मारे जा चुके हैं या फिर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। जाहिर है कि देश नक्सलवाद से मुक्ति पाने की दिशा में अग्रसर है और इस राह में 2025 एक बड़ी कामयाबी साबित हुआ है। इस दौरान, शीर्ष कमांडरों समेत 317 नक्सलियों को मार गिराया गया। 800 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,000 ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह उपलब्धि ही कही जाएगी कि 2025 के अंत तक, देश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की संख्या घटकर केवल 11 रह गई है, जबकि 2014 में यह आंकड़ा 126 था। खास बात यह है कि सरकार द्वारा मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के इरादे जाहिर करने के बावजूद यह भी सुनिश्चित किया गया है कि उनसे मुक्त हुए क्षेत्रों तक विकास की निर्बाध पहुंच हो सके। आंकड़े अपनी कहानी आप कहते हैं। 2014 से अब तक, केंद्र सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में करीब 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है, जबकि करीब 17,589 किलोमीटर की परियोजनाओं को 20,815 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। यह सही है कि माओवाद की जड़ें गरीबी, शोषण और आदिवासियों के असंतोष में छिपी हैं, लेकिन हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकता।

दशकों से माओवादी सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों पर हमले और विकास कार्यों को बाधित भी करते रहे हैं। माड़वी हिड़मा, बसव राजू और गणेश उइके जैसे नक्सली कमांडरों ने हिंसा को संगठित रूप दिया और अब, जबकि उनका अंत हो रहा है, तो यह संदेश स्पष्ट है कि हिंसा का रास्ता लोकतंत्र में कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता।

क्या कह रहे हैं साल के आखिरी कुछ दिन

2025 के अंत में हम स्मॉग इकनॉमी के जन्म को देख रहे हैं, जहां सांस लेने लायक हवा एक विशेष उत्पाद बन गई है, जो उन्हीं को मिलती है, जो इसके लिए भुगतान कर सकते हैं। साल के अंतिम कुछ दिन चेताते हैं कि कड़े निर्णय लेने का वक्त अब आ गया है।

दशकों से भारतीयों का सपना 'बड़े शहरों' के जबर्दस्त आकर्षण से जुड़ा रहा है-गुरुग्राम की ऊंची इमारतों का सपना, मुंबई की आर्थिक धड़कन, या बंगलूरू के टेक्नोलॉजी हब का आकर्षण। हाल तक घर के आकार व वेतन से सफलता को मापा जाता था। पर जैसै-जैसे 2025 खत्म होने वाला है, नया रुझान सामने आ रहा है।

भारत में एक बड़ा सामाजिक बदलाव दिख रहा है, जिसे ऑक्सीजन माइग्रेशन कहा जा रहा है, यानी लोग अब साफ हवा की तलाश में बड़े शहरों को छोड़ रहे हैं। अब सपना पैसे कमाने या बड़ा घर पाने से ज्यादा, साफ हवा में सांस लेने की क्षमता के इर्द-गिर्द घूम रहा है। पहले यात्रा आमतौर पर स्कूल की छुट्टियों या त्योहारों के दौरान साल के कुछ खास महीनों में ही होती थी। पर आज परिस्थितियों के अनुसार यात्राएं हो रही हैं। जैसे ही दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) 400 के पार चला जाता है, अमीर लोग तुरंत शहर से निकलने लगते हैं। अब यह आराम या मौज-मस्ती के लिए की जाने वाली 'ट्रिप' नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य-संबंधी जरूरत बन गई है, जिसे छुट्टी का नाम दे दिया गया है।

पत्रलेखा चटर्जी
वरिष्ठ पत्रकार

मेकमाईट्रिप और ईजमाइट्रिप जैसे ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने इन धुंध भरे महीनों में अचानक बढ़ी हुई बुकिंग्स दर्ज की हैं, खासकर प्रदूषण से भरे बड़े शहरों से। आंकड़ों के अनुसार, अंतिम समय में होने वाली इन यात्राओं में 30-35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब लोग होटल या जगह चुनते समय पहले जैसी बातें-जैसे नजारे कैसे हैं या बाजार कितने पास हैं, नहीं पूछते। वे अब रियल-टाइम वायु गुणवत्ता की जांच करते हैं। गंगटोक, मुन्नार और अंडमान जैसे साफ हवा वाले स्थान अब पसंदीदा गंतव्य बन गए हैं। इससे 'वेलनेस वर्ककेशन' की नई शुरुआत हुई है।

अब जब हाइब्रिड वर्क मॉडल कॉरपोरेट भारत में अच्छी तरह से जम गया है, तो मध्यम से उच्च ओहदों पर काम करने वाले लोग अपने पूरे परिवार के साथ गोवा या हिमाचल के इलाकों में रहने चले जाते हैं। वे रोमांच या घूमने के लिए नहीं जाते, बल्कि अपने बच्चों के फेफड़ों और माता-पिता के दिलों को थोड़ी राहत देना चाहते हैं। जैसे-जैसे साफ हवा कम होती जा रही है, वह खरीदने-बेचने की चीज बनती जा रही है। हम स्मॉग इकनॉमी के जन्म को देख रहे हैं, जहां सांस लेने लायक हवा एक विशेष उत्पाद बन गई है, जो उन्हीं को मिलती है, जो उसके लिए भुगतान कर सकते हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र में अब हवा की गुणवत्ता ब्रॉशर में सिर्फ एक छोटा-सा नोट नहीं है, बल्कि एक मुख्य जानकारी बन गई है। बिल्डर अब लग्जरी अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में हॉस्पिटल जैसी उच्च दक्षता वाले वायु फिल्टर लगा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ महंगे आवासीय प्रोजेक्ट तो ऑक्सीजनयुक्त क्लब हाउस और इनडोर जंगल जैसी चीजों के नाम पर भी फ्लैट बेच रहे हैं। इससे एक चिंताजनक सामाजिक अंतर पैदा हो रहा है-अमीरों के लिए साफ हवा का सुरक्षित घेरा, जबकि बाकी लोग जहरीली हवा में रहने को मजबूर हैं। यहां तक कि आतिथ्य उद्योग ने भी खुद को बदल लिया है। लग्जरी होटल अब कमरों में उन्नत एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम लगाकर साफ हवा का दावा करते हैं, जो विकसित देशों जैसा लगता है। वेलनेस रिट्रीट अब लंग डिटॉक्स पैकेज दे रहे हैं।

समय की नई इबारत

साफ हवा की तलाश का चलन अब नया आर्थिक केंद्र बना रहा है। जो शहर पहले शांत रिटायरमेंट टाउन या सिर्फ घूमने-फिरने के लिए जाने जाते थे, वहां अब प्रदूषण से बचकर आने वाले लोगों (प्रदूषण शरणार्थियों) की वजह से रियल एस्टेट में तेजी आ रही है। गोवा अब केवल पार्टी करने की जगह नहीं है, बल्कि रहने की पसंदीदा जगह बन चुका है। एक खबर के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के मनाली में क्रिसमस व नए साल से पहले पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन पर्यटकों में वे लोग भी शामिल हैं, जो दिल्ली-एनसीआर की प्रदूषित हवा, सांस लेने में परेशानी, खांसी और आंखों में जलन से बचने के लिए मनाली पहुंचे हैं। हालांकि, इन साफ जगहों पर भी गाड़ियों और विनिर्माण के बढ़ने से हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है, जिसे पॉल्यूशन ट्रेलिंग कहा जाता है। यह स्थिति नैतिक और पर्यावरणीय, दोनों तरह का विरोधाभास पैदा करती है।

साफ हवा के लिए पलायन एक तरह से स्वास्थ्य संकट का समझदारी भरा जवाब है, पर यह एक कड़वी सच्चाई को भी छिपाता है कि भागकर बचने की सुविधा हर किसी के पास नहीं होती। लाखों डिलीवरी बॉय, विनिर्माण में लगे मजदूर तथा फुटपाथ विक्रेता इसी धुंध में अपनी आजीविका के लिए जद्दोजहद करते हैं। पलायन की कोशिश कई बार समस्या को और बढ़ाती है। हजारों उड़ानों एवं निजी गाड़ियों का कार्बन उत्सर्जन पहाड़ों या समुद्र किनारे की उन मौसमी स्थितियों को और बिगाड़ देता है, जो पहले से ही स्मॉग को रोके रखती हैं। यानी हम ईंधन जला रहे हैं, सिर्फ ऐसी जगह खोजने के लिए, जहां हवा प्रदूषित न हो। भविष्य की ओर देखते समय यह समझना जरूरी है कि साफ हवा का पीछा करना सिर्फ एक चलन नहीं, बल्कि एक बड़ी चेतावनी है। यह दिखाता है कि शहरी योजना और पर्यावरण नीति अब सिर्फ पर्यावरणीय मुद्दे नहीं हैं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक बन चुके हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो भारत के कार्यबल में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। वे कंपनियां, जो ज्यादा प्रदूषण वाले महीनों में रिमोट वर्क का विकल्प नहीं देंगी, उन्हें अपने कर्मचारियों को रोककर रखने में दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा, रियल एस्टेट की कीमतें अब सिर्फ व्यापारिक क्षेत्रों के पास होने से तय नहीं होंगी, बल्कि हवा के पैटर्न व जंगलों की मात्रा पर भी निर्भर करेंगी। हम ऐसी स्थिति की तरफ बढ़ रहे हैं, जहां दो तरह के कार्यबल बन जाएंगे-एक छोटा समूह, जिसके पास साफ हवा वाली जगहों पर जाने की सुविधा व क्षमता है, और दूसरा उन लोगों का बड़ा समूह, जिनके पास ऐसा करने के लिए न संसाधन हैं न लचीलापन। इसमें वे लोग भी आते हैं, जो घर के लिए एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकते और जहरीली हवा में बाहर काम करने को मजबूर हैं।

सीधी बात यह है कि साफ हवा वाली जगहों पर जाने का विकल्प भी थोड़े समय के लिए है। अगर ज्यादा लोग वहां जाना शुरू कर देंगे, तो वहां भी वही प्रदूषण वाली समस्या पैदा हो जाएगी। नए साल की शुरुआत के साथ हमें यह समझना होगा कि उन कदमों पर रोक लगाएं, जिनसे हवा जहरीली होती है। वरना हम न सिर्फ अपना, बल्कि अपने बच्चों का भविष्य भी गंभीर खतरे में डाल देंगे।

edit@amarujala.com

मुद्दा

अरावली : हल्ला और हकीकत

अरावली मामले में हो रहे हो-हल्ले का आधार यह आशंका है कि पर्वत श्रृंखला की बदली परिभाषा से खनन बढ़ेगा व लोग भी प्रभावित होंगे, जबकि सच्चाई कुछ और ही है।

अरावली की पर्वत श्रृंखला को लेकर इन दिनों गंभीर विवाद चल रहे हैं। एक पक्ष जहां भविष्य में अरावली से जुड़ी आशंकाओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद किए हुए है, वहीं सरकार की ओर से बचाव मुद्रा में यह आश्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है कि किसी भी रूप में राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में फैली पर्वत श्रृंखला पर आंच नहीं आएगी। इन विवादों की पृष्ठभूमि में उच्चतम न्यायालय का 20 नवंबर, 2025 को हुई सुनवाई के पश्चात पारित आदेश है, जिसके तहत नौ मई, 2024 के आदेश की अनुपालना में गठित विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा को किंचित शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है। आशंका आधारित विवादों को विराम देने की दृष्टि से केंद्र सरकार ने संपूर्ण अरावली क्षेत्र में नई खनन लीज पर पाबंदी लगाते हुए पुरानी गतिविधियों पर पुनरीक्षण संबंधी आदेश जारी करते हुए अरावली संरक्षण की मंशा को स्पष्ट करने का प्रयास किया है, किंतु जेन-जी के नाम पर चलाए जा रहे आंदोलन का उद्देश्य तो कुछ अलग ही प्रकट होता है।

दरअसल, मामले का मूल कारण जाने बिना हो रहे हो-हल्ले का आधार मात्र आशंका आधारित है कि अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा में परिवर्तन करने से इसके विस्तार वाले राज्यों में न सिर्फ खनन को बढ़ावा मिलेगा, अपितु आम जीवन भी विपरीत रूप से प्रभावित होगा।

डॉ. विवेक एस अग्रवाल

तथ्य तो यह है कि राजस्थान नौ जनवरी, 2006 से समान परिभाषा का पालन कर रहा है। साथ ही, इसे और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने की दृष्टि से 100 मीटर या अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को घेरने वाली सबसे निचली, कंटूर के अंदर आने वाली समस्त भू-आकृतियों को, खनन की लीज देने के मकसद से बाहर रखा गया है। इसी तरह विशेषज्ञों की समिति ने अरावली श्रेणी के 100 मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाली दो आसपास की पहाड़ियों के 500 मीटर क्षेत्र के दायरे में विद्यमान समस्त भू-आकृतियों को बिना किसी अपवाद खनन लीज की उपयुक्तता से निषिद्ध क्षेत्र माना है। ऐसे में, यह भ्रम कि सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली भू-आकृति वाले क्षेत्र में खनन की अनुमति होगी, पूर्णतया मिथ्या है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति ने परिभाषा को स्पष्ट करते हुए न सिर्फ इसे पारदर्शी, बल्कि संपूर्ण पर्वत श्रृंखला को सुरक्षित करने हेतु अपनी अनुशंसाएं की हैं। इससे आगे बढ़ते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार की ओर से सुदृढ़ सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान बनने तक किसी भी प्रकार की नई खनन लीज पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है। ऐसे में, मात्र आशंकाओं के आधार पर आंदोलन एवं भ्रम की स्थिति कहीं न कहीं प्रायोजित कार्यक्रम की बू देती है। रिपोर्ट के अनुसार, भविष्य में किसी भी प्रकार के खनन प्रस्ताव से पूर्व भारतीय सर्वेक्षण विभाग के नक्शे पर अरावली पहाड़ियों व श्रृंखलाओं की मार्किंग करने की शर्त भी रखी गई है।

अरावली क्षेत्र में खनन पर पाबंदी की आड़ में इसकी मूल समस्या पर पर्दा डालने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। वैसे भी, संपूर्ण पर्वत श्रृंखला में लगभग एक प्रतिशत ही खनिज लवण विद्यमान हैं, ऐसे में इसकी वाणिज्यिक उपयोगिता सीमित ही है। असली खतरे का कारण तो उक्त क्षेत्र में हो रहा बेलगाम निर्माण है। पर्यटन को बढ़ावा देने के छद्म उद्देश्य से हो रहा बेलगाम निर्माण पहाड़ियों के लिए खनन से भी बड़ा खतरा है। दुर्भाग्य से, सजग संगठनों के आंदोलन में इस विषय पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान आंदोलन की दिशा में पर्वत श्रृंखला को बचाने के उद्देश्य से गैर-कानूनी खनन को रोकने हेतु सरकार पर दबाव बनाया जाना कहीं अधिक सार्थक होता।

एआई का आने वाला समय लड़ाई-झगड़ों का नहीं, बल्कि दया, अहिंसा और प्यार से भरी नई इन्सानियत का होगा।
-अमित रे

मनुष्य कभी रुकता नहीं

मनुष्य अपनी बेचैनी का इस्तेमाल करने वाला प्राणी है और उसकी महानता इसी क्षमता में छिपी है कि वह डर के साथ जीते हुए भी जिंदगी में आगे बढ़ना नहीं छोड़ता।

मनुष्य प्रकृति की सबसे अनोखी रचना है-एक ऐसा जीव, जो अपने अनुभवों से कम और अपनी कल्पनाओं से अधिक संचालित होता है। उसके भीतर स्मृतियों तथा संभावनाओं का एक सतत प्रवाह चलता रहता है। वह बीते हुए समय में लौटता है, आने वाले समय में भटकता है, और इसी यात्रा में वर्तमान क्षण उसकी पकड़ से छूट जाता है। जहां अन्य जीव भोजन, सुरक्षा और प्रजनन की सीमाओं में संपूर्णता पा लेते हैं, वहीं मनुष्य की चेतना 'क्या होगा' की अनिश्चितता में भटकती रहती है और यही बेचैनी उसे आगे भी बढ़ाती है और भीतर से खोखला भी कर देती है।

लुईस थॉमस

हमारी बुद्धि, जिसने कला, विज्ञान, भाषा और सभ्यता की अद्भुत इमारतें खड़ी कीं, उसी ने हमें भय भी दिए हैं-असफलता का भय, अकेलेपन का भय, और मृत्यु का भय। यह विडंबना है कि हम जानते हैं कि अंत निश्चित है, फिर भी उसे मन से स्वीकारना हमारे लिए कठिन है। शायद इसी असमर्थता ने हमें अमरता के प्रतीक गढ़ने पर मजबूर किया-धर्म में, विचारों में, साहित्य और संरचनाओं में, अपनी स्मृतियों में, ताकि किसी रूप में हम प्रवाह में बने रह सकें।

मनुष्य रुकने से डरता है, क्योंकि स्थिरता में उसे अपने भीतर के प्रश्न सुनाई देने लगते हैं, शांति में उसकी चिंताएं आकार लेने लगती हैं, और वह उनसे बचने के लिए शोर, काम तथा व्यस्तता का कवच ओढ़ लेता है।

जीवन धारा

फिर भी, यही चिंता, जो उसे अस्थिर करती है, वही उसे खोज की ओर भी धकेलती है। भविष्य की अनिश्चितता ने हमें रोगों के उपचार खोजने, न्यायपूर्ण समाज बनाने और ब्रह्मांड के रहस्यों में झांकने की हिम्मत दी है।

दरअसल, मनुष्य के अस्तित्व का एक गहरा विरोधाभास है कि वह चिंता से टूटता भी है और उसी से निखरता भी है। अगर वह अपने विकास के द्वंद्व को समझने व संभालने की कला सीख ले, तो वह ज्ञान, करुणा एवं संतुलित जीवन में बदल सकता है।

मनुष्य अपनी बेचैनी का इस्तेमाल करने वाला प्राणी है और उसकी महानता इसी क्षमता में छिपी है कि वह डर के साथ जीते हुए भी जिंदगी में आगे बढ़ना नहीं छोड़ता।

एआई, नया साल और 2035 के संकेत

एआई के विकास को देखते हुए *द गार्जियन* के स्तंभकार बताते हैं कि 2026 अलग होगा। पर सवाल है कि 2035 कैसा होगा?

जब 2035 आएगा, तो चिकित्सा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का ही बोलबाला होगा। इलाज के लिए डॉक्टरों के रिसेप्शनिस्ट से बात करने की खातिर सुबह-सुबह की भागदौड़ खत्म हो जाएगी। मरीज अपने एआई चिकित्सक को बीमारियों के बारे में बताएंगे। वह तेजी से मरीज की मेडिकल हिस्ट्री से जानकारी मिलाएगा और शुरुआती उपचार देगा।

रॉबर्ट बूथ

एआई मरीज की बीमारी के तथ्यों को हजारों चिकित्सकीय अध्ययनों से मिला सकता है, और ताजा शोध के आधार पर दवाएं सुझा सकता है, जिसे कोई इन्सानी डॉक्टर पूरी तरह से समझ नहीं सकता। चिकित्सकीय जांच बहुत ज्यादा परिष्कृत और थोड़ी आक्रामक हो जाएगी। दवाएं बिल्कुल आपके शरीर तथा उसकी जरूरतों के हिसाब से बनाई जा सकेंगी। बेहतर डॉक्टर वही होंगे, जो एआई के नतीजों को समझने में सबसे ज्यादा माहिर होंगे।

AI समय

न्याय के क्षेत्र में देखें, तो सुनवाई की तैयारी कर रहे वकीलों ने मामले से संबंधित कानून ढूंढने और दलीलें तैयार करने का काम एआई को सौंपना सीख लिया है, जो उन्हें अदालत में सबसे बेहतर दलील देने का तरीका बताता है। नए, ज्यादा मजबूत आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) सिस्टम कई दिनों के काम को कुछ ही घंटों में पूरा कर देते हैं, जिससे वकील को सिर्फ एआई के सुझावों को जांचने का काम करना होता है। एक प्रयोग शुरू किया गया है, जिसमें एआई को इन्सानी जज और जूरी के सामने केस लड़ने की इजाजत दी गई। इसके प्रभावकारी नतीजे भी मिले हैं।

रोजमर्रा के कामों की बात करें, तो पहनने लायक एआई डिवाइस, जैसे चश्मे, घड़ियां और अंगूठियां, अब हर जगह आम हो गए हैं। ये अतिरिक्त इंद्रियों की तरह काम करते हैं, हमारे आसपास की उन चीजों को पहचानते हैं, जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं-जैसे फ्रिज में अंडे कम हो रहे हों, या ये हमारी बातचीत को भी रिकॉर्ड करते हैं, ताकि बाद में हमें भूली हुई बातें याद दिला सकें। आप इन्फॉर्मेशन एजेंट की मदद से अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। जब आप सुबह उठते हैं और अपने दांत साफ कर रहे होते हैं, तो यह आपको खबरों का सारांश तथा मतलब पढ़कर सुनाता है। यह आपको कुछ गहरी समझ दे सकता है।

2035 में एआई खेती-बाड़ी के काम में भी भूमिका निभाता दिख रहा है। एक किसान का काम बहुत थकाने वाला होता है, जिसमें वह जानवरों, फसलों, चारे की आपूर्ति और मशीनरी की देखभाल की जांच करता है। पेड़ों, खलिहानों, बाड़ के खंभों और घूमने वाले रोबोट पर लगे कैमरों व सेंसर की मदद से, हर खेत उत्पादकता एवं जानवरों की देखभाल में मदद करने के लिए बहुत सारे आंकड़े भेजता है। एक दशक बाद दुनिया भर के लाखों खेतों से मिले आंकड़ों की मदद से, एआई न सिर्फ यह सलाह देगा कि क्या और कब बोना है, बल्कि यह भी बताएगा कि मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र कैसे बनाएं और मिट्टी की सेहत कैसे सुधारें। एआई संचालित रोबोट खेतों में घूमकर खरपतवारों को खत्म करने के अलावा कीटनाशकों की जरूरत को कम कर सकते हैं।

गूगल डिस्को

यह उन्नत एआई-सक्षम वेब ब्राउजर परंपरागत वेब ब्राउजर की तुलना में अलग ढंग से काम करता है। जहां सामान्य ब्राउजिंग में आप कई टैब खोलकर जानकारी खोजते हैं, वहीं यह खुले टैब्स को जरूरत के हिसाब से तुरंत छोटे-छोटे इंटरैक्टिव वेब एप्स (जेनटैब्स) में बदल देता है, ताकि आप अपना काम आसानी से व तेजी से पूरा कर सकें। उदाहरण के लिए, अगर आप यात्रा की योजना बना रहे हैं, पढ़ाई का सारांश लिख रहे हैं या किसी जटिल विषय पर शोध कर रहे हैं, तो डिस्को इन टैब्स को समझकर एक कस्टम, इंटरैक्टिव टूल तैयार कर देगा, जिसे आप अपनी भाषा में आदेश देकर बदल भी सकते हैं। इसके लिए आपको कोड लिखने की जरूरत नहीं होगी।

सामाजिक जीवन को देखें, तो एआई की मदद से लाखों व्हाइट-कॉलर कर्मचारियों को अपने काम तेजी से निपटाने तथा आराम के लिए वक्त मिल रहा है। एआई एक 'दोस्त' या कोच की तरह काम कर सकता है। यह आपको सलाह दे सकता है कि दूसरे कर्मचारी के साथ नरमी से पेश आएं, क्योंकि वे थोड़े तनावग्रस्त लग रहे हैं। मीटिंग के दौरान आपको इस तरह की मदद मिलती है, जो आपको बेहतर ढंग से बातचीत करने में मदद करती है। जैसे ही बातचीत खत्म होती है, एआई आपको इस मीटिंग के बाद किए जाने वाले अगले कदमों की एक सूची भेजता है और इसे आपके प्रोजेक्ट प्लान में डाल देता है। जैसे ही आप अपनी डेस्क पर पहुंचते हैं, आपका एआई असिस्टेंट वे दस्तावेज लाकर देता है, जिनकी आपको जरूरत होती है। लेकिन जल्द ही लोगों को एहसास होगा कि वे कम काम में भी गुजारा कर सकते हैं।

विद्वानों का कहना है कि फुर्सत का मतलब आराम से काम और रचनात्मक गतिविधियों, लोगों से मिलने-जुलने तथा बच्चों या बुजुर्गों की देखभाल करने से ज्यादा होगा। लेकिन ज्यादा खाली समय मिलने से एक नई समस्या भी पैदा हो सकती है-बड़े पैमाने पर बोरियत। एक ऐसी पीढ़ी जो नौ से पांच की नौकरी की आदी थी, उसे तालमेल बिठाने में थोड़ी मुश्किल हो सकती है।

- साथ में डैन मिल्मो

इबारत 2025

यमुना की सफाई पर जोर, प्रदूषण के खिलाफ प्रहार की तैयारी

नई दिल्ली। 27 साल बाद सत्ता में लौटी भाजपा ने 2025 में दिल्ली की राजनीति की दिशा बदलने का दावा किया। फरवरी में 48 सीटें जीतकर बनी सरकार की कमान रेखा गुप्ता ने संभाली, जो दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनीं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ग्रहण के समय महिलाओं, गरीबों और मध्यम वर्ग के हितों को प्राथमिकता देने का वादा किया था। सरकार ने शुरुआती महीनों में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने, लंबित परियोजनाओं की समीक्षा और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच पर जोर दिया। दिल्ली के अहम मुद्दे यमुना की सफाई पर सरकार ने पहल की, लेकिन वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार का किया नाकाफी रहा। मौजूदा सर्दियों में कई दिन दिल्ली का वातावरण धूल प्रदूषण से दमघोंटू रहा। करीब 10 महीने के कार्यकाल के बाद, साल के अंत में ये सवाल अहम है कि भाजपा सरकार ने 2025 में क्या किया और 2026 में दिल्ली को क्या सौगातें मिलने वाली हैं। ब्यूरो

यमुना सफाई के लिए अतिरिक्त 500 करोड़ आवंटित

- दिल्ली सरकार ने इस साल यमुना सफाई के लिए अतिरिक्त 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इससे विकेंद्रीकृत सीवेज उपचार संयंत्र और सीवर लाइनों की मरम्मत शुरू हुई है। यमुना के कुछ घाटों पर सफाई की गई है।
  सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए अलग से 300 करोड़ रुपये दिए हैं, जिससे नए स्प्रिंकलर्स और स्मॉग गन खरीदे गए हैं। 27 विकेंद्रीकृत सीवेज उपचार संयंत्रों को दुरुस्त करने की शुरुआत हुई है। आगे उम्मीद है कि यमुना नदी में सीवेज का उपचारित पानी ही जाएगा। प्रदूषण कम करने में सरकार लाचार दिखी। रोड साइड स्प्रिंकलर, रोड स्वीपिंग जैसी पहल हुई, लेकिन इतने से बात नहीं बनी, शहर में एमसीडी की सफाई व्यवस्था बेहद लचर बनी रही।

महिलाओं को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की पहल

- सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए 5,100 करोड़ रुपये आवंटित किए। गरीब महिलाओं को मासिक 2,500 सहायता की घोषणा, साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए 50,000 सीसीटीवी कैमरे लगाने की शुरुआत की। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये सहायता शुरू की गई। यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाने के लिए लॉन्च की गई। पिंक पीसीआर यूनिट्स और स्मार्ट कार्ड से बस यात्रा मुफ्त करने की व्यवस्था हुई। 2025 में योजना का पायलट चरण शुरू हुआ, इससे लाखों महिलाओं को फायदा। यह दिल्ली को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की सौगात है।

ई-बसें और मेट्रो विस्तार पर एक कदम और बढ़ाए

- सरकार ने बुनियादी ढांचे और ई-परिवहन पर जोर दिया है। सरकार ने नई ईवी पॉलिसी का मसौदा तैयार कर लिया है। अगले साल ये दिल्ली में लागू होगी। सरकार ने सड़क जाम कम करने, फ्लाईओवर और सुरंग बनाने के लिए 28,000 करोड़ पूंजीगत व्यय तय किया है। इसमें 12,952 करोड़ परिवहन के लिए है। डीटीसी के बेड़े में अभी तक करीब 3500 ई-बसें हो गई हैं। लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए देवी बस सर्विस। दिल्ली से यूपी, हरियाणा के शहरों के लिए अंतरराज्यीय ई-बस सेवा शुरू की है। मेट्रो फेज-4 पर काम चल रहा है, आगे मेट्रो फेज-5 पर केंद्र के साथ सरकार आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने इसके संकेत दिए हैं।

इस साल दिल्ली में 1 लाख करोड़ का पेश हुआ बजट

इस साल मार्च में रेखा सरकार ने 1 लाख करोड़ का बजट पेश किया, जो कि पिछले बजट से 31.5 फीसदी बड़ा है। ये जल, सफाई, स्वास्थ्य पर खर्च करने के लिए तय किया गया है। इसके अलावा सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित कर दिया है। 100 अटल कैंटीन खोलने का वादा था, बृहस्पतिवार को 45 अटल कैंटीन खोल दी गई है, जहां 5 रुपये में जरूरतमंद लोगों को दाल, चावल, रोटी सब्जी भरपेट मिलेगी।

साल में दो बार दसवीं बोर्ड की परीक्षा



- सीबीएसई ने बीते साल घोषणा की थी कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से दसवीं के छात्र साल में दो बार परीक्षा देंगे। अब फरवरी से इसकी शुरुआत होने जा रही है। दूसरी बार छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की अनुमति मिलेगी। पहले चरण की परीक्षा फरवरी, दूसरे चरण की परीक्षा मई में आयोजित होगी। छात्रों के लिए पहली परीक्षा में बैठना अनिवार्य है दूसरी बार की परीक्षा वैकल्पिक होगी। परीक्षा चाहे दो बार हो लेकिन आंतरिक मूल्यांकन एक बार ही होगा। दोनों बार की परीक्षा में जो बेस्ट अंक होंगे उनके आधार पर रिजल्ट जारी होगा

चार विवि के नए कैंपस के विस्तार को मिलेगी रफ्तार

- दिल्ली में शिक्षा संरचना को मजबूत करने के लिए नरेला में एक सब सिटी(एडु सिटी) स्थापित की जा रही है। इस साल चार विश्वविद्यालयों (दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय, दिल्ली फॉर्मास्टियुकल रिसर्च एंड साइंस यूनिवर्सिटी, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, व डीटीयू) के परिसरों के विस्तार को रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में किया लागू

- भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू हुई। इसमें गरीबों को 5 लाख की अतिरिक्त कवरेज, कुल 10 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा। गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटनी शुरू की और नए आयुष्मान जन स्वास्थ्य केंद्र खोले। इस साल लाखों आयुष्मान कार्ड जारी हुए, सरकार ने स्वास्थ्य बजट को भी बढ़ाकर 12,893 करोड़ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इसे दिल्ली की स्वास्थ्य क्रांति बताया है। जनता को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

फीस नियंत्रण बिल लागू

- दिल्ली के निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने इस साल फीस नियंत्रण बिल लागू किया है। अब इसका असर नए सत्र की शुरुआत से देखने को मिलेगा। दरअसल नर्सरी दाखिले की रेस जारी है और जनवरी-फरवरी से स्कूलों में दाखिले के लिए फीस जमा कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में स्कूलों पर इस कानून के लागू होने से क्या असर पड़ा, यह देखा जा सकेगा।

न्यूज डायरी

फरीदाबाद में जेल से आए प्रेमी ने महिला के चेहरे पर ब्लेड मारा

फरीदाबाद। सराय ख्वाजा थाना इलाके में पूर्व प्रेमी ने एक महिला को पति व बच्चों को छोड़कर उसके साथ आने को कहा। महिला ने इंकार किया तो आरोपी ने पहले पीटा और इसके बाद उसके चेहरे पर ब्लेड से वार कर दिया। महिला के अनुसार हाल ही में जेल से छूटकर आया पूर्व प्रेमी उस पर दबाव बना रहा था कि पति व बच्चे को छोड़कर उसके साथ रहने चले। महिला के इंकार करने पर आरोपी ने हमला कर दिया और भाग गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। ब्यूरो

व्यापारी के पल्लेदार ने रची थी 85 लाख लूट की साजिश

हापुड़। हाईवे 9 स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास दादरी के व्यापारी गोपाल के मुनीम से हुई 85 लाख रुपये की लूट के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस वारदात के मास्टरमाइंड पक्काबाग निवासी व्यापारी के दो पल्लेदार साबिर उर्फ भोला, जीशान हैं। उनकी मुखबिरी के आधार पर ही बदमाशों ने लूट को अंजाम दिया। कोतवाली पिलखुवा व स्वॉट टीम ने घटना में शामिल चार अन्य आरोपियों ललित अदनान, सावेद व नावेद को गिरफ्तार किया है, जबकि चार अभी फरार हैं। ब्यूरो

यीडा बनेगा मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट और इंडस्ट्रियल हब

लखनऊ। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र देश के सबसे महत्वाकांक्षी मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित हो रहा है। इस समग्र योजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को निवेश, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और रोजगार के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। इस पूरे विजन का केंद्र नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर है, जो पूर्ण होने के बाद उत्तर भारत का सबसे बड़ा एविएशन और लॉजिस्टिक्स गेटवे बनेगा। ब्यूरो

लिंक भेजकर मोबाइल किया हैक, 27 लाख रुपये उड़ाए

नोएडा। साइबर जालसाजों ने एक कंपनी के सेवानिवृत्त अधिकारी को लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद एसबीआई बैंक के एप का एक्सेस लेकर नौ बार में 27 लाख रुपये उड़ा दिए। ग्रेटर नोएडा के रहने वाले रूकमेश शर्मा प्राइवेट कंपनी कार्यालय से सेवानिवृत्त हैं। 21 दिसंबर को उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक व मैसेज मिला। लिंक को खोलते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। शाम को मोबाइल पर खाते से रकम ट्रांसफर होने का पता चला। ब्यूरो

सोसाइटी में फ्लैट से नकदी और लाखों की ज्वेलरी चोरी

नोएडा। सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी के बंद फ्लैट से नकदी व लाखों की ज्वेलरी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के वक्त फ्लैट मालिक परिवार के साथ वैष्णो देवी दर्शन करने के लिए गए थे। कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी के सातवें फ्लोर पर कमल किशोर परिवार के साथ रहते हैं। वह 23 से 30 नवंबर तक वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे। 28 नवंबर को उनके पास सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम से सूचना दी गई कि फ्लैट का गेट टूटा हुआ है। ब्यूरो

प्रसव के दौरान पेट में छोड़ा कपड़ा सीएमओ और डॉक्टर पर केस दर्ज

जांच करने वाले अधिकारी, अरोपी डॉक्टर के पति समेत चार अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। बैक्सन अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला के पेट में आधा मीटर कपड़ा छोड़ने के मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है। सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार, और स्वास्थ्य विभाग के जांच अधिकारी डॉ. चंदन सोनी और डॉ. आशा किरन चौधरी के अलावा अस्पताल की डॉक्टर अंजना अग्रवाल उनके पति डॉ. मनीष गोयल और कर्मचारी स्वामी के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि डॉक्टर की लापरवाही के चलते वह करीब डेढ़ साल तक असहनीय पेट दर्द झेलती रही। दूसरे अस्पताल में दोबारा ऑपरेशन कर पेट से कपड़ा निकाला गया। मामले में पीड़िता ने पुलिस व स्वास्थ्य विभाग से न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट की शरण ली थी।

कोर्ट के आदेश पर नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा-255 (लोकसेवक की ओर से किसी व्यक्ति को सजा से या संपत्ति को जब्त होने से बचाने के इरादे से कानून के निर्देशों की अवहेलना करना), 125 (दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाला अपराध), 125बी

बैक्सन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल।

डेढ़ साल तक दर्द से तड़पती रही महिला, ऑपरेशन में निकला करीब आधा मीटर कपड़ा

लापरवाही या जल्दबाजी से दूसरों के जीवन को खतरे में डालना, 351(2) (आपराधिक धमकी) की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी सर्वेश चंद्र का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

डेल्टा-1 निवासी पीड़िता अंशुल वर्मा का कहना है कि वह घर पर सिलाई-कढ़ाई करती हैं। 14 नवंबर, 2023 को बैक्सन अस्पताल तुगलपुर में डॉ. अंजना अग्रवाल ने उनका डिलीवरी ऑपरेशन किया था। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने लगभग आधा मीटर कपड़ा उनके पेट में ही

> समय से जांच कर रिपोर्ट सौंप दी थी। लापरवाही के बारे में जिक्र था। पता नहीं क्यों महिला ने एफआईआर में आरोपी के तौर पर नाम डलवाया है। -डॉ. चंदन सोनी, जांच अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग

छोड़ दिया था। 16 नवंबर 2023 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। उसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। पेट में लगातार तेज दर्द रहने लगा। उन्होंने 14 अप्रैल, 2025 तक अलग-अलग अस्पतालों में इलाज और जांच करातीं रहीं लेकिन कोई फायदा नहीं मिला और न ही दर्द की वजह सामने आई। जब वह कैलाश अस्पताल ग्रेटर नोएडा पहुंचीं तो डॉक्टरों ने पेट में गांठ के आधार पर ऑपरेशन की सलाह दी। 22 अप्रैल को डॉ. संचिता विश्वास ने ऑपरेशन किया तो उनके पेट से लगभग आधा मीटर कपड़ा निकला। बताया गया कि यह कपड़ा डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान पेट में छूटा था। पीड़िता का आरोप है कि ऑपरेशन टीम में डॉ. अंजना अग्रवाल के पति डॉ. मनीष गोयल भी शामिल थे। वह मामले को दबाने में जुट गए।

खिड़की से बंधी चुन्नी से बच्चे को लगा फंदा, मौत

फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में हुआ हादसा

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। सारन थाना इलाके की पर्वतीय कॉलोनी में खिड़की से बंधी चुन्नी से खेलते समय फंदा लगने से 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसे के वक्त बच्चे के पिता सामने बैठकर कुछ काम कर रहे थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि खेलने के दौरान ये हादसा हुआ है। पुलिस टीम मामले में कार्रवाई कर रही है।

पर्वतीय कॉलोनी में हादसा बृहस्पतिवार रात में हुआ। यहां रहने वाले दिलीप कुमार कारोबारी हैं। उनके तीन बच्चों में सबसे छोटा 8 साल का निशांत कमरे में खिड़की से

कमरे में सामने बैठकर पिता काम कर रहे थे

चुन्नी बांधकर खेल रहा था। चुन्नी का दूसरा किनारा निशांत पेट पर बंधा था। कमरे में ही दिलीप कारोबार से जुड़ा हिसाब-किताब कर रहे थे। इसी दौरान बच्चे का पैर फिसल गया और पेट पर बंधी चुन्नी गले तक पहुंच गई और फंदे लग गया। इससे बच्चा बेहोश हो गया जैसे ही दिलीप की नजर पड़ी तुरंत बच्चे को संभाला और उसे अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान देर रात बच्चे की मौत हो गई।

घर में बच्चे हैं तो ध्यान रखें

- लंबी डोरी, मोबाइल चार्जर के तार, दुपट्टा और रस्सी आदि को बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
- झूले, सीढ़ी या ऐसी जगह जहां गिरने या फंदा लगने का खतरा हो वहां बच्चे को अकेला न छोड़ें
- नुकीली चीजें, प्लास्टिक की थैलियां और ऐसी वस्तुएं जिनसे दम घुटने का खतरा हो उसे दूर रखें।
- खेलते समय बच्चों को गले में हार, स्कार्फ या डोरी वाले कपड़े न पहनाएं।
- बच्चों को गले में कुछ भी बांधने के खतरों के बारे में समझाएं।

दिल्ली-एनसीआर में 19 रुपये किलो मिलेगा प्याज

संवाद न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। बढ़ती महंगाई के बीच दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) ने राजधानी और आसपास के इलाकों में सिर्फ 19 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री शुरू कर दी है।

बाजार में प्याज की कीमत 25 से 35 रुपये प्रति किलो है। इससे आम आदमी की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा था। एनसीसीएफ ने प्याज की पहुंच आसान बनाने के लिए 16 प्रमुख स्थानों पर

बाजार में प्याज की कीमत 25 से 35 रुपये प्रति किलो

मोबाइल वैन तैनात की हैं। इनमें मॉडल टाउन, शालीमार बाग, आईएनए मार्केट, आरके पुरम, करोल बाग और पंजाबी बाग जैसे इलाके शामिल हैं। राजीव चौक, उद्योग भवन और पटेल चौक जैसे व्यस्त मेट्रो स्टेशनों पर भी प्याज बिकेगा। एनसीसीएफ के चेयरमैन विशाल सिंह ने बताया कि यह प्याज नासिक (महाराष्ट्र) से मंगवाया गया है। खास बात है कि इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) की ओर से विकसित इर्रैडिएशन तकनीक और कोल्ड स्टोरेज में संरक्षित किया गया है, जिससे 4 महीने बाद भी प्याज की गुणवत्ता और स्वाद बरकरार है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के निर्देश पर शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य जनता को बढ़ती कीमतों से बचाना और किसानों को उचित दाम दिलाना है। इससे पहले एनसीसीएफ ने 40 रुपये किलो टमाटर बेचकर भी जनता को बड़ी राहत दी थी। आने वाले समय में सहकारी संस्था जनह ब्रांड के तहत अन्य खाद्य उत्पाद भी किफायती दरों पर बाजार में उतारेगी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर 5.91 करोड़ की ड्रग्स के साथ यात्री गिरफ्तार

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने 5.91 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों के साथ एक यात्री को गिरफ्तार किया है।

आरोपी यात्री 24 दिसंबर को कुआलालंपुर से दिल्ली पहुंचा था

आरोपी यात्री 24 दिसंबर को कुआलालंपुर से दिल्ली पहुंचा था। शक होने पर कस्टम अधिकारियों ने उसे रोका और उसके सामान की सघन तलाशी ली। जांच के दौरान यात्री के पास मौजूद एक काले रंग के ट्रॉली बैग में छिपाए गए 12 पॉलिथीन पाउच बरामद हुए। अधिकारियों ने बताया कि इन पाउच में हरे रंग का नशीला पदार्थ भरा था। इसका वजन लगभग 6 किलो पाया गया। शुरुआती डायग्नोस्टिक टेस्ट में इस पदार्थ के गांजा/ मारिजुआना होने की पुष्टि हुई है। कस्टम विभाग ने एनडीपीएस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है। एजेंसी

एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए वारंट ऑफिसर की गोली मारकर हत्या

लोनी (गाजियाबाद)। अशोक विहार कॉलोनी के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने शुक्रवार की दोपहर एयरफोर्स से रिटायर्ड वारंट ऑफिसर योगेश कुमार की दो गोली मारकर हत्या कर दी। घटना लोनी थाने से करीब 500 मीटर की दूरी पर हुई। हत्या के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बदमाशों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

योगेश कुमार। फाइल

मूलरूप से बागपत के बड़ा गांव के निवासी योगेश कुमार(58), पत्नी लता, दो बेटों नीतिश, गुड्डू के साथ अशोक विहार कॉलोनी में रहते थे। उनके भाई बृजेश कुमार ने बताया कि योगेश कुमार एयरफोर्स में वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात थे। करीब 34 साल की नौकरी के बाद 31 जुलाई 2025 को रिटायर्ड हुए थे।

नीतिश कुमार बैंक में कर्मचारी और गुड्डू कंपनी में नौकरी करते हैं। बेटी प्रीति की कुछ समय पूर्व ही शादी हुई है। योगेश आगरा से रिटायर्ड हुए थे। रिटायर्ड होने के बाद वह घर पर ही रहते थे। शुक्रवार दोपहर योगेश फोन पर बात करते हुए घर से बाहर निकल गए थे। दिल्ली सहारनपुर मार्ग सर्विस रोड पर पहुंचे थे। तभी यह वारदात हुई। ब्यूरो

पश्चिम रेलवे ने विकसित किया 'वैक्यूम असिस्टेड ट्रैक क्लीनर'

नई दिल्ली (वि)। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद स्थित लोकोमोटिव शेड साबरमती ने स्वदेशी तकनीक से वैक्यूम असिस्टेड ट्रैक क्लीनर (वैट क्लीनर) का निर्माण किया है। यह उपकरण पर्यावरण अनुकूल, लागत प्रभावी और ईको-फ्रेंडली है। वैट क्लीनर लोकोमोटिव के रेडिएटर फैन का उपयोग कर पावर लेता है और डीजल वर्किंग ट्रॉली (डीडब्ल्यूटी) पर वर्टिकली लगाया गया है। 1000 से 1800 आरपीएम की गति पर यह उच्च सक्शन प्रदान करता है। कचरा संग्रह चैंबर से ट्रैक और आसपास के क्षेत्र की सफाई करता है। ड्राइवर डेस्क से ऑन/ऑफ और वैरिएबल स्पीड कंट्रोल की सुविधा उपलब्ध है।

एनआईटी पटना का 14वां दीक्षांत समारोह आज

नई दिल्ली (वि)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पटना का 14वां दीक्षांत समारोह 27 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समारोह के मुख्य अतिथि होंगे और सुनील सिन्हा, निदेशक, टाटा इंटरनेशनल वेस्ट एशिया (दुबई), जो इस संस्थान के पूर्व छात्र भी हैं, विशिष्ट अतिथि होंगे। अशोक कुमार मोदी, अध्यक्ष, शासक मण्डल, समारोह की अध्यक्षता करेंगे, जबकि प्रो. प्रदीप कुमार जैन, निदेशक एवं सीनेट अध्यक्ष, एनआईटी पटना, संस्थान की प्रगति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। शैक्षिक सत्र 2024-2025 के दौरान उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में उपाधियां/डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

ह्यूंडई क्रेटा पर साल के अंत में मेगा ऑफर्स

व्यावसायिक गतिविधि

नई दिल्ली (वि)। वर्ष 2025 के अंत में ह्यूंडई अपनी लोकप्रिय क्रेटा पर सबसे बड़े ईयर-एंड ऑफर्स लेकर आई है। ग्राहक 1 लाख रुपये तक के कुल ऑफर और योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, जिससे क्रेटा पहले से ज्यादा किफायती हो गई है। एक्सचेंज पर कार खरीदने वाले ग्राहकों को अधिकतम एक्सचेंज वैल्यू का लाभ मिलेगा, जिसमें खास "नाउ ऑर नेवर" एक्सचेंज बेनिफिट विशेष रूप से हुंडई क्रेटा पर उपलब्ध है। इसके अलावा, पुराने वाहन पर 20 से 25 प्रतिशत अतिरिक्त डेप्रिसिएशन बेनिफिट भी है। आकर्षक फाइनेंस स्कीम और कम ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध हैं। ग्राहक नजदीकी डीलरशिप पर संपर्क कर सकते हैं।

एयरपोर्ट के तीनों टर्मिनल से सीधे जुड़ेंगे यात्री, समन्वय बैठक में बनी रणनीति

संवाद न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जेएमआरसी) की ओर से जयपुर मेट्रो फेज-2 के क्रियान्वयन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। मेट्रो प्रशासन और एयरपोर्ट प्रबंधन के बीच यह बैठक जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई।

बैठक में डीजीसीए, सीआईएसएफ, बीसीएएस, एएआई और एयरपोर्ट प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उस दौरान एयरपोर्ट के टर्मिनल-1, टर्मिनल-2 और भविष्य में बनने वाले टर्मिनल-3 को प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो स्टेशन से सीधे जोड़ने की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। संयुक्त महानिदेशक (नागर विमानन महानिदेशालय) सूरजमल और मेट्रो के निदेशक महेश भुराडिया ने बताया कि सीतापुरा से टोड़ी मोड़ के बीच प्रस्तावित यह कॉरिडोर जयपुर को

बैठक में शामिल अधिकारी।

विश्व स्तरीय परिवहन सुविधा प्रदान करेगा। चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर अनिमेष भट्ट ने कहा कि मेट्रो अलाइनमेंट और यात्री सुरक्षा मानकों पर सभी एजेंसियों ने सहमति जताई है। इस सीधी कनेक्टिविटी से यात्रियों को जाम से मुक्ति मिलेगी और सुरक्षित व सुगम सफर सुनिश्चित होगा। वहीं, परियोजना से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

बात पते की

बीमार पशुओं की निगरानी हुई आसान
एप से करें रोगों की पहचान

बदलते मौसम में पशु अक्सर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं, लेकिन पशुपालक इन रोगों की पहचान नहीं कर पाते। ऐसे में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का आईवीआरआई रोग नियंत्रण एप काफी मददगार हो सकता है।

रोकथाम के टिप्स

पशुओं में दिखने वाले लक्षणों के आधार पर यह एप बीमारी और उससे बचाव के उपाय की जानकारी देता है। इसके माध्यम से जान सकते हैं कि पशु किस बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं और उनकी देखभाल कैसे करें।

हिंदी-अंग्रेजी में सेवाएं

यह एप पशुओं में थनैला, अफारा या गैस से पेट फूलने, बाहरी चोट के कारण पेट की झिल्ली में सूजन, दुग्ध ज्वर, खराब पाचन जैसी समस्याओं की पहचान में सहायक है। फिलहाल यह एप हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।

■ **ऐसे करें डाउनलोड :** IVRI-Disease Control एप गूगल प्ले स्टोर से मोबाइल में डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी या सहायता के लिए किसान IVRI हेल्पलाइन 05812311111 पर कॉल कर सकते हैं।

सर्दियों में ट्रैक्टर की सेहत ऐसे रखें दुरुस्त

सर्दियों में ट्रैक्टर का स्टार्ट न होना किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन जाता है। ठंड के मौसम में डीजल गाढ़ा हो जाता है, इंजन ऑयल जमने लगता है और बैटरी की क्षमता घट जाती है, जिससे मशीन चालू होने में दिक्कत आती है।

शेड में रखें ट्रैक्टर

- ट्रैक्टर को गैराज या शेड में रखें। इंजन ब्लॉक हीटर का उपयोग इंजन को पहले से गर्म कर देता है। उपयोग न होने पर बैटरी को निकालकर गरम जगह रखें।
- बैटरी को समय-समय पर चार्ज करें। हल्की ठंड में ट्रैक्टर को सुबह सूरज की दिशा में खड़ा करना भी कारगर उपाय है।

फसल मंत्र

मिली बग के प्रकोप से बचाएं आम का बगीचा

- आम की फसल के लिए सबसे खतरनाक कीट मिली बग (गुजिया कीट) है, जो बौर का रस चूसकर फूल और छोटे फलों को गिरा देता है। इससे बचाव का सबसे सही समय दिसंबर है।
- दिसंबर के अंत तक पेड़ों के तनों पर 30-40 सेंटीमीटर ऊंचाई पर प्लास्टिक शीट से ट्री-बैंडिंग कर नीचे ग्रीस लगानी चाहिए, ताकि कीट पेड़ पर न चढ़ सकें। तने के पास क्लोरपायरीफॉस चूर्ण डालें।

दिसंबर में पानी न दें, यह पेड़ों में फूल बनने के लिए जरूरी तनाव पैदा करता है। नाइट्रोजन का उपयोग न करें। बाग की सफाई और हल्की जुताई करें। रोगों से बचाव के लिए बोर्डो पेस्ट और घुलनशील सल्फर का छिड़काव करें।

जिंक की सही डोज से पाएं बंपर गेहूं

मिट्टी में एक बार डाला गया जिंक लंबे समय तक असर छोड़ता है। हालांकि, पौधे केवल 5-10 फीसदी जिंक उपयोग कर पाते हैं। धान की फसल के दौरान जिंक का उपयोग किया गया हो, तो गेहूं में दोबारा इसे देने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती।

गेहूं की अधिक और गुणवत्तापूर्ण उपज पाने के लिए फसल को संतुलित पोषण देना बेहद जरूरी है। लेकिन, किसान अक्सर सूक्ष्म पोषक तत्वों के सही उपयोग को नजरअंदाज कर देते हैं। इन्हीं तत्वों में से एक है जिंक, जिसकी कमी आज देश की करीब 40 फीसदी से अधिक कृषि भूमि में पाई जा रही है। गेहूं के फसल चक्र में लगातार खेती किए जाने से मिट्टी में जिंक की कमी तेजी से हो रही है। यही वजह है कि गेहूं की फसल में जिंक की कमी के लक्षण आमतौर पर देखने को मिलते हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जिंक का सही समय और सही मात्रा में उपयोग करने से न केवल गेहूं की ग्रोथ बेहतर होती है, बल्कि पौधों का हरापन, मजबूती और कल्लों की संख्या भी बढ़ती है, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है।

ऐसे बढ़ेगी पैदावार

गेहूं की फसल में जिंक की कमी होने के कारण 20 से 30 प्रतिशत तक पैदावार घट सकती है। जिंक की कमी होने पर पत्तियां पीली पड़ जाती हैं, पौधों की ग्रोथ रुक जाती है, कल्ले कम निकलते हैं और दाने हल्के व पतले रह जाते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि बुआई के समय जिंक डालना सबसे प्रभावी होता है, अन्यथा पहली सिंचाई के समय इसका उपयोग करें।

कम लागत में अच्छी फसल का फॉर्मूला

सही पोषण प्रबंधन से गेहूं की खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। गेहूं की बुआई से पहले मिट्टी की जांच जरूर करानी चाहिए, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि खेत में किस पोषक तत्व की कितनी कमी है। इसी आधार पर खाद और सूक्ष्म तत्वों का संतुलित प्रयोग करके किसान अनावश्यक खर्च से बच सकते हैं। इससे कम लागत में बेहतर गुणवत्ता वाली अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं।
-डॉ. के.एम. सिंह, वरिष्ठ प्रसार अधिकारी, आचार्य नरेंद्र देव कृषि वि.वि.

■ **जिंक से मोटे और चमकदार दाने**

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डॉ. के.एम. सिंह बताते हैं- जिंक पौधों की जड़ों को मजबूत करता है और कल्ले निकलने की प्रक्रिया को तेज करता है। यह दानों को मोटा व चमकदार बनाकर उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ाता है। जिंक पोषक तत्वों के अवशोषण और एंजाइम निर्माण में भी सहायक है, जो पत्तियों का पीलापन दूर करता है।

■ **लक्षणों की ऐसे करें पहचान**

जिंक की कमी होने पर पौधों की ग्रोथ धीमी हो जाती है और पौधे अपेक्षाकृत छोटे रह जाते हैं। पत्तियों पर नसों के समानांतर पीली धारियां दिखाई देने लगती हैं, जबकि नसें हरी रहती हैं। खेत के कुछ सीमित हिस्सों में ही पौधे कमजोर दिखाई देते हैं, जिससे खेत असमान नजर आने लगता है। यदि समय रहते इन लक्षणों पर ध्यान न दिया जाए, तो पैदावार में भारी गिरावट आ सकती है।

■ **सही मात्रा की जानकारी जरूरी**

गेहूं की फसल में जिंक का सही उपयोग बहुत जरूरी है। बुआई के समय जिंक सल्फेट 33% की 6 किग्रा या 21% की 10 किग्रा मात्रा प्रति एकड़ पर्याप्त है। 25-30 दिन की अवस्था में जब कल्ले निकलने लगें, तो यूरिया के साथ जिंक सल्फेट का प्रयोग कर सकते हैं। जिंक सल्फेट 33% की 800 ग्राम मात्रा को 200 लीटर पानी में घोलकर या चेल्टेड जिंक 150 ग्राम प्रति एकड़ की दर से सुबह या शाम छिड़काव करें।

नई रिसर्च

बेमौसम बारिश की मार मूंगफली पर अब बेअसर

बेमौसम बारिश मूंगफली किसानों के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। कटाई से पहले बारिश होने पर दाने खेत में ही अंकुरित होने लगते हैं, जिसे प्री-हार्वेस्ट स्प्राउटिंग (पीएचएस) कहा जाता है। इससे उपज और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रीसैट) के जीनोमिक अध्ययन में इस चुनौती का समाधान मिल गया है। इस शोध में वैज्ञानिकों ने मूंगफली की उन किस्मों और जीन्स की पहचान की है, जिनमें फ्रेश सीड डॉर्मेंसी (सुषुप्तावस्था) पाई जाती है। यह प्राकृतिक गुण है, जिसमें बीज अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कुछ समय तक अंकुरित नहीं होते।

इक्रीसैट के जीनबैंक में संरक्षित मूंगफली की 184 किस्मों के आनुवंशिक गुणों का अध्ययन किया गया। इसमें पाया गया कि 10-21 दिनों की डॉर्मेंसी वाली किस्में सबसे उपयुक्त हैं। जीनोमिक विश्लेषण के जरिए 9 प्रमुख जीन्स की पहचान की गई है, जो पीएचएस प्रतिरोध से जुड़े हैं।
-डॉ. हिमांशु पाठक, महानिदेशक, इक्रीसैट, हैदराबाद

किचन गार्डन



घर पर गमले में उगाएं ब्लूबेरी बढ़ेगी रौनक, खिलेगी सेहत

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पर्वतीय इलाकों में उगने वाली ब्लूबेरी सेहतमंद खानपान के शौकीनों में काफी लोकप्रिय है। सही तकनीक और थोड़ी देखभाल के साथ आप इसे घर पर गमले में भी उगा सकते हैं और ताजा फल का आनंद ले सकते हैं। ब्लूबेरी को गमले में उगाने से न सिर्फ पौष्टिक और स्वादिष्ट फल मिलते हैं, बल्कि यह आपकी बालकनी या किचन गार्डन की खूबसूरती को भी बढ़ाता है।

■ **एक साल का पौधा :** जल्दी फल पाने के लिए नर्सरी से एक साल का पौधा ले आएं। करीब 5-6 इंच लंबी स्वस्थ टहनी से कटिंग लगा सकते हैं। 3-4 हफ्तों में जड़ें बनना शुरू हो जाएंगी।

पूरे साल मिलेंगे फल

नर्सरी के पौधे से पहले साल में 40-100 ग्राम फल मिल सकते हैं, दूसरे साल यह मात्रा दोगुनी हो जाती है। दो अलग वैरायटी लगाकर फल का साइज-पैदावार बढ़ाई जा सकती है। सही देखभाल के साथ एक गमले से साल भर ब्लूबेरी प्राप्त होती है।

मिट्टी का पीएच और गमले का चुनाव

- ब्लूबेरी हल्की अम्लीय मिट्टी में अच्छी तरह बढ़ती है, जिसका पीएच 4.5 से 5.5 के बीच होना चाहिए। सामान्य मिट्टी को पीट मॉस, कोकोपीट और थोड़ी रेत मिलाकर अनुकूल बनाएं।
- 12-16 इंच का गमला लें, जिसमें अतिरिक्त पानी निकलने के लिए छिद्र होना चाहिए। कम्पोस्ट डालने से पौधे को पोषण मिलता है। पाइन नीडल्स, सूखे पत्ते या लकड़ी के बुरादे की मल्चिंग से भी लाभ होता है।

उन्नत खेती

मिसाल
नाम : आत्मस्वरूप

फूलों की खेती से पलायन पर ब्रेक गांव हुआ खुशहाल

सोलन जिले का महोग गांव फूलों की खेती के लिए मशहूर है। स्थानीय किसान आत्मस्वरूप ने यहां सबसे पहले फूलों की खेती शुरू की, जिससे महोग और आसपास के गांवों की तस्वीर बदल गई।

सोलन जिले के किसान आत्मस्वरूप वर्ष 1990 से फूलों की खेती कर रहे हैं। उन्होंने शुरुआत ग्लैडियोलस फूल की खेती से की, धीरे-धीरे ग्रीनहाउस और पॉलीहाउस तकनीक अपनाकर उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार किया। अब वह कार्नेशन, लिलियम और गुलदाउदी जैसे फूलों की कई अन्य किस्में भी उगाते हैं।

■ **तकनीक से बढ़ी फूलों की गुणवत्ता**

आत्मस्वरूप की सफलता को देखकर गांव में अन्य किसानों ने भी पारंपरिक खेती छोड़कर फूलों की खेती की ओर रुख किया। शुरुआत में आत्मस्वरूप और अन्य किसान खुले में खेती करते थे, जिससे मौसम की मार से पौधों को नुकसान होता था। बाद में, सब्सिडी की मदद से ग्रीनहाउस तकनीक अपनाई गई। आधुनिक उपकरणों और ड्रिप सिंचाई से उत्पादन बढ़ा और गुणवत्ता में सुधार हुआ। इससे कमाई भी बढ़ी है। किसानों का कहना है कि इस बदलाव से न केवल युवाओं का पलायन रुका, बल्कि गांव अब रूरल टूरिज्म का हब बन गया है।

■ **किसान कर रहे लाखों की कमाई**

कार्नेशन और लिलियम की खेती, ड्रिप सिंचाई और अन्य आधुनिक तकनीकों के उपयोग से महोग गांव एशिया के प्रमुख फ्लावर हब में बदल चुका है। छोटे किसान भी अब इस मॉडल से लाभ उठा रहे हैं, वे सालाना 20-25 लाख तक कमा रहे हैं। महोग मॉडल ने आसपास के कई गांवों में भी फ्लोरीकल्चर को प्रेरित किया है। चायल, कुरगल और कोठी क्षेत्र के गांवों में अब इसी मॉडल को अपनाया जा रहा है।

देश

न्यूज डायरी

दरभंगा की जगह कोलकाता पहुंची इंडिगो की उड़ान, हंगामा

कोलकाता। इंडिगो के एक विमान में यात्रियों ने जमकर हंगामा किया और विमान से उतरने से साफ इन्कार कर दिया। यात्रियों ने इंडिगो मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इंडिगो के विमान ने हैदराबाद से दरभंगा के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन दरभंगा में मौसम खराब होने की वजह से विमान को कोलकाता भेज दिया गया। कोलकाता में जब यात्रियों को बताया गया कि मौसम खराब होने की वजह से विमान अब दरभंगा नहीं जाएगा, तब यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। ब्यूरो

शादी के लिए टावर पर चढ़ी प्रेमी के मनाने पर उतरी

दौराला (मेरठ)। एक युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद को लेकर 440 केवी के हाईटेंशन बिजली टावर पर चढ़ गई। करीब 6 घंटे तक चले ड्रामे ने पुलिस के हाथ-पांव फुला दिए। बाद में प्रेमी के आने के बाद ही युवती टावर से नीचे उतरी। संवाद

कॉलेज में 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

गोरखपुर। पिपराइच में शुक्रवार दोपहर कोऑपरेटिव इंटर कॉलेज के खेल मैदान में कक्षा 11 के छात्र सुधीर उर्फ भोला (17) की रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुधीर अपने चचेरे भाई गोलू को बाइक चलाना सिखा रहा था। वहां पहुंचे हमलावरों ने उसे गोली मार दी। गोली लगते ही सुधीर की मौके पर मौत हो गई। गोलू ने भागकर जान बचाई। संवाद

बादल बाबू की सजा पूरी पाकिस्तान में जेल से रिहा

अलीगढ़। सना रानी के प्यार में सरहद पार कर पाकिस्तान पहुंचे गांव खिटकारी निवासी बादल बाबू की सजा पूरी हो गई है। उसे पाकिस्तान में डिटेक्शन सेंटर में रखा गया है। उसके अधिवक्ता के अनुसार अधिकारी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। एक सप्ताह में उसे भारत भेजा जा सकता है। 27 दिसंबर 2024 को उसे बिना पासपोर्ट-वीजा के पाक सीमा में घुसने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। संवाद

शादी के बहाने महिलाओं के शोषण की बढ़ती प्रवृत्ति को कुचलना जरूरी

हाईकोर्ट ने खारिज की औरैया निवासी आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शादी के बहाने महिलाओं के शोषण की बढ़ती सामाजिक प्रवृत्ति को शुरुआत में ही कुचलने की आवश्यकता बताई है।

इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने शादी का झूठा वादा कर एक महिला के साथ पांच वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने के औरैया निवासी आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने दिया है। औरैया जिले के थाना औरैया में आरोपी प्रशांत पाल के खिलाफ एक युवती ने मुकदमा दर्ज करा रखा है। आरोपी ने इसी मामले में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

आरोपी के वकील की दलील... आपसी सहमति से थे संबंध

आरोपी के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि दोनों के बीच आपसी सहमति से संबंध थे और युवती बालिग है। दोनों 2020 से साथ रह रहे थे। आरोपी ने कभी शादी का वादा नहीं किया था।



अपर शासकीय अधिवक्ता बोले... शोषण किया, वीडियो से धमकाया

मामले में अपर शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट में जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने पांच साल तक पीड़िता का शोषण किया। अश्लील वीडियो के आधार पर पीड़िता को धमकाने का भी आरोप है।

कोर्ट की टिप्पणी... आरोपी की मंशा शुरू से ही धोखाधड़ी की, नहीं दिखाई जा सकती उदारता

कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों से पता चलता है कि आरोपी की मंशा शुरू से ही धोखाधड़ी की थी, उसने केवल अपनी इच्छापूर्ति के लिए संबंध बनाया। पीड़िता से शादी करने का उसका कोई इरादा नहीं था। सुप्रीम कोर्ट के दीपक गुलाटी बनाम हरियाणा राज्य मामले का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि यदि शादी का वादा शुरू से ही झूठा हो और उसका उद्देश्य संबंध बनाने के लिए केवल महिला की सहमति पाना है, तो ऐसी सहमति शून्य मानी जाती है। कोर्ट ने इसे समाज के खिलाफ एक गंभीर अपराध माना और कहा कि ऐसे मामलों में कोई उदारता नहीं दिखाई जा सकती।

शिल्पा शेट्टी की एआई से बनी अश्लील तस्वीरों को तुरंत हटाने का आदेश

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये निर्मित आपत्तिजनक तस्वीरों पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने शुक्रवार को इन्हें अत्यंत विचलित करने वाला और चौंकाने वाला करार दिया। जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसी सभी लिंक और वेबसाइटों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। शिल्पा शेट्टी ने अपनी निजता और व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई टूल्स के जरिये उनकी आवाज और व्यवहार की नकल कर अश्लील तस्वीरें और वीडियो बनाए गए। अदालत ने कहा कि किसी भी महिला को उसकी सहमति के बिना इस तरह चित्रित नहीं किया जा सकता, जिससे उसके निजता के अधिकार का हनन हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसी हरकतों से अभिनेत्री की छवि खराब होती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एजेंसी

संथाली भाषा में संविधान का विमोचन सराहनीय प्रयास : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संथाली भाषा में भारत के संविधान के विमोचन को एक सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि इससे सांविधानिक जागरूकता बढ़ेगी और लोकतांत्रिक भागीदारी और गहरी होगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश को संथाली संस्कृति और राष्ट्र की प्रगति में संथाली लोगों के योगदान पर गर्व है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को एक समारोह के दौरान संथाली भाषा में भारतीय संविधान का विमोचन किया था। संथाली भारत की सबसे प्राचीन जीवित भाषाओं में से एक है। इसे 2003 के 92वें संविधान संशोधन से आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। संथाली भाषा मुख्य रूप से झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार के जनजातीय क्षेत्रों में बड़े स्तर पर बोली जाती है। एजेंसी

भारतीय भाषाओं के सम्मान में एक और बड़ा कदम : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को संथाली भाषा में संविधान के प्रकाशन को भारतीय भाषाओं के सम्मान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह संथाली समुदाय के साथ-साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। शाह ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यह कदम हमारी भाषाई विरासत को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विकसित भारत के लिए जुटे राज्यों के मुख्य सचिव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताहांत नई दिल्ली में राज्यों के मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। 26 से 28 दिसंबर तक चलने वाले इस तीन दिनी आयोजन का मुख्य विषय विकसित भारत के लिए मानव पूंजी रखा गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को मजबूत करना और भविष्य के लिए एक साझा विकास एजेंडा तैयार करना है। सम्मेलन में मुख्य रूप से बचपन की शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा और खेलकूद जैसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा राज्यों में विनियमन को कम करने, सुशासन में तकनीक के उपयोग, स्मार्ट सप्लाई चेन के लिए कृषि तकनीक और वामपंथी उग्रवाद के बाद की योजनाओं जैसे विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। एजेंसी

मोदी करेंगे 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता

हमीरपुर : ऑफिस में रील बनाने वाले महिला व पुरुष लिपिक निलंबित

हमीरपुर। शहर स्थित उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में वरिष्ठ सहायक चेतन स्वरूप सेन एवं कनिष्ठ सहायक साधना देवी ने दफ्तर में नृत्य करते हुए रील बनाई और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। 37 व 33 सेकंड के वायरल वीडियो में लिपिक फिल्मी गानों पर ठुमके लगा रहा है। शुक्रवार को चित्रकूट मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने इसे राजकीय कार्य में लापरवाही मानते हुए दोनों को निलंबित करते हुए वेतन वृद्धि को भी रोक दिया। दोनों को चित्रकूटधाम मंडल बांदा से संबद्ध किया गया है। संवाद

पान मसाला विज्ञापन मामले में सलमान खान कोर्ट में तलब

कोटा। राजस्थान के कोटा स्थित एक उपभोक्ता अदालत ने पान मसाला के गुमराह करने वाले विज्ञापन के मामले में अभिनेता सलमान खान को मामले की अगली सुनवाई के दिन 20 जनवरी को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने इसी मामले में अदालत में पेश किए गए पावर ऑफ अटॉर्नी पर अभिनेता के हस्ताक्षर की फोरेंसिक जांच का आदेश भी दिया है।

भाजपा नेता व शिकायतकर्ता वकील इंद्र मोहन सिंह हनी ने 15 अक्तूबर को कोटा उपभोक्ता अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि राजश्री पान मसाला और खान केसर-युक्त इलायची और केसर-युक्त पान मसाला के नाम पर पान मसाला के विज्ञापन के माध्यम से लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि केसर 4 लाख रुपये किलो है। ऐसे में पान मसाला के 5 रुपये के पाउच में केसर कैसे हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि युवा पान मसाला के सेवन की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिसके चलते वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। संवाद



उपभोक्ता अदालत ने अभिनेता के हस्ताक्षर की फॉरेंसिक जांच के आदेश दिए

ट्रेलर और कार की टक्कर में 5 की मौत

जयपुर। राजस्थान के चूरू जिले में शुक्रवार शाम दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सांडवा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेलर और एसयूवी कार के बीच हुई भीषण भिड़ंत में महिला समेत पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ, जब लालगढ़ निवासी परिवार सांडवा में पारिवारिक विवाद का निपटारा कर लौट रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे ट्रेलर ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चार लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया। मृतकों में उम्मेद सिंह (55), प्रहलाद सिंह (35), दलीप सिंह (25) और राजू कंवर (40) शामिल हैं। घायल नारायण राम (60) ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एजेंसी

मीरवाइज ने एक्स से हुर्रियत चेयरमैन का टाइटल हटाया

श्रीनगर। घाटी के धर्मगुरु व अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपने वेरिफाइड एक्स प्रोफाइल से चेयरमैन, ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस हटा दिया है। मीरवाइज ने कहा कि उन्हें यह बदलाव करने के लिए मजबूर किया गया, जिसे उन्होंने मजबूरी का फैसला बताया।

अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए) के तहत हुर्रियत के घटकों पर प्रतिबंध के मद्देनजर उनका अकाउंट बंद कर दिया जाएगा। बता दें कि मीरवाइज के एक्स हैंडल का बायो, जिसे वीरवार शाम को एडिट किया गया था, अब उसमें सिर्फ उनका नाम और बेसिक लोकेशन की जानकारी है। उनके दो लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। मीरवाइज ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, कुछ समय से अधिकारी मुझ पर हुर्रियत चेयरमैन के तौर पर मेरे एक्स (ट्विटर) हैंडल में बदलाव करने का दबाव डाल रहे थे। ब्यूरो

कहा- दबाव के बीच मजबूरी का फैसला

अरावली मुद्दे पर आंकड़ों के जाल में उलझा लोगों को भ्रमित कर रही सरकार : पायलट

राजस्थान में अवैध खनन रोकने के लिए एनएसयूआई ने निकाला पैदल मार्च

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव सचिन पायलट ने अरावली पर्वतमाला की नयी परिभाषा को लेकर शुक्रवार को केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अवैध खनन जारी है और आंकड़ों के जाल में फंसाकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है।

उन्होंने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की तरफ से अरावली बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के तहत निकाले गए पैदल मार्च को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर चिंतन करना होगा कि ऐसी क्या मजबूरी है, किस कारण अरावली की पहाड़ियों को भाजपा सरकार खतरे में डाल रही है। आज भी सैकड़ों जगह अरावली की पहाड़ियों पर अवैध खनन जारी है। बच्चा-बच्चा जानता है। आप अदालत में क्या हलफनामा देते हैं, वह अलग बात है। पायलट ने भारतीय वन सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और दिल्ली में अरावली श्रृंखला में जो पर्वत आते हैं, उनमें से 1,18,000 पर्वत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले हैं जबकि 100 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले सिर्फ 1,048 पहाड़ हैं।

उन्होंने कहा कि चतुराई के साथ अदालत से अरावली पर्वत की परिभाषा तैयार कराई गई है और सरकार कहती है वह खनन पर प्रतिबंध लगा रही है, जबकि प्रतिबंध तो 2002 से ही है। पायलट ने कहा कि खनन पर प्रतिबंध लगाने से कुछ नहीं होता बल्कि नीयत साफ होनी चाहिए। एजेंसी

कोयला खदानें शुरू करना आसान, केंद्र ने बदले नियम

नई दिल्ली। देश में कोयला व लिग्नाइट उत्पादन की गति तेज करने के लिए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अहम फैसले में कोयला खदान नियंत्रण नियम, 2004 में संशोधन कर खदानें शुरू करने की मंजूरी प्रक्रिया सरल बना दी है। इसका मकसद बिजली उत्पादन के लिए कोयले की आपूर्ति बढ़ाना है। पुराने नियमों में नई खदान या उसके हिस्से को खोलने के लिए कोयला नियंत्रक संगठन से पूर्व अनुमति अनिवार्य थी। नए संशोधन के बाद, खदान शुरू करने की मंजूरी का अधिकार संबंधित कोयला कंपनी के बोर्ड के पास होगा। सुधार से खदान चालू करने में लगने वाले समय में दो माह तक कम होगा। ब्यूरो

बिजली उत्पादन बढ़ाना है मकसद

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

बच्चों का सम्मान

देश के बहादुर, कामयाब और बहुत खास बच्चों का सम्मान सुखद व स्वागतयोग्य है। इस वर्ष 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित करके पूरे देश को प्रेरित किया है। राष्ट्रपति ने उचित ही कहा है कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हर बच्चे के साथ सफलता की अद्भुत गाथा जुड़ी है। इन बच्चों में सबसे चर्चित नाम बिहार के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी का है। महज 14 की आयु में वैभव ने बड़ों की दुनिया में भी कीर्तिमानों की शुरुआत कर दी है। निस्संदेह, हर बच्चे में एक प्राकृतिक प्रतिभा होती है, जिसे मांजने की जिम्मेदारी पूरे परिवार और समाज को उठानी चाहिए। ये बाल प्रतिभाएं प्रेरणा स्रोत हैं और इनसे पूरे समाज को सीखना चाहिए।

उन वीर बच्चों को भी विशेष रूप से याद करना चाहिए, जो वीरता का प्रदर्शन करते हुए इस दुनिया से चले गए। तमिलनाडु की नौ वर्षीया बेटी व्योमा प्रिया हो या कैमूर, बिहार के ग्यारह वर्षीय बहादुर बालक कमलेश कुमार, इन्होंने दूसरे बच्चों की जान बचाने की कोशिश में अपनी जान गंवाई है। बहादुरी की एक गाथा आगरा के बालक अजयराज की है। जब चंबल नदी के किनारे गए उनके पिता को मगरमच्छ ने जकड़ लिया, तब इस बालक ने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। पास पड़े एक डंडे से मार-मारकर खूंखार मगरमच्छ से अपने पिता को छुड़ा लेना कोई मामूली बात नहीं है। आजकल किसी खतरे की आशंका देख बड़े लोग भी भाग खड़े होते हैं। ध्यान रहे, जोखिम उठाने वाले लोग ही ज्यादा कामयाब होते हैं। ठीक ऐसा ही मामला केरल के मोहम्मद सिदान पी का है। दो दोस्तों को करंट से बचाने के लिए वह जान पर खेल गए। चार वीर बच्चों में से दो बच्चों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। यहां यह ध्यान देने की बात है कि ये पुरस्कार वीर बाल दिवस पर दिए जाते हैं। दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के दो सबसे छोटे पुत्र, साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी को 26 दिसंबर, 1704 को सरहिंद (फतेहगढ़ साहिब, पंजाब) में ईंटों से जिंदा चुनवाकर शहीद कर दिया गया था, क्योंकि उन्होंने अपना धर्म छोड़ने से इनकार कर दिया था।

वीर बाल दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित देश भर की 20 बाल प्रतिभाएं सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं और इनके पुरुषार्थ से पूरे समाज को सीखना चाहिए।

सम्मानित वीर बालकों के अलावा ऐसे बालक भी हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में अपना, अपने समाज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे बच्चों को सम्मानित करना जरूरी है। देश की एक दिव्यांग पुत्री शिवानी होसुरू उप्पारा ने आर्थिक-शारीरिक सीमाओं को पार करते हुए खेल जगत में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। सात वर्षीय वाका लक्ष्मी प्रग्निका जैसे प्रतिभाशाली बच्चों के कारण ही भारत को विश्व स्तर पर शतरंज की नई महाशक्ति माना जा रहा है। बाराबंकी की पूजा को पर्यावरण के क्षेत्र में काम के लिए सम्मानित किया गया है। पूजा ने कृषि से निकलने वाली धूल और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक अभिनव मशीन का निर्माण किया है। रांची, झारखंड की अनुष्का कुमारी को बेहतरीन फुटबॉलर के रूप में सम्मान हासिल हुआ है। इसके अलावा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों तक मदद पहुंचाने वाले दस वर्षीय श्रवण सिंह को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। ये बच्चे स्वयं ही संदेश हैं कि अपने देश का भविष्य उज्ज्वल है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले

28 दिसम्बर, 1950

पन्द्रह बरस की चुनौती

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कोटा अधिवेशन में श्री जयचन्द्र विद्यालंकार ने सभापति-पद से जो अभिभाषण किया है, उससे उनकी विद्वत्ता स्पष्ट रूप से झलकती है। वह उनके प्रकांड ऐतिहासिक ज्ञान का परिचायक ही नहीं, उनकी स्पष्टवादिता का भी द्योतक है। हम समझते हैं कि उनकी कुछ बातों से, विशेषकर 1920 से लेकर अब तक की राजनीतिक हलचलों के संबंध में उनके विवेचन से कई लोग असहमत होंगे और उनके कथन को एकांगी अथवा अनुचित भी बताएंगे किन्तु उनके इस कथन का सभी समर्थन करेंगे कि 'भारती की सेवा हमें केवल विनोद या गौरव के लिए नहीं करनी है, प्रत्युत उसके बिना तो आज हम जीवन संघर्ष में भी सफल नहीं हो सकते।' इसमें सन्देह नहीं कि 'हमारे देश का अंग्रेजी में सोचने वाला वकील-अमला वर्ग, जो चुनौती हमें आज दे रहा है, वह वास्तव में साढ़े चार सौ बरस पुरानी है और वह केवल हमारी भाषाओं के लिए नहीं प्रत्युत हमारे राष्ट्र के समूचे जीवन के लिए रही है' किन्तु आज तो हमें सम्पूर्ण शक्ति एकत्र कर पन्द्रह बरस में ही नहीं बल्कि पांच बरस में यह दर्शा देना है कि राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रशासन, शिक्षा, संस्कृति तथा विज्ञान सभी क्षेत्रों में अंग्रेजी को स्थानान्तरित कर सकती है।

भाषा और राष्ट्र का अभिन्न संबंध है अतएव अपनी राष्ट्रीयता और स्वाधीनता की रक्षा के लिए हमें इस अभियोग को निराधार तथा निर्मूल बना देना है कि भारत की वाणी में नये ज्ञान और नये विचारों वाला बाङ्मय नहीं है। सर्वश्री बालकृष्ण दीक्षित, जगदीशचन्द्र बसु, प्रफुल्लचन्द्र राय, गौरी शंकर ओझा, हर प्रसाद शास्त्री, सुधाकर द्विवेदी, काशीप्रसाद जायसवाल आदि विद्वानों तथा भारती-भक्तों के चरण-चिन्हों पर चल कर हमें आगे बढ़ना होगा। 1880 में स्वदेशी राज्य और स्वदेशी भाषा की नई पुकार को दबाने के लिए अंग्रेज शासकों ने अंग्रेजी की शिक्षा-दीक्षा देने के लिए जिस मैकाले शिक्षा-पद्धति को देश पर लादा उससे हमें मुक्त होना है ताकि स्वतन्त्र भारत के करोड़ों देशवासियों में एक नई चेतना व ज्ञान का संचार हो तथा देश के प्रशासन व उसकी प्रगति से उनका निकट सम्पर्क स्थापित हो। हमें गंभीरतापूर्वक यह भी विचार करना चाहिये कि गुरुकुल कांगड़ी तथा अन्य राष्ट्रीय शिक्षा-संस्थाओं ने भारतीय दृष्टि से मौलिक अध्ययन के लिए जो प्रयत्न किये, उनमें उन्हें कितनी सफलता मिली।

टैरिफ से तनाव के बावजूद बढ़ा भारत

अमेरिकी नीति के कारण भारत के निर्यात, रुपये की कीमत, निवेश आदि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। पेश है बीतते साल में अर्थव्यवस्था के खास दस पहलू :

यहां स्कैन करें

अरुण कुमार | वरिष्ठ अर्थशास्त्री

सिंहावलोकन- 2025

इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ा। इसका बड़ा कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाया गया टैरिफ रहा। इसकी वजह से भारत के निर्यात, भुगतान संतुलन, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आदि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

दरअसल, ट्रंप ने नवंबर 2024 में अमेरिकी चुनाव जीता और तभी से यह आशंका थी कि वह अमेरिका-हितैषी नीतियों को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में भारत व चीन पर अमेरिकी कामगारों की अच्छी नौकरियां छीनने का आरोप लगाया और उनको वापस लाने का वादा भी किया। यह संकेत था कि दूसरे देशों में अमेरिकी निवेश घटेगा। उनके सत्ता संभालने के बाद कमोबेश ऐसा ही हुआ।

भारत में साल 2024 में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के बावजूद निजी निवेश कमजोर था, जिसका असर विकास और रोजगार-सृजन पर पड़ रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कई वर्षों से 70 से 75 फीसदी क्षमता का ही उपयोग हो रहा था, जो अर्थव्यवस्था में कमजोर मांग का संकेत था।

इस पृष्ठभूमि में यदि हम इस वर्ष का विश्लेषण करें, तो 10 बड़ी घटनाएं नजर आती हैं। पहली- 1 फरवरी, 2025 को पेश किया गया केंद्रीय बजट, जिसमें मांग को बढ़ावा देने के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 12 लाख कर दी गई। उम्मीद थी कि इससे मध्यम वर्ग के हाथों में खर्च करने लायक पैसे होंगे और वे अपना उपभोग बढ़ाएंगे। मगर इसमें असंगठित क्षेत्र को अछूता छोड़ दिया गया। हालांकि, बजट ने राष्ट्रपति ट्रंप को यह संकेत भी दिया कि भारत प्रमुख अमेरिकी निर्यातों पर सीमा शुल्क कम करके अमेरिका के साथ अपना ट्रेड-सरप्लस कम करेगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी नीति से डिगे नहीं और 13 फरवरी को उन्होंने व्यापारिक साझेदारी वाले देशों से आयात पर व्यापक पारस्परिक सीमा शुल्क लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। भारत को उम्मीद थी कि रणनीतिक साझेदार होने के नाते उसके साथ अनुकूल व्यवहार किया जाएगा। मगर जब 2 अप्रैल को टैरिफ की घोषणा की गई, तो भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क का एलान किया गया। हालांकि, इसे जुलाई तक स्थगित रखा गया, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप 90 दिनों में 90 देशों के साथ 90 समझौते करना चाहते थे। जुलाई में, व्यापार समझौते पर सहमति न बनने पर टैरिफ लगाने की समय-सीमा बढ़ाकर 1 अगस्त की गई, पर 7 अगस्त को ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा भी कर दी। यह साल की दूसरी बड़ी आर्थिक घटना थी।

तीसरी महत्वपूर्ण घटना इसी से जुड़ी है, जो है- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भाषण में कई वस्तुओं पर जीएसटी कम करने का एलान करना। इसका उद्देश्य कीमतों को कम करना और खपत को बढ़ावा देना था, ताकि अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक टैरिफ के नकारात्मक प्रभाव बेअसर किए जा सकें। हालांकि, इससे सितंबर में बिक्री में ठहराव आया, लेकिन जीएसटी दरों में कमी होते ही फिर से यह तेजी से बढ़ी, खासकर लग्जरी उत्पादों की बिक्री में।

चौथी घटना पहली और दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों की घोषणा रही। इन आंकड़ों से आर्थिक वृद्धि में तेज उछाल दिखाई दिया। आईएमएफ का हवाला देते हुए यह दावा भी किया गया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मगर बाद में पता चला कि यह एक अनुमान था, जो साल के अंत तक के लिए लगाया गया था और कई कारकों पर निर्भर था (जैसे- महंगाई और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत आदि)।

पांचवीं घटना रही, भारत के जीडीपी आंकड़ों की विश्वसनीयता पर आईएमएफ द्वारा संदेह जताना। विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र से प्राप्त आंकड़े व जीडीपी में भारी अंतर को लेकर उसकी शंकाएं थीं। इसका असर विदेशी निवेशकों पर पड़ा और उन्होंने भारत से पैसा निकालना शुरू कर दिया। विदेशी संस्थागत निवेशक भारत से पैसा निकालकर अब अमेरिका में निवेश कर रहे हैं, जहां प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में तेजी के कारण शेयर बाजार में उछाल आया है।

रुपये का गिरना छठी घटना है। डॉलर के मुकाबले यह रिकॉर्ड 91 के पार चला गया। टैरिफ और सोने के आयात के कारण चालू खाता घाटा बढ़ गया है। हालांकि, पहले पूंजी खाता इसे सहारा देता था, लेकिन अब यह भी ऋणात्मक हो गया है।

आठवें वेतन आयोग की स्थापना का एलान सातवीं अहम घटना थी। इस आयोग के नियम पिछले आयोगों से अलग हैं। ऐसा केंद्र व राज्यों की कमजोर आर्थिक दशा के कारण हो रहा है। इस स्थिति को मैं आठवीं महत्वपूर्ण घटना मानता हूं। वित्त आयोग ने पिछले महीने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है, जो राजकोषीय संघवाद को प्रभावित कर सकती है, खासतौर से इसलिए, क्योंकि 'फ्रीबीज' पर अधिक जोर देने के कारण कई राज्य सरकारों की आर्थिक सेहत खराब है।

नौवीं घटना है- परमाणु दायित्व से संबंधित शांति विधेयक का पारित होना। इसको राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी मंजूरी दे दी है। इससे परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में तेजी आएगी और जीवाश्म ईंधन का उपयोग घटेगा। इसके साथ ही उच्च शिक्षा विधेयक को संसदीय समिति के पास विचार-विमर्श के लिए भेजने की मंजूरी भी दी गई है। इससे भारत में उच्च शिक्षा को अधिक स्वायत्तता मिलेगी। इसकी सफलता भारतीय अनुसंधान और विकास को गति देगी, जिसमें हम अन्य देशों से पिछड़ रहे हैं। ये प्रयास परोक्ष रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक साबित हो सकते हैं।

आखिरी घटना है, श्रम कानूनों में किया गया बदलाव। इसे अनायास लागू करने की घोषणा की गई और 'वीबी जी राम जी' यानी विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक भी लाया गया। इसको भी राष्ट्रपति ने मंजूर कर लिया है और अब यह कानून का रूप ले चुका है। हालांकि, आकलन है कि श्रम सुधारों की यह कवायद इसलिए की जा रही है, ताकि निर्यात बढ़ाए जा सकें और कृषि बाजार अमेरिकी आयात के लिए खुल सकें।

कुल मिलाकर, 2025 की तमाम आर्थिक घटनाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद अनिश्चितताओं से जुड़ी हुई थीं। देखना होगा कि नए साल में ये किस तरह हमारी अर्थव्यवस्था को आकार देंगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

बांग्लादेश में तारिक रहमान की वापसी से कितनी उम्मीदें

यहां स्कैन करें

रहीस सिंह | विदेशी मामलों के वरिष्ठ अध्येता

जुलाई विद्रोह के बाद बांग्लादेश आज जब सत्ता से संस्था और सड़क तक नेतृत्व के वैक्यूम से गुजर रहा है, तब पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल के स्वनिर्वासन से अपने देश लौट आए हैं। ऐसे में, जब सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस देश को कट्टरपंथियों के सहारे आगे बढ़ाने की कोशिश में असफल दिख रहे हैं, तब तारिक रहमान को क्या ऐसे नेता के रूप में स्वीकार किया जा सकता है, जो उस वैक्यूम को भर सके? क्या जुलाई विद्रोह के बाद उभरे राजनीतिक दल भी तारिक रहमान को देश के भावी नेता के तौर पर स्वीकार कर पाएंगे?

मोटे तौर पर माना जा सकता है कि तारिक रहमान बांग्लादेश में इस समय अकेले ऐसे नेता हैं, जिनके पास एक ऐसी पार्टी है, जिसका प्रभाव और संगठन देशव्यापी है। इसमें कोई संशय नहीं कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का काडर, स्थानीय नेतृत्व और चुनावी मशीनरी उनके इर्द-गिर्द संगठित है, पर तारिक रहमान न तो जुलाई विद्रोह का चेहरा रहे हैं और न उसके वैचारिक सूत्रधार। ऐसे में, वर्तमान परिदृश्य में उनकी स्वीकारोक्ति कितनी होगी, यह कहना मुश्किल है। उनकी वापसी आंदोलन से उपजी आवश्यकता नहीं है, राजनीतिक अवसर मात्र है।

जुलाई विद्रोह के नेताओं की महत्वाकांक्षाएं बड़ी हैं और उनके पीछे खड़ी शक्तियां आसानी से तारिक को नेता स्वीकार कर लेंगी, इसमें संदेह है।

आंदोलित लोगों को उम्मीद थी कि मोहम्मद यूनुस शेख हसीना के हटने के बाद एक बेहतर व्यवस्था की नींव रखेंगे, मगर बांग्लादेश तो अराजकता, हिंसा और कट्टरपंथ की ओर चला गया, जिसमें आंदोलनकारी छात्रों की उम्मीदें भी बह गईं। आज यूनुस और उनकी सरकार कठघरे में है। जुलाई विद्रोह से उभरे कट्टरपंथी युवा नेता उस्मान हादी के भाई का सीधा आरोप है कि उनके भाई को सरकार से जुड़े लोगों ने ही मरवाया है, ताकि फरवरी में होने वाले चुनाव टाले जा सकें। यह स्थिति मोहम्मद यूनुस के अनुकूल नहीं है। तो क्या तारिक रहमान के अनुकूल है? संभवतः नहीं और हां भी।

नहीं इसलिए, क्योंकि तारिक रहमान पर अपराध व भ्रष्टाचार के कई आरोप रहे हैं, जिनके कारण उन्हें लंदन में लंबा निर्वासन बिताना पड़ा। हालांकि, उन्हें 2004 के ग्रेनेड हमले और जिया ऑफनेज ट्रस्ट जैसे बड़े मामलों में बरी किया जा चुका है, लेकिन पार्टी के भीतर वंशवादी नेतृत्व की आलोचना और 'नॉन टेस्टेड' नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें ट्रांजिशनल फीगर से आगे नहीं ले जाया जा सकता। इसमें कोई संशय नहीं कि यदि बीएनपी जीती, तो वह प्रधानमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार होंगे, पर वह राष्ट्रीय राजनीतिक सहमति के प्रतिनिधि बनेंगे, यह कहना अतार्किक होगा।

तारिक रहमान को आपसी भाईचारे वाला नेता कहना भी अभी जल्दबाजी होगी। भले ही ढाका की रैली में वह यह एलान करते दिखे कि जैसे देश के लोगों ने 1971 में आजादी हासिल की थी, वैसे ही एक बार फिर बांग्लादेश की संप्रभुता की रक्षा के लिए ये लोग एकजुट होंगे। मगर इस ऐतिहासिक तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बीएनपी के शासन में जमात-ए-इस्लामी सत्ता में साझेदार रही थी। उस दौर में जेहादी नेटवर्क में खूब वृद्धि हुई थी और अल्पसंख्यक हिंसा के शिकार बने थे।

जो भी हो, बांग्लादेश इस समय हिंसा और अराजकता के ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है। मीडिया के जरिये आई तस्वीरें बताती हैं कि अराजक भीड़ के लक्ष्य कुछ संस्थान और कुछ समुदाय हैं। भीड़ में शामिल लोग अमानवीयता के वे चेहरे हैं, जो तालिबान को भी मात दे रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी छात्र संगठनों, धार्मिक नेटवर्कों व डिजिटल मंचों के जरिये भारत विरोधी नैरेटिव गढ़ रही है। इसलिए यह भर कह देना शायद अतार्किक होगा कि सत्ता बदली है, ट्रिब्यूनल सक्रिय हुआ है, शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधी करार देकर मृत्युदंड की सजा सुना दी गई है और अवामी लीग को चुनाव के लिए अयोग्य संगठन करार दे दिया गया है, बस। नहीं, यह पटकथा अधूरी है।

सच है कि बांग्लादेश न केवल शांति, बल्कि लोकतंत्र से भी अभी बहुत दूर खड़ा है। जुलाई विद्रोह के नेताओं की महत्वाकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं और उनके पीछे खड़ी शक्तियों के खेल इससे भी अधिक महत्वाकांक्षाओं वाले हैं। ये स्थितियां इतनी आसानी से तारिक रहमान को एक नेता के तौर पर स्वीकार करती हुई नहीं दिखतीं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

सहज-सरल बन जाएं

अहंकार क्या है? अपने आप को इस समष्टि से अलग मानना ही अहंकार है। 'मैं सबसे अच्छा हूं' या 'सबसे बुरा हूं', दोनों ही अहंकार हैं। अहंकार को तोड़ने की चेष्टा न करो। ऐसा लगता है कि अहंकार है मुझमें, तो रहने दो; बोलो कि अच्छा ठीक है, तुम रह जाओ। अपनी जेब में रख लो अपने अहंकार को। तुम पाओगे कि अपने आप तुम सहज हो जाते हो। सहजता का अभाव ही अहंकार है। सरलता का अभाव ही अहंकार है। अपनेपन का अभाव ही अहंकार है। आत्मीयता का अभाव ही अहंकार है। इसको तोड़ने के लिए हमें सहजता, आत्मीयता, अपनापन, सरलता, इन सबको जीवन में अपनाना पड़ेगा।

पूर्ण निष्ठा आपके अंदर असीम जोश, उत्साह, भरोसा और चुनौती लाती है और फिर अहंकार के लिए कोई स्थान नहीं रहता। एक नेता, बुद्धिमान व्यक्ति, व्यापारी या सेवक के लिए अहंकार बड़ी रुकावट है, लेकिन एक योद्धा या प्रतियोगी के लिए यह आवश्यक है।

अहंकार तीन तरह का होता है- तामसिक, राजसिक और सात्विक। तामसिक अहंकार क्रूर व अंधा होता है। इसका स्वभाव है कि यह स्वयं को ही हानि पहुंचाता है। राजसिक अहंकार स्वार्थी होता है। यह खुद को भी कष्ट देता है और दूसरों को भी। सात्विक अहंकार रचनात्मक होता है और रक्षा करना इसका स्वभाव है। यदि समर्पण नहीं कर सकते, तो सात्विक अहंकार रखें, क्योंकि सात्विक अहंकार सदैव त्याग के लिए तैयार रहता है।

याद रखिए, अहंकार आपको शक्ति और हिम्मत देता है। यह आपके अंदर वीरता पैदा करता है, जिससे आप चुनौतियों का सामना धीरज व दृढ़ता से कर पाएं। एक दृढ़ अहंकार अवसाद को नष्ट कर देता है। अक्सर हम सोचते हैं, अहंकार स्वार्थी होता है, लेकिन यह अहंकार ही है, जो रचनात्मकता और उदारता के लिए प्रेरित करता है। गुणों को अच्छा या बुरा न कहते हुए, केवल गुण मानो। *गीता* में भगवान श्रीकृष्ण ने भी यही कहा है। यदि आपको लगे कि मेरा अहंकार बढ़ रहा है, तो उसको बढ़ने दो। चारों ओर देखो कि कितने लोग आपसे भी अच्छी सेवा कर रहे हैं? उनको देखकर बढ़ाओ अपना अहंकार।

सहजता का अभाव ही अहंकार है। सरलता का अभाव ही अहंकार है। इसको तोड़ने के लिए हमें सहजता, आत्मीयता, अपनापन, सरलता, इन सबको जीवन में अपनाना पड़ेगा।

हमें अपने अहंकार से पीड़ा तब होती है, जब इसको सीमित रखते हैं या अपने लिए कुछ चाहते हैं। जब आप यह कहते हो कि मैं ईश्वर का हूं। वे जो चाहें, जैसे कराना चाहें, वैसा हमसे करवाते हैं, तो इस तरह का एक भाव आते ही या सहजता होते ही आप पाएंगे कि अहंकार है ही नहीं। हम ऐसे जिएंगे, जैसे हम हैं ही नहीं। सब कुछ हो रहा है। एक हल्कापन महसूस होगा। अहंकार यानी पीड़ा और पीड़ा से हमें दूर होना है, तो एक ही मार्ग है, सहजता! सहज हो जाओ; एक बालक या बालिका बन जाओ।

श्री श्री रविशंकर

तस्लीमा नसरीन | बांग्लादेशी लेखिका

बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी एक-दूसरे का विरोध करते हैं, तो कुछ उम्मीद की जा सकती है। अगर उनमें मुकाबला इस बात को लेकर होता है कि कौन बड़ा मुसलमान, बड़ा जेहादी और ज्यादा भारत विरोधी है, तो बांग्लादेशी मुश्किल में पड़ जाएंगे।

अनुलोम-विलोम

शिक्षा-स्वास्थ्य

निजी शिक्षा और स्वास्थ्य से बढ़ी परेशानी

भारत आज जब वैश्विक मंचों पर आर्थिक शक्ति, तकनीकी नेतृत्व और कूटनीतिक प्रभाव की बात कर रहा है, उसी समय करोड़ों परिवारों के सामने एक साझा चिंता खड़ी है, बच्चों की शिक्षा कितनी महंगी होगी, बीमारी आने पर इलाज कैसे होगा और कैंसर जैसी भयावह बीमारी से कैसे निपटा जाएगा?

यही तीन प्रश्न आज भारत की सामाजिक सच्चाई और नीति-निर्माण की कसौटी बन चुके हैं। भारत इक्कीसवीं सदी में जिस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, वहां आर्थिक वृद्धि, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रभाव के साथ-साथ यह एक बड़ा प्रश्न लगातार उभर रहा है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन उसके सकल घरेलू उत्पाद या वैश्विक रैंकिंग से नहीं, बल्कि इस बात से किया जाना चाहिए कि वहां का एक साधारण परिवार कितनी सहजता से शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंच पा रहा है। भारत में आज सस्ती शिक्षा और सस्ता इलाज केवल नीतिगत मुद्दे नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के अस्तित्व भविष्य और सामाजिक स्थिरता से जुड़े जीवन-मरण के प्रश्न बन चुके हैं। अनेक विचारकों ने कहा, सस्ती शिक्षा व इलाज हर व्यक्ति की जरूरत है, बड़ी बीमारियां मरीजों के अलावा उनके परिवार पर भी भयंकर त्रासदी लाती हैं। संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह बार-बार स्वीकार किया गया है कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी देश की मानव पूंजी का मूल स्तंभ होते हैं। शिक्षा व्यक्ति को सोचने, निर्णय लेने और समाज में योगदान करने की क्षमता देती है, जबकि स्वास्थ्य उसे उस क्षमता का उपयोग करने योग्य बनाता है। यदि इनमें से कोई एक भी कमजोर हो, तो विकास की पूरी संरचना असंतुलित हो जाती है।

किसी भी देश में शिक्षा और स्वास्थ्य केवल सेवाएं नहीं होतीं, वे नागरिक की गरिमा, अवसर और भविष्य की गारंटी होती हैं। भारत में सस्ती शिक्षा और सस्ता इलाज अब केवल मध्यम वर्ग की मांग नहीं रहे, बल्कि गरीब, निम्न-मध्यम और यहां तक कि स्थिर आय वाले परिवारों के लिए भी जीवन की प्राथमिक जरूरत बन चुके हैं। एक बच्चा यदि पढ़ नहीं पाता, तो उसका भविष्य सीमित हो जाता है। भारत में शिक्षा को संविधान ने मौलिक अधिकार माना, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अच्छी शिक्षा अब क्षमता से अधिक खर्च मांग रही है। आज एक औसत परिवार अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कर्ज लेने को मजबूर है। यह स्थिति केवल परिवार की बचत नहीं, बल्कि समाज की समानता को भी कमजोर करती है।

किशन भावनानी, टिप्पणीकार

बदलावों का महत्वपूर्ण वाहक रहा निजी क्षेत्र

भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। देश में शिक्षा का स्तर व्यापक सुधार का संकेत देता है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत, रटंत विद्या के बजाय कौशल विकास, लचीली शिक्षा और 5+3+3+4 संरचना (नींव से लेकर माध्यमिक तक) पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। हालांकि, असर-2024 रिपोर्ट के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर सीखने के परिणाम (जैसे कक्षा 3 के छात्रों का कक्षा 2 का पाठ न पढ़ पाना) अभी भी चिंता के विषय हैं।

शिक्षा के मामले में सकारात्मक बात यह है कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा शैक्षिक ढांचा मौजूद है, जिसमें लगभग 15 लाख स्कूल, करीब 26 करोड़ छात्र और 1,168 से अधिक विश्वविद्यालय हैं। भारत शिक्षा की दृष्टि से वैश्विक स्तर पर सुधार कर रहा है, और कुछ रिपोर्टों में इसे 40वें स्थान पर रखा गया है। हालांकि, अब भी यहां शिक्षा क्षेत्र में बड़ी चुनौतयां हैं। इनमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में बड़ा अंतर है। उच्च शिक्षा में शिक्षक-छात्र अनुपात 24:1 है, जो ओईसीडी के 16:1 के औसत से कम है। इसके अलावा, प्रारंभिक साक्षरता दर अभी भी कम है। नई शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप, मातृभाषा में शिक्षा, तकनीकी एकीकरण और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। वहीं देखें, तो विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी है, हालांकि शोध और विश्व स्तरीय रैंकिंग में सुधार की आवश्यकता अभी भी है। कुल मिलाकर, भारत में शिक्षा प्रणाली का विस्तार बहुत बेहतर हुआ है, लेकिन अब मुख्य फोकस शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने पर है।

वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र को देखा जाए, तो अभी हाल में ही भारत ने परंपरागत इलाज पर दूसरे वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया है। देश में डिजिटल स्वास्थ्य समेकन हुआ है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल काफी बढ़ा है। इसके साथ ही ई-संजीवनी और टेली मेंटल हेल्थ सेवा जैसे मंच दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाओं को फैलाने में सहयोगी रहे हैं। उनपर आर्थिक बोझ कम हुआ है। चेचक, प्लेग आदि कई गंभीर बीमारियों का देश से उन्मूलन हो गया है।

इसी तरह मलेरिया और टीबी जैसी संघातक बीमारियों में काफी कमी दर्ज की गई है। हालांकि, जीवन-शैली में बदलाव से कई तरह की नई बीमारियां भी सामने आई हैं, लेकिन यह उतनी चिंता की बात नहीं है, क्योंकि इन बीमारियों का उन्मूलन जीवन स्तर में सुधार लाकर किया जा सकता है। अतः अधिक घबराने की नहीं, बल्कि जीवनशैली में उत्तरोत्तर सुधार किए जाने की जरूरत है।

राहुल रंजन शुक्ला, टिप्पणीकार

टैरिफ से मुकाबले के लिए भारत 'आत्मनिर्भर' बना

साल 2025 वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए आसान नहीं था। अमेरिकी टैरिफ, पश्चिम एशिया और यूक्रेन जैसे भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर की मजबूती ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को दबाव में रखा। ऐसे माहौल में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी विकास की रफ्तार बनाए रखना और महंगाई को काबू में रखना। इस कसौटी पर देश खरा उतरता दिखा। अमेरिकी द्वारा 50 प्रतिशत का उच्च टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की वृद्धि दर दुनिया में सबसे तेज रही। महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची और सरकार की नई योजनाओं ने अर्थव्यवस्था को बूस्ट किया। कुल मिलाकर यह साल 'आत्मनिर्भर' भारत की ताकत दिखाता है।

ट्रंप के टैरिफ के बावजूद दुनिया में सबसे तेज विकास दर

साल 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया। वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि 6.5% रही, जो दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक थी। तेज वृद्धि का यह सिलसिला चालू वित्त वर्ष में भी जारी है और इसकी दो तिमाहियों में ही जीडीपी ने अनुमानों को पछाड़ दिया। भारत की आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही। इससे पहले आईएमएफ ने जुलाई में भारत की आर्थिक वृद्धि के अपने अनुमान को संशोधित कर 6.4 प्रतिशत कर दिया था। दूसरी तिमाही में तो वृद्धि दर ताबड़तोड़ रफ्तार के साथ 8.2% पर पहुंच गई, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे ज्यादा है। इसके बाद आईएमएफ ने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर पूरे साल के लिए 6.6% कर दिया है। रेटिंग एजेंसियां का अनुमान है कि पूरे वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर 7 से 8% के बीच रह सकती है।



घरेलू मांग से मिला बड़ा सहारा

अमेरिका ने भारत पर अप्रैल में पहले 25% टैरिफ लगाया था, जिसे अगस्त में बढ़ाकर 50% कर दिया। इसका असर निर्यात क्षेत्र पर जरूर देखा गया लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई। यह वृद्धि अचानक नहीं आई, इसके पीछे घरेलू मांग में तेजी, जीएसटी में व्यापक सुधार, सेवा क्षेत्र में निरंतर कमाई और पीएलआई का मिश्रण है। इसके अलावा भारत ने अप्रैल से अब तक तीन देशों के साथ व्यापार समझौतों पर वार्ता पूरी कर ली है। इनमें ब्रिटेन, न्यूजीलैंज और ओमान शामिल हैं। वहीं, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईयू और कनाडा समेत 50 देशों से वार्ता जारी है।

नई पहल ने इन क्षेत्रों में जान फूंकी

केंद्र ने कई क्षेत्रों में नई योजनाएं शुरू कीं, जो वृद्धि की रीढ़ बनीं। कर छूट, जीएसटी सुधार और मौद्रिक नीति से उपभोग और निवेश बढ़ा।

- **बिजली क्षेत्र:** नवीकरणीय ऊर्जा पर फोकस, जिससे विनिर्माण वृद्धि 4.8% हुई और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4% ऊपर गया।
- **शहरी विकास:** भारतमाला, सागरमाला और पर्वतमाला जैसी योजनाओं से बुनियादी ढांचा हुआ और रोजगार के अवसर बढ़े।
- **खनन और वित्तीय:** उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से रोजगार-समृद्ध क्षेत्र जैसे कृषि-प्रसंस्करण में निवेश आया। मेक इन इंडिया से 25 क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा।
- **सेवा क्षेत्र:** डिजिटल और शिक्षा क्षेत्र में 6.2% की वृद्धि दर्ज हुई।

महंगाई : आम आदमी को मिली बड़ी राहत

इस साल महंगाई के मोर्चे पर भी बड़ी राहत मिलती दिखाई दी, जो अर्थव्यवस्था की स्थिरता का सबूत है। खुदरा महंगाई दर सितंबर में 1.54% पर पहुंची, जो 8 साल का सबसे निचला स्तर है। अक्टूबर में यह और गिरकर 0.3% हो गई, जबकि नवंबर में 0.71% रही। वहीं, थोक महंगाई नवंबर में -0.32% रही, यानी कीमतों में गिरावट आई। पिछले साल (2024) के मुकाबले खुदरा महंगाई औसतन 2-3% कम रही, जबकि थोक में डिफ्लेशन देखा गया। महंगाई में गिरावट के मुख्य कारणों में अच्छी फसल पैदावार, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, कच्चे तेल की कम कीमतें और जीएसटी दरों में कटौती आदि शामिल रहे। महंगाई कम होने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस साल रेपो दर को चार बार घटाकर 6.50 से 5.25 फीसदी कर दिया है। इससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरें घटी हैं, जिसका सीधा फायदा आम लोगों को मिला है।

मासिक किस्त घटी

- खुदरा महंगाई में नरमी के बाद आरबीआई ने फरवरी से अब तक रेपो दर में 1.15% की कटौती की
- इससे आवास ऋण की फ्लोटिंग ब्याज दरें 8.75 से घटकर 7.50 फीसदी तक आई गई हैं

सोना-चांदी: निवेशकों के भरोसे और कमाई में अव्वल

2025 में सोना और चांदी ने निवेशकों को सबसे ज्यादा लाभ दिया। चांदी ने करीब 140 फीसदी तो सोने ने 78% से अधिक का रिटर्न दिया। पिछले साल की तुलना में यह दोगुना से भी अधिक मुनाफा है। चांदी ने साल 2024 में 38% तक और सोने ने करीब 25 फीसदी तक रिटर्न दिया था। इस साल सोने के दाम 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गए। जनवरी में इसका भाव 77,723 रुपये के आसपास था। इसी तरह चांदी ने 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम का नया शिखर छू लिया। जनवरी में इसका भाव 89,900 रुपये था। खनन उत्पादन में गिरावट और औद्योगिक मांग में तेजी से चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले साल भी यह रुझान जारी रह सकता है और चांदी के दाम 2.50 लाख का स्तर छू सकते हैं। वहीं, सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोने के दाम अगले साल 1.60 लाख स्तर छू सकते हैं।





140 फीसदी का मुनाफा दे चुकी है चांदी इस कैलेंडर वर्ष में

78 प्रतिशत तक रिटर्न दिया सोने ने इस साल निवेशकों को

1.25 लाख रुपये के करीब चढ़ चुकी है चांदी की कीमत इस साल

भारतीय अर्थव्यवस्था को चुनौतियों के बीच तलाशने होंगे विकास के अवसर

विशेषज्ञ की राय

डॉ. अरुण कुमार
सेवानिवृत्त, जेएनयू

आने वाला वर्ष भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम रहने वाला है। फिलहाल देश में महंगाई नियंत्रित है और आर्थिक विकास दर में सुधार देखने को मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद भारत के सामने कई बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। अमेरिका की ओर से लगाए जाने वाले टैरिफ और वैश्विक परिस्थितियां भारत के लिए चिंता का विषय हैं। ऐसे में अगले वर्ष भारत का निर्यात और आर्थिक विकास काफी हद तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर निर्भर करेगा।

भारत को अब तेजी से नए अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों की तलाश करनी होगी। वर्तमान में भारत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है, जिन्हें जल्द पूरा करना जरूरी है। खास तौर पर भारत-ईयू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से काफी उम्मीदें जुड़ी हैं। इसके अलावा, ओमान, न्यूजीलैंड और अन्य देशों के साथ होने वाले द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों से भारत के लिए निर्यात के नए रास्ते खुल सकते हैं।

मौजूदा वैश्विक माहौल को देखते हुए यह बात साफ हो गई है कि अब भारत को बाहरी निर्भरता कम करने पर ध्यान देना होगा। ऐसे में कृषि और असंगठित क्षेत्र को मजबूत करने की जरूरत है। कृषि क्षेत्र पर 46 प्रतिशत लोगों की निर्भरता है। इस कारण से कृषि क्षेत्र को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कृषि और असंगठित क्षेत्र में सुधारात्मक काम किए जाने से न सिर्फ देश में उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। देश के भीतर व्यापार सुगमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना होगा, जिससे भारत एक मजबूत उत्पादक और निर्यात केंद्र के रूप में उभर सके।

शेयर बाजार: घरेलू निवेशक बने ताकत

2025 में सेंसेक्स और निफ्टी ने रिकॉर्ड ऊंचाई छुई, लेकिन वैश्विक अनिश्चितता से अस्थिरता बढ़ी। एफआईआई की कुल शुद्ध निकासी 1,57,860 करोड़ रुपये रही, जो अमेरिकी शुल्क, उच्च मूल्यांकन और डॉलर की मजबूती जैसे कारणों से हुई। दूसरी तरफ, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुल 5,42,614 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। छोटे और खुदरा निवेशकों ने भी मजबूत रुख दिखाया। प्रत्यक्ष इक्विटी में उनका शुद्ध निवेश अपेक्षाकृत कम रहा लेकिन म्यूचुअल फंड्स के जरिए उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। यह रुख खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी को दिखाता है। एजेंसियों का अनुमान है कि अगर टैरिफ घटे तो बाजार में तेजी आएगी और सेंसेक्स अगले साल 94,000 तक पहुंच सकता है। वहीं निफ्टी 30 हजार अंक का आंकड़ा छू सकता है।

इन मोर्चों पर भी सफलता

जीएसटी संग्रह

पूरे साल औसत मासिक संग्रह 1.9 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल के मुकाबले छह फीसदी तक की वृद्धि हुई। अक्टूबर में 1.95 लाख और नवंबर में 1.70 लाख करोड़ का राजस्व मिला। अप्रैल में रिकॉर्ड 2.36 लाख करोड़ का संग्रह हुआ।

व्यापार समझौता (एफटीए)

इस साल ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) हस्ताक्षर हुए। चिली के साथ वार्ता शुरू हुई। यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के साथ बातचीत अंतिम दौर में है। करीब 13 सक्रिय व्यापार समझौतों पर बातचीत चल रही है।

यूपीआई

यूपीआई ने रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। पूरे साल कुल लेनदेन की मात्रा लगभग 230 अरब रही, जबकि मूल्य 299 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। नवंबर में ही 20.47 अरब लेनदेन हुए, जबकि मूल्य 26.32 लाख करोड़ रहा। पिछले साल से मात्रा में 30-35% वृद्धि हुई है।

आयकर

मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए दिसंबर 2025 तक 8.43 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न दाखिल हुए। वहीं, प्रत्यक्ष कर संग्रह अप्रैल से दिसंबर 17 तक 17.05 लाख करोड़ रहा, जो 8% सालाना वृद्धि है।

विदेशी मुद्रा भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर भी इस साल मजबूती का पैमाना रहा। 2025 में विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड उच्च स्तर 692.58 अरब डॉलर रहा, जो 21 नवंबर 2025 को दर्ज किया गया। हालांकि, सर्वकालिक रिकॉर्ड 704.89 अरब डॉलर है, जो सितंबर 2024 में बना था। दिसंबर 2025 में भंडार 688.95 अरब डॉलर के आसपास रहा।

उम्मीदें@2026

1 रुपये में ऐतिहासिक गिरावट

- इस साल रुपये में रिकॉर्ड गिरावट आई और यह पहली बार डॉलर के मुकाबले 91 रुपये के स्तर पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी, डॉलर की मजबूती और व्यापार असंतुलन से रुपया टूटा है।

2 अमेरिका से करार अटका

अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौता अभी अधर में है। कई दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन कई मुद्दों पर सहमति न बन पाने के कारण करार अटका है। माना जा रहा है कि समझौते के पहले चरण को लागू करने के लिए दोनों देश फैसला ले सकते हैं।

3 बढ़ता व्यापार घाटा

व्यापार घाटा 2025 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, जो अर्थव्यवस्था के लिए नए जोखिम पैदा कर रहा है। अक्टूबर में भारत का निर्यात 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 अरब डॉलर रह गया। वहीं सोने के आयात में उछाल के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 41.68 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

मेष: मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार की सेहत का भी ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृष: मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्य रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। पिता से धन की प्राप्ति होगी। कारोबार के लिए यात्रा से लाभ में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन: मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। माता की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

कर्क: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, परंतु संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। खर्चों में भी वृद्धि होगी।

सिंह: आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार के लिए यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या: मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

तुला: मन परेशान हो सकता है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृश्चिक: मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परंतु परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

धनु: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। मानसिक शांति बनाए रखने का प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर: आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन परेशान हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

कुंभ: मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिवार का सहयोग मिल सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

मीन: मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, परंतु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। तरक्की के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं।

स्कैन करें भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

27 दिसंबर, शनिवार, **शक संवत्:** 06,पौष (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग:** 13 पौष मास प्रविष्टे 2082 **इस्लाम:** 06 रज्जब, 1447, **विक्रमी संवत्:** पौष शुक्ल सप्तमी तिथि दोपहर 01.10 मिनट तक पश्चात अष्टमी तिथि, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 09.10 मिनट तक पश्चात उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र, व्यतिपात योग दोपहर 12.22 मिनट तक पश्चात वरीयान योग, चंद्रमा मीन राशि में (दिन-रात)।

सूर्य दक्षिणायन। प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकालम्। मार्तण्ड सप्तमी। श्री गोविन्द सिंह जयंती।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरे ज्वैलरी शोरूम में ग्राहक बहुत कम आते हैं। कोई उपाय बताएं। -रंजन, कानपुर

- आपका शोरूम दक्षिण मुखी है, किंतु उसके मुख्य द्वार की स्थिति ठीक नहीं है।
- आपने पूरे शोरूम में सफेद रंग करवाया है। यह रंग सोने के व्यापार के लिए शुभ नहीं है। आप इसमें हल्का पीला रंग करवाएं।
- आपने बैठने का स्थान दक्षिण दिशा में बनाया है, जो गलत है। मुख्य द्वार की ओर पीठ करके बैठना शुभ फलदायी नहीं होता है।
- पूर्व की दीवार पर लगी हुई गोल घड़ी हटाकर चौकोर घड़ी लगाएं। मुख्य द्वार पर कीर्ति मुख लगाएं। थोड़ी देर के लिए शोरूम का दरवाजा नित्य खोलें।

वर्ग पहेली : 8191



बाएं से दाएं

3. उपयुक्त उत्तर; ठीक जवाब; सही उत्तर (2,3)
6. असावधानी के कारण हानि सहना; पैर में कंकड़ पत्थर आदि से चोट लगना (3,2)
7. नाटक का परदा; रंगमंच पट (4)
8. जनता; राज्य के निवासी; शासित लोग (2)
10. आकृतिहीन; निराकार; रूप विहीन (5)
11. नक्षत्र; आंख की पुतली (2)
12. वस्तुग्रहण के लिए गहरी की हुई दोनों हाथों की संयुक्त हथेली (4)
14. खोखला होने का भाव; पोलापन; विचारों का अभाव (5)
15. प्रविष्टि कटना; रजिस्टर से उतरना; नाम हटना; निरस्त होना (2,3)

ऊपर से नीचे

1. कठिन कोशिश करना; पूरा जोर लगाना; सख्त मेहनत करना (3,3,3)
2. थक जाना; पराजित होना; विफल होना (3)
3. आलेपित; गीला; तर; लिपा; पुता (2)
4. देश निकाले की सजा पाया व्यक्ति; निर्वासित; निष्कासित (5)
5. किसी को बचाने के लिए दूसरे को फंसा देना; दोषी को बचाने के लिए निर्दोष पर दोषारोपण करना (2,1,3,3)
9. पशुओं का घूम-घूम कर घास खाना; खाते रहना (3)
10. दास; आज्ञा मानने वाला (5)
13. पुकारना; बोलने के लिए प्रवृत्त करना (3)
14. क्षति होना; बरबाद करना; गंवाना (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8190

1 प्र	शा	स	2 नि	क	■	3 त	4 ना	व
यो	■	■	जी	■	5 रो	■	ज	■
6 ग	ला	ना	■	7 भां	ग	छा	न	ना
शा	■	■	8 वि	■	ना	■	ख	■
9 ला	10 श	प	र	ला	श	गि	रा	11 ना
■	क	■	क्त	■	क	■	■	मु
12 प्र	क	ट	हो	ना	■	13 क	स	म
■	र	■	ना	■	14 भा	■	■	कि
15 कि	ना	रा	■	16 अ	व	चे	त	न

सुडोकू : 8173

*आसान

2	9	5	6					
				7		9		
	7				2	8		6
		9	5	3				
	6	3				5	2	
				6	7	4		
5		8	7				3	
		7		8				
					5	1	8	7

खेलने का तरीका: दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8172

3	4	5	8	1	2	6	7	9
6	9	1	7	3	4	2	8	5
7	8	2	5	9	6	4	3	1
2	3	6	1	4	8	5	9	7
5	7	8	6	2	9	1	4	3
4	1	9	3	7	5	8	6	2
1	2	7	4	8	3	9	5	6
9	6	4	2	5	7	3	1	8
8	5	3	9	6	1	7	2	4

नव वर्ष में संकल्प से सुधारिए संबंध

पुराना वर्ष जा रहा है और नया दहलीज पर खड़ा है। यह संबंधों की समीक्षा का समय है। संबंधों में खुशहाली के लिए लगातार कोशिश करनी होती है, लक्ष्य तय करने पड़ते हैं। नए साल में आपके रिश्ते को बेहतर बनाने में कौन-से संकल्प प्रभावी साबित होंगे, बता रही हैं दिव्यानी त्रिपाठी

सोशल मीडिया पर अक्सर 'परफेक्ट कपल' नजर आते हैं। फोटो में मुस्कराते चेहरे, हाथों में हाथ, कॉफी का मग, पीछे दिखते पहाड़, समुद्र वगैरह। इन चमकदार तस्वीरों के पीछे की असल जिंदगी शायद ही कभी दिखती है। यकीन मानिए, आज के समय में रिश्ता एक भावना कम और प्रदर्शन ज्यादा हो गया है। आपका रिश्ता इस जमात का हिस्सा न बनने पाए, इसलिए इसे संवारने के लिए आप दोनों को साथ मिलकर कुछ लक्ष्य तय करने होंगे, ताकि आपके रिश्ते में रूमानियत बढ़े, कसैलापन नहीं।

बेहतर संवाद पर काम

आपसी संवाद और रिश्ते में संतुष्टि के बीच गहरा संबंध है। एक अध्ययन के अनुसार, जिस रिश्ते में साथी अच्छा श्रोता होता है, वहां संबंधों की सफलता की संभावना 14 से बढ़कर 63 फीसदी हो जाती है।

● **क्या करें:** नए साल में साथी के साथ अपने संवाद को बेहतर करने की दिशा में कदम उठाएं। एक-दूसरे को वक्त दें। सप्ताह में एक दिन कुछ घंटे सिर्फ अपने साथी के लिए रखें। एक-दूसरे की छोटी-छोटी बातों पर गौर करें। गुस्से में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें।

आपसी तालमेल जरूरी

आपसी तालमेल को बेहतर बनाने के लिए रिश्ते और घर-परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियां आगे बढ़कर उठाना जरूरी है। रिलेशनशिप कोच इला जैन कहती हैं , 'यह मेरा काम नहीं है, कहकर पल्ला झाड़ लेने से बात नहीं बनेगी। अपनी क्षमता, पसंद के हिसाब से जिम्मेदारियों को साझा करना रिश्ते को बेहतर बनाएगा।'

● **क्या करें:** हर दिन की जिम्मेदारियां आपस में बांट लें या आपसी समझ से बिना किसी भेदभाव के काम में एक-दूसरे का हाथ बंटाएं। कोशिश करें कि आप दोनों के रिश्ते में किसी एक व्यक्ति पर ही जिम्मेदारियों का सारा बोझ न आए।

मिलकर बढ़ेंगे आगे

कोई व्यक्ति आपके लिए तभी उपयुक्त है, जब वह आपके लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने में आपकी मदद करे, न कि उसके बीच अवरोध पैदा करे। आपको समझना होगा कि जब कोई शख्स आपके सपने को कमतर और आपके करिअर को कम तरजीह देता है, तो यकीनन वह आपका सच्चा जोड़ीदार नहीं है।

● **क्या करें:** बेहतर साथी बनने की ओर कदम बढ़ाएं और वह भी साथ-साथ। साथी को प्रेरित करें कि वह अपने सपनों को सच में तब्दील करे।

खामियों को करें नजरंदाज

रिश्ते में सिर्फ खामियां बताना अच्छा नहीं होता है, बल्कि एक अच्छे साथी के तौर पर आपको खुद में वह सोच पैदा करनी होती है कि आप अपने पार्टनर की कमी को नजरअंदाज कर सकें।

● **क्या करें:** साथी की गलती का अहसास करवाना भी हो, तो उसके लिए सही तरीका और मौका चुनें। आपके भीतर भी ढेरों कमियां हैं, जिसे आपका पार्टनर नजरंदाज कर रहा है।

निखरेंगे और निखारेंगे

आपका पार्टनर आपसे कहे कि कितनी मोटी हो गई हो या फिर सुनो तुम तो गंजे हो रहे हो तो, कैसा लगेगा? वहीं यदि आपका साथी आपकी तारीफ करते हुए कहे कि चलो सुबह टहलने चलते हैं तो यकीनन आप उसकी बात को तवज्जो देंगी व बेहतरी का प्रयास करेंगी।

● **क्या करें:** बेहतर बनने में साथी की मदद करें। दोनों में से किसी एक का वजन बढ़ गया है, तो दूसरा उसके साथ टहलना या व्यायाम करना शुरू कर सकता है। समय-समय पर साथी की तारीफ करें। उसके आत्मविश्वास को बढ़ने के लिए भरपूर मौका दें।

रिश्ते में गलत कोई नहीं

जीत-हार, उतार-चढ़ाव हर किसी की जिंदगी में आते हैं। इनके लिए किसी व्यक्ति विशेष को दोषी ठहराना अक्लमंदी नहीं है। इला कहती हैं कि रिश्ते में ब्लेम गेम न खेलें।

● **क्या करें:** उपयोगी न होने के बावजूद साथी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करें। उसे बेहतर करने के लिए प्रेरित करें।

ऐसे तय करें रिश्ते का लक्ष्य

1 खुलकर और सुरक्षित माहौल में बात करें। बातचीत के लिए ऐसा समय चुनें, जब दोनों शांत हों। एक-दूसरे के बारे में कोई राय बनाए बिना बात सुनें। बातचीत के दौरान 'तुम हमेशा ऐसा करते हो' जैसे शब्दों से बचें।

2 व्यक्तिगत व साझा सपनों को समझें। करिअर, परिवार, सेहत, पैसा और भावनाओं को लेकर आप दोनों की क्या उम्मीदें हैं? फिर एक-दूसरे से पूछें कि हम दोनों साथ मिलकर क्या बनाना चाहते हैं?

3 घर-गृहस्थी से जुड़ी अपनी जिम्मेदारियों को आपस में स्पष्ट रूप से बांटें। इससे अपेक्षाओं की टकराहट कम होगी।

4 अपने रिश्ते के लिए छोटे व बड़े दोनों तरह के लक्ष्य तय करें। छोटे लक्ष्य 3-6 माह तक के हो सकते हैं, जिसमें सप्ताह में एक दिन फोन के बिना साथ वक्त बिताना, हर दिन दस मिनट बात करना या हॉबी से जुड़ी कोई चीज करना शामिल हो सकता है। बड़े लक्ष्य एक से पांच साल तक के हो सकते हैं, जिसमें शादी, निवेश, बच्चे के भविष्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हो सकती हैं।

5 अपने रिश्ते के लिए यथार्थवादी लक्ष्य रखें। लक्ष्य ऐसा होना चाहिए, जो दोनों की सहमति से लिया गया हो और जिसे मापा जा सके कि वह पूरा हुआ है या नहीं। जैसे हमें ज्यादा समय साथ बिताना चाहिए जैसा लक्ष्य तय करने की जगह चुनें कि हर रविवार शाम साथ बिताएंगे।

रिश्ते को लेकर बदलता नजरिया

साल बदलने के साथ ही रिश्ते को देखने का हमारा नजरिया भी बदल रहा है। रिश्ते को सिचुएशनशिप, नैनोशिप की कसौटी पर रखने वाली युवा पीढ़ी की सोच में भी बदलाव आ रहा है। आज 10 में से 9 भारतीय युवा क्षणिक संबंधों के बजाय सार्थक रिश्तों को तरजीह दे रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि अलग-अलग पीढ़ियों की लगभग 97 प्रतिशत अविवाहित महिलाओं का कहना है कि वे अब प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देती हैं। जानकारों की मानें तो युवा सतही मुलाकातों की बजाय सार्थक बातचीत को तरजीह दे रहे हैं। वे अपने करिअर, रहन-सहन, पसंद वगैरह पर खुलकर बात कर अपने रिश्ते को बेहतर बनाए रखने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

देखभाल

परवरिश न लगे बोझ जैसी

परवरिश से जुड़ी परेशानियों का समाधान तलाशने के लिए आज के अभिभावक बच्चे की दादी-नानी के पास नहीं, चैट जीपीटी और इंस्टाग्राम के पास जाते हैं। परवरिश के लिए इंटरनेट पर निर्भरता कहां तक सही है, बता रही हैं स्वाति शर्मा

बच्चों की मालिश कैसे करनी है? एआई बताएगा। बच्चे को किस उम्र में क्या खिलाएं? सोशल मीडिया की मॉम इंफ्लूएंसर से पता लगाएंगे। यानी अब पेरेंटिंग का नया दौर शुरू हो चुका है, जहां माता-पिता घर के बड़े-बूढ़ों से सलाह लेने की जगह चैट जीपीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लेने लगे हैं। एक सर्वे की रिपोर्ट बताती है कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली करीब 70% मांएं पेरेंटिंग के लिए ऑनलाइन साधनों का सहारा लेना पसंद करती हैं। अब इस सूची में एआई भी शामिल हो चुका है। एक और सर्वे बताता है कि करीब 65 से 80% युवा माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए एआई पर भरोसा करते हैं।

बदलाव का कारण

दस साल पीछे देखेंगे तो बच्चा होने के बाद अक्सर नई मांएं अपनी मां, सास या किसी तजुर्बेदार महिला या डॉक्टर की सलाह पर निर्भर रहती थीं। महामारी के दौर में ऑनलाइन दुनिया ने ऐसा पैर पसारा कि आज पूरी दुनिया 360 डिग्री पर घूम चुकी है।

बाल मनोवैज्ञानिक व काउंसलर नम्रता सिंह कहती हैं कि इस बदलाव का पहला बड़ा कारण है, एकल परिवार और दूसरा है संवाद में कमी। पहले सब साथ रहते थे, तो बच्चे हाथो-हाथ पल जाते थे। मां को सलाह देने और सहारा देने के लिए घर में कई लोग होते थे। अब माता-पिता अकेले रहते हैं और हर छोटी बात के लिए बड़ों से सलाह नहीं ले पाते। इसलिए वे ऐसे ऑनलाइन माध्यमों को सहारा बनाने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर संचार साधन जितने बढ़ते जा रहे हैं, लोगों का आपस में संवाद उतना ही कम होता जा रहा है। बातचीत की यही कमी हमें घर-परिवार से दूर करने लगती है। फिर हम सामान्य चीजों को कहने या पूछने में भी हिचकिचाने लगते हैं। इसके अलावा मिलने-जुलने वाले कई लोग जजमेंटल भी होते हैं। यानी वह अपने बच्चे से आपके बच्चे की तुलना करते हुए कुछ ऐसा जरूर बोल देते हैं, जिससे नई मां चिंता में पड़ जाती है और अपने सवालों के जवाब के लिए ऐसे साधनों का सहारा लेने लगती हैं।

सीमाओं को समझें

नम्रता आगे कहती हैं, 'एआई आपकी मदद तो कर सकता है, मगर आपको इसकी हदें समझनी होंगी। ये मां को रास्ता तो दिखा सकता है, पर मां नहीं बन सकता। बच्चे की असल जरूरत क्या है, यह मां के तौर पर खुद आपको ही समझना होगा। ऐसे टूल्स पर ज्यादा निर्भर न होते हुए उसे वैसे ही समझने की कोशिश करें, जैसे अब तक मांएं करती आई हैं। परवरिश अपने बच्चे से जुड़ाव को और मजबूत करने का तरीका होता है और इसके बीच किसी टूल को ज्यादा न आने देना ही बेहतर है। माता-पिता का जितना बेहतर समय बच्चे को मिलता है, बच्चे का विकास उतने ही बेहतर तरीके से होता है।'

ये एप करेंगे मदद

● **बेबीजी** : इस एप की मदद से बच्चे के विकास पर नजर रखी जा सकती है। सेहत को समझा जा सकता है और उम्र के आधार पर पेरेंटिंग टिप्स भी जाने जा सकते हैं।

● **पेरेंटलेन** : यह शिशुओं व प्रीस्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बना है। यहां उनके लिए नए तरीके की एक्टिविटी, उनके विकास की चेकलिस्ट और पोषण संबंधी जानकारियां होती हैं।

● **पेरेंटअप**: इसमें एआई की मदद से नोटिफिकेशन जारी होते हैं, जो आपको अपने व्यस्त दिन में सामान्य कामों की याद दिलाते हैं, जैसे बच्चे की दवा का समय हो गया, बच्चे से बात करनी है वगैरह।

रेसिपी

चुटकियों में बनेगा चीला

प्रोटीन से भरपूर सुबह के नाश्ते का विकल्प तलाश रही हैं, तो चीला को अपने नियमित खानपान का हिस्सा बनाइए। यह न सिर्फ झटपट बनता है, बल्कि इसके कई विकल्प भी हैं। चीला की कुछ रेसिपीज बता रही हैं सुरभि पांडेय

मटर का चीला

कितने लोगों के लिए : 2 | कुकिंग टाइम 40 मिनट

सामग्री ● **हरा मटर:** 1 कप ● **बेसन:** 2 चम्मच ● **चावल का आटा:** 2 चम्मच ● **कद्दूकस किया पनीर:** 2 चम्मच ● **बारीक कटी हरी मिर्च:** 1 चम्मच ● **कद्दूकस किया अदरक:** 1 छोटा चम्मच ● **खाने वाला सोडा:** 1/2 चम्मच ● **लाल मिर्च पाउडर:** 1/2 चम्मच ● **जीरा पाउडर:** 1/2 चम्मच ● **नमक:** 1/2 चम्मच ● **तेल:** आवश्यकतानुसार

विधि मटर का चीला बनाने के लिए सबसे पहले मटर को उबाल लें। जब मटर ठंडा हो जाए तो उसे ग्राइंडर में डालकर थोड़े से पानी के साथ पीस लें। इस पेस्ट को एक बोल में डालकर बाकी सारी सामग्री के साथ डालें। मिश्रण में तेल नहीं डालें। इस घोल को अच्छी तरह से मिला लें। अब एक नॉनस्टिक पैन को गर्म करें। इसमें थोड़ा तेल गर्म करें। पैन के बीच में थोड़ा-सा चीला का घोल डालें। एक चम्मच की मदद से घोल को गोल आकार में फैला दें। चीला को दोनों ओर से अच्छी तरह से सेंक लें। अब तैयार चीले को हरी चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

आलू चीला

कितने लोगों के लिए : 2 | कुकिंग टाइम 30 मिनट

सामग्री ● **आलू:** 3 ● **कॉर्न फ्लोर:** 2 चम्मच ● **बेसन:** 2 चम्मच ● **काली मिर्च पाउडर:** 1/2 चम्मच ● **जीरा पाउडर :** 1/2 चम्मच ● **बारीक कटी हरी मिर्च:** 1 ● **बारीक कटा हरा प्याज:** 2 चम्मच ● **नमक:** 1/2 चम्मच ● **तेल:** आवश्यकतानुसार

विधि आलू को धोकर छिलका छील लें। फिर आलू को कद्दूकस कर लें। कद्दूकस किए आलू को पानी में डुबोकर पांच से सात मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद आलू को पानी से निकालें और पानी को पूरी तरह से निचोड़ लें। कद्दूकस किए आलू को एक कटोरी में डालें और उसमें कॉर्न फ्लोर, बेसन, काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, हरी मिर्च, हरा प्याज व नमक मिलाएं। एक पैन गर्म करें और उसमें थोड़ा-सा तेल डालें। पैन के बीच में एक बड़ा चम्मच मिश्रण डालें और उसे मनचाहा आकार देते हुए फैलाएं। हल्का-सा तेल और डालें। मध्यम आंच पर दोनों ओर से इसे सेंकें। फिर इसे चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

मूंग-पालक चीला

कितने लोगों के लिए : 4 | कुकिंग टाइम 50 मिनट

सामग्री ● **बिना छिलके वाली मूंग दाल:** 250 ग्राम ● **दही:** 1/2 कप ● **बारीक कटा पालक:** 50 ग्राम ● **बारीक कटी धनिया पत्ती:** 5 चम्मच ● **बारीक कटी हरी मिर्च:** 2 ● **कद्दूकस किया अदरक:** 1 चम्मच ● **जीरा:** 3/4 चम्मच ● **हल्दी पाउडर:** 1/2 चम्मच ● **लाल मिर्च पाउडर:** 3/4 चम्मच ● **नीबू का रस:** 2 चम्मच ● **नमक:** स्वादानुसार ● **तेल:** आवश्यकतानुसार

विधि मूंग दाल को धोकर चार से पांच घंटे के लिए पानी में भिगो दें। पानी से दाल को निकालें और थोड़ा-सा साफ पानी डालकर इसे बारीक पीस लें। दाल के पेस्ट को एक बड़े बर्तन में डालें और उसमें तेल के अलावा अन्य सभी सामग्री को डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। नमक स्वादानुसार एडजस्ट करें। यह घोल डोसा के घोल जैसा गाढ़ा होना चाहिए। एक नॉनस्टिक पैन को गर्म करें और उसमें हल्का-सा तेल डालें। एक बड़े चम्मच से दाल वाला घोल पैन के बीच में डालें और उसे फैला दें। ऊपर से थोड़ा-सा तेल और डालें। दोनों ओर से सुनहरा होने तक सेंकें। तैयार चीले को मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें।